जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, सोमवार 9 फरवरी, 2026




OSWAL SOAP GROUP
SINCE
ओसवाल
1956
हर रिश्ते का रखे ख्याल...
ओसवाल सोप ग्रुप
VOCAL FOR LOCAL
6 करोड़ परिवारों का विश्वास
क्वालिटी प्रोडक्ट्स की विशाल श्रृंखला
जब अपने घर का हो सवाल, तो सिर्फ ओसवाल
70
वर्षों का विश्वास
5Ltr. 1Ltr. मूंगफली तेल
1Ltr. 5Ltr. 500ml कच्ची घानी तेल
1Ltr. 5Ltr. 500ml रिफाइंड सोयाबीन तेल
1Ltr. रिफाइंड सोयाबीन तेल पाउच
1kg बासमती चावल
1kg ओसवाल चावल
800g पोहा
1kg चाय पत्ती
250g डस्ट चाय
1kg देसी खांड
1kg धागा मिश्री
500g हल्दी पाउडर
1kg मिर्च पाउडर
500g धनिया पाउडर
1kg जीरा
1kg सोया चंक्स
1kg मैज स्टार्च पाउडर
1kg सैंधा नमक
1kg काला नमक
1kg मूंग दाल
1kg हरी मूंग दाल
1kg उड़द धुली दाल
1kg तूअर दाल
1kg चना दाल
1kg काबुली चना
साँभर मसाला
चना मसाला
रायता मसाला
चाट मसाला
गरम मसाला
पाव भाजी मसाला
250ml अल्कलाइन वॉटर
ओसवाल सोप
1kg
1kg व्हाइट सोप
1kg मल्टीकलर सोप
1kg वॉशिंग पाउडर
1kg डिटर्जेंट पाउडर डिटर्जेंट केक
1Ltr. डिटर्जेंट लिक्विड
500ml डिशवॉश लिक्विड
1kg डिशवॉश टब डिशवॉश केक
100g बाथ सोप
75g ग्लिसरिन बाथ सोप
250ml लिक्विड हैंड वॉश
200ml शॉवर जैल
500ml ग्लास क्लीनर
1Ltr. टॉयलेट क्लीनर
पशु आहार
8000
नीरवी पशु आहार
हैप्पी टच फ्लोर वाइपर
फूल झाड़ू
1Ltr. फ्लोर क्लीनर
50g अगरबत्ती धूपबत्ती
250gm नेप्थलीन बॉल्स
Oswal
ओसवाल सोप ग्रुप
अधिक जानकारी के लिए
+91 91161 71956, 96802 01956 पर कॉल करें
विपणन :
उत्तम चन्द देसराज
अब घर बैठे मँगवाये ओसवाल उत्पाद
OswalSoap.com पर जाएं या
स्कैन करें और ओसवाल ऐप डाउनलोड करें
GET IT ON Google Play
नकली माल से सावधान

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



They Were Originally Rejected

Statue of liberty was originally conceived as a lighthouse and symbol of freedom, but not for the U.S. French sculptor Frédéric Auguste Bartholdi made it for the entrance of the Suez Canal in Egypt

Aaja Re Aa Zara...

The 24 Churches Of The Catholic Church

# आतंकवाद पर "नो डबल स्टैंडर्ड्स, नो कंप्रोमाइज"- प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया के सीएम इब्राहिम के साथ संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित किया

■ प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मलेशिया में भारतीय श्रमिकों के लिए सोशल सिक्यूरिटी एग्रीमेंट, पर्यटन के लिए ग्रेटिस ई-वीजा तथा डिजिटल इंटरफेस यूपीआई लागू किया जायेगा।

पुत्राजाया, 08 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया दौरे के दूसरे दिन कहा कि मलेशिया में भारत के श्रमिकों के संरक्षण के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, पर्यटन के लिए ग्रेटिस ई-वीजा तथा डिजिटल इंटरफेस यूपीआई का मलेशिया में लागू होना जैसे कदम दोनों देशों के नागरिकों के जीवन को सरल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। भारत और मलेशिया शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करते रहेंगे और आतंकवाद के मुद्दे पर दोनों देशों का संदेश स्पष्ट है- नो डबल स्टैंडर्ड्स, नो कंप्रोमाइज़।

मलेशिया की प्रशासनिक और न्यायिक राजधानी पुत्राजाया में मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया के संबंध अत्यंत विशेष हैं। दोनों देश समुद्री पड़ोसी हैं और सदियों से उनके लोगों के बीच गहरे और आत्मीय संबंध रहे हैं। आज मलेशिया भारतीय मूल की आबादी वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है, जो दोनों देशों के बीच मानवीय रिश्तों की मजबूती को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष वह आसियान से जुड़े कार्यक्रम के लिए मलेशिया नहीं आ पाए थे, लेकिन आज वर्ष 2026 की पहली विदेश यात्रा में मलेशिया आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। बीते कुछ वर्षों में भारत-मलेशिया संबंधों ने नई गति पकडी है, जिसमें प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम का विशेष योगदान रहा है।

सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और मलेशिया काउंटर टेररिज्म, इंटेलिजेंस शेयरिंग और समुद्री सुरक्षा में आपसी सहयोग को और मजबूत करेंगे। रक्षा सहयोग को भी और व्यापक बनाया जाएगा। एआई और डिजिटल टेक्नोलॉजी के अलावा सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और मलेशिया को तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भी जोड़ता है। मलेशिया में तमिल की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

मलेशिया की दो दिन की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके मलेशियाई समकक्ष अनवर इब्राहिम के बीच व्यापक वार्ता के बाद रविवार को यहां इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की मौजूदगी में दोनों देशों के बीच कुल 10 समझौता ज्ञापन , पत्रों का आदान-प्रदान और नोट्स का आदान-प्रदान हुआ।

# नोएडा में धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करते दो गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा, 08 फरवरी। उत्तर प्रदेश में जिला गौतमबुद्धनगर परिक्षेत्र ग्रेटर नोएडा बीटा दो थाना पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रविवार को ऐच्छर क्षेत्र में सूचना मिलने के बाद की गई। पुलिस ने आज यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एक गांव में कुछ लोग महिलाओं एवं पुरुषों को एकत्र कर

■ आरोपी एक गांव में महिलाओं व पुरुषों को एकत्र कर धर्म परिवर्तन का लालच दे रहे थे।

विशेष धर्म का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए लालच दिया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बीटा दो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जांच में सामने आया कि टैक्सी चालक सुरेश, उसकी पत्नी एवं साली तथा ऐच्छर निवासी चंद्रकरण द्वारा कुछ महिलाओं को एकत्र कर ईसाई धर्म के बारे में जानकारी दी जा रही थी और उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा था। पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरेश पुत्र शंकर लाल, निवासी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार के रूप में उभरे तारिक रहमान

## "डार्क प्रिंस" के नाम से मशहूर तारिक रहमान हाल ही में 17 साल के स्व निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे हैं

■ बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया के बड़े बेटे हैं, जिनका हाल में निधन हो गया था। बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी की स्थापना तारिक के पिता जनरल ज़िया उर्र रहमान ने की थी।

■ खालिदा ज़िया की मृत्यु के बाद रहमान औपारिक रूप से बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बन गए थे।

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 8 फरवरी। बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति ज़ियाउर रहमान और तीन बार की प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया के बेटे तारिक़ रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदार के रूप में उभरे हैं। वे 17 वर्षों के स्व-निर्वासित जीवन के बाद देश लौटे हैं।

तारिक़ रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) 12 फ़रवरी को होने वाले चुनावों में सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही है, जिससे उनके अगले प्रधानमंत्री बनने की संभावना काफ़ी मज़बूत मानी जा रही है। 350 सांसदों के ये चुनाव, शेख़ हसीना सरकार के पतन के बाद, लंबे समय तक चले राजनीतिक संकट के बाद हो रहे हैं।

तारिक़ रहमान पूर्व राष्ट्रपति ज़ियाउर रहमान और तीन बार की प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया के सबसे बड़े बेटे हैं। उनकी वापसी ऐसे समय में हुई है, जब देश व्यापक राजनीतिक अशांति, हिंसा और अंतरिम सरकार की भूमिका को लेकर बहसों से जूझ रहा है।

उनके पिता जनरल ज़ियाउर रहमान ने 1 सितंबर 1978 को बीएनपी की स्थापना की थी। उन्होंने बांग्लादेश की मुक्ति में अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तानी सेना से मुक्त कराए गए क्षेत्र रौमारी में पहली असैन्य प्रशासनिक व्यवस्था भी स्थापित की थी।

खालिदा ज़िया के निधन के कुछ ही दिनों बाद, दिसंबर 2025 में तारिक़ रहमान ने औपचारिक रूप से बीएनपी के चेयरमैन का पद संभाला। इससे पहले वे पार्टी के कार्यकारी चेयरमैन के रूप में काम कर रहे थे।

तारिक़ रहमान को अक्सर 'डार्क प्रिंस' कहा जाता है और माना जाता है कि 2001 से 2006 के बीच वे सत्ता के वास्तविक केन्द्र थे। उस समय बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी बाँग्लादेशी के गठबंधन की सरकार सत्ता में थी और खालिदा ज़िया प्रधानमंत्री थीं।

उस दौर में, तारिक़ रहमान का ठिकाना 'हवा भवन' था, जो दो मंज़िला इमारत थी और जिसमें एक 'विंड टनल' भी थी। काग़ज़ों में यह उनका कार्यालय था, लेकिन इसे एक तरह से "शैडो पीएमओ" माना जाता था।

2006 से 2008 के बीच का समय हिंसक सिविल अशांति से भरा रहा। बीएनपी और अवामी लीग के बीच उस चुनाव को लेकर टकराव हुआ, जो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वामपंथी दल 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे

## केन्द्र सरकार द्वारा लाई गई चार श्रम संहिताओं को रद्द करने के लिए हड़ताल का आव्हान किया गया है

■ वामपंथी दलों का आरोप है कि नए श्रम कानूनों में श्रमिकों को ईएसआई, पीएफ, ग्रेच्युटी व पेंशन जैसे सामाजिक सुरक्षा लाभों से वंचित किया जायेगा।

हैदराबाद, 08 फरवरी। तेलंगाना में वामपंथी दलों ने श्रमिकों और आम जनता से 12 फरवरी को निर्धारित राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में बड़ी संख्या में भाग लेने का आ ान किया है और श्रमिक संघों के घोषित विरोध को पूरा समर्थन दिया है।

वामपंथी दलों ने रविवार को यहां जारी बयान में कहा कि हड़ताल का आयोजन भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से लाये गये चार श्रम संहिताओं को रद्द करने की मांग को लेकर किया जा रहा है। दलों ने आरोप लगाया कि ये मजदूर विरोधी और कॉर्पोरेट के पक्ष में हैं।

उन्होंने बिजली संशोधन अधिनियम 2025, वीबी जी राम जी अधिनियम, बीज संशोधन विधेयक को वापस लेने की भी मांग की और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी जाने वाली नीति को भी वापस लेने की मांग की। वामपंथी दलों ने इन्हें जनविरोधी करार दिया है।

दलों ने आरोप लगाया कि 29 मौजूदा श्रम कानूनों की वापसी और चार नये श्रम संहिताओं की पेशकश से श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा लाभों, जैसे ईएसआई, पीएफ, ग्रेच्युटी और पेंशन से वंचित किया जायेगा, साथ ही कई राज्यों में नौकरी की सुरक्षा में कमी आयेगी और काम के घंटों में वृद्धि होगी।

उन्होंने दावा किया कि बिजली संशोधन विधेयक के परिणामस्वरूप बिजली की दरें बढ़ जायेंगी और स्मार्ट मीटर लगाने व क्रॉस-सब्सिडी को समाप्त करने से किसानों और गरीबों को मिलने वाली मुफ्त एवं रियायती बिजली पर संकट खड़ा हो जायेगा, साथ ही यह संघीय सिद्धांतों को भी कमजोर करेगा।

वामपंथी दलों ने बीज संशोधन विधेयक पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे बीजों की कीमतों का नियंत्रण निजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हाथों में चला जायेगा, जिससे खेती की लागत में भारी बढ़ ोतरी होगी। उन्होंने एलआईसी में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का भी विरोध किया और चेतावनी दी कि यह जनहित के ऊपर विदेशी कंपनियों के मुनाफे को प्राथमिकता देगा।

# नक्सलवाद उन्मूलन की प्रगति व रणनीति पर समीक्षा बैठक

रायपुर, 08 फरवरी। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के पूर्ण खात्मे को लेकर निर्णायक दौर की शुरुआत हो चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज रायपुर स्थित मेफेयर होटल में वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ एक अहम

■ गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन की समय सीमा 31 मार्च 2026 घोषित की हुई है।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में इंटेलिजेंस इनपुट्स की गहन समीक्षा के साथ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, चल रहे अभियानों की प्रगति और आगे की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन की तय समयसीमा 31 मार्च 2026 है, जिसमें अब केवल 51 दिन शेष हैं। ऐसे में यह बैठक बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। माना जा रहा है कि यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नक्सल विरोधी अभियान में 25 लाख का ईनामी कमांडर प्रभाकर मारा गया

## अबुझमाड़ के जंगल में भीषण मुठभेड़ में 7 नक्सली मारे गए, एक जवान शहीद हुआ

■ सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरु कर दी, सुरक्षाबलों ने गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया।

गढ चिरौली/रायपुर, 08 फरवरी। महाराष्ट्र के गढ़ चिरोली जिले में सुरक्षाबलों ने अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक को अंजाम देते हुए नक्सलियों की कमर तोड़ दी है। आज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 6 और 7 फरवरी को चली इस भीषण मुठभेड़ में पुलिस की सी-60 कमांडो यूनिट ने 25 लाख रुपये के इनामी टॉप नक्सली कमांडर प्रभाकर सहित कुल 7 नक्सलियों को मार गिराया है। इस साहसिक ऑपरेशन में सी-60 के एक बहादुर जवान दीपक चिन्ना मडावी देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देते हुए शहीद हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, खुफिया एजेंसियों से सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ सीमा से सटे अबुझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों का एक बड़ा दल और कंपनी नंबर 10 के सदस्य सक्रिय हैं। इसके बाद गढ़ चिरोली पुलिस की विशेष यूनिट सी -60 और सीआरपीएफ की टुकड़ियों ने 3 फरवरी की रात से ही नारायणपुर-गढ़ चिरोली सीमा के पास फोड़ेवाड़ा गांव के जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

अभियान के दौरान नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

6 फरवरी शुक्रवार को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और कुछ नक्सलियों के शव बरामद किए। 7 फरवरी शनिवार को भी सर्च ऑपरेशन जारी रहने पर कुल मारे गए नक्सलियों की संख्या 7 हो गई, जिसमें 4 पुरूष व 3 महिलाएं शामिल हैं।

मारे गए नक्सलियों में सबसे बड़ा नाम प्रभाकर उर्फ लोकेटी चंदर राव का है। वह तेलंगाना के कामारेड्डी का रहने वाला था और नक्सलियों की गढ़ चिरोली डिवीजनल कमेटी का प्रभारी था। उस पर सरकार ने 25 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। उसका मारा जाना नक्सली संगठन के लिए एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है।

इस ऑपरेशन में सी -60 यूनिट के कमांडो दीपक चिन्ना मडावी (38 वर्ष) ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने दो नक्सलियों को ढ ेर कर दिया, लेकिन गोलीबारी के दौरान वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान वे शहीद हो गए। वहीं, एक अन्य जवान जोगा मडावी घायल हैं, जिनका इलाज जारी है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

घटनास्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं, जिनमें 3 एके-47 राइफल ,1 एसएलआर , 1 .303 राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद और नक्सली साहित्य शामिल हैं।

गढ़ चिरोली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन बेहद दुर्गम इलाके में तीन दिन और तीन रात तक चला। पुलिस इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक निर्णायक प्रहार मान रही है। प्रशासन ने शहीद जवान दीपक मडावी को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# दलाई लामा कभी एपस्टीन से नहीं मिले

नई दिल्ली, 08 फरवरी। आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के कार्यालय ने हाल के दिनों में सामने आई मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें तथाकथित एपस्टीन फाइल्स के जरिए दलाई लामा को अमेरिकी फाइनेंसर जेफरी एपस्टीन से जोड़ने की

■ उनके कार्यालय ने दलाई लामा को एपस्टीन से जोड़ने की सोशल मीडिया रिपोर्ट्स को तथ्यहीन बताया।

कोशिश की जा रही थी।

दलाई लामा के कार्यालय की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, एप्स्टीन फाइलों से संबंधित कुछ हालिया मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों में दलाई लामा को जेफरी एपस्टीन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। हम स्पष्ट रूप से पुष्टि करते हैं कि उन्होंने कभी भी जेफरी एपस्टीन से मुलाकात नहीं की है और न ही उन्होंने अपनी ओर से किसी को भी उनसे मिलने या बातचीत करने की अनुमति दी है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है कि हालिया मीडिया रिपोर्टें और सोशल मीडिया पोस्ट्स भ्रामक और तथ्यहीन हैं, जिनका उद्देश्य दलाई लामा की छवि को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाना है। यह प्रेस स्टेटमेंट 8 फरवरी 2026 को दलाई लामा के मुख्यालय थेकचेन चोएलिंग, मैक्लॉडगंज, धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) से जारी किया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि एपस्टीन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# संघ निर्देश देगा तो पद छोड़ दूंगा- भागवत

## उन्होंने कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला हमेशा हिन्दू होगा, जाति कुछ भी हो

■ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा "मैंने 75 साल पूरे करने की जानकारी आरएसएस को दे दी, संगठन ने मुझे काम करते रहने को कहा है।"

■ भागवत ने कहा कि आरएसएस में समुदाय आधारित प्रतिनिधित्व नहीं है और स्वयंसेवक अपने काम के आधार पर आगे बढ़ते हैं।

नई दिल्ली, 08 फ़रवरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ ने उनसे उम्र के बावजूद काम जारी रखने को कहा है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि जब भी संगठन उन्हें ऐसा करने का निर्देश देगा, वह पद छोड़ देंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति हमेशा हिंदू होगा, चाहे उसकी जाति कुछ भी हो। भागवत ने इशारा किया कि शीर्ष पद सबसे अच्छे उम्मीदवार को मिलेगा। आरएसएस की शताब्दी मनाने के लिए एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ बातचीत सत्र के दौरान सवालों का जवाब देते हुए भागवत ने कहा, "आरएसएस प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता है। क्षेत्रीय और मंडल प्रमुख, प्रमुख की नियुक्ति करते हैं। आम तौर पर कहा जाता है कि 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर रहे बिना काम करना चाहिए।"

उन्होंने कहा, "मैंने 75 साल पूरे कर लिए हैं और आरएसएस को इसकी जानकारी दे दी है, लेकिन संगठन ने मुझसे काम जारी रखने को कहा है। जब भी आरएसएस मुझसे पद छोड़ने को कहेगा, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन काम से रिटायरमेंट कभी नहीं होगा।"

भागवत ने कहा कि आरएसएस में समुदाय आधारित प्रतिनिधित्व नहीं है और स्वयंसेवक अपने काम के आधार पर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने आगे कहा कि संघ प्रमुख को हिंदू होना चाहिए, चाहे वह किसी भी जाति का हो।

उन्होंने बताया कि जब आरएसएस की स्थापना हुई थी तो इसका काम ब्राह्मण बहुल समुदाय में शुरू हुआ था और इसलिए, इसके ज्यादातर संस्थापक ब्राह्मण थे, जिसके कारण उस समय संगठन को ब्राह्मण संगठन कहा जाने लगा था। उन्होंने कहा कि लोग हमेशा ऐसी संस्था ढ ूंढ ते हैं जिसमें उनके समुदाय के प्रतिनिधि हों।

भागवत ने कहा कि वह इस बात पर पक्का जवाब नहीं दे सकते कि संघ प्रमुख एससी या एससी बैकग्राउंड से होगा या नहीं, क्योंकि यह फैसला उन्हें करना है जो प्रमुख को नियुक्त करते हैं।

उन्होंने कहा, "अगर मुझे किसी प्रमुख को चुनना होता तो मैं सबसे अच्छे उपलब्ध उम्मीदवार के मानदंड को देखता। जब मुझे आरएसएस प्रमुख नियुक्त किया गया था तो कई सबसे अच्छे उम्मीदवार थे, लेकिन वे उपलब्ध नहीं थे। मैं ही वह था जिसे ड्यूटी से मुक्त करके नियुक्त किया जा सकता था।" उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति समुदायों से होना कोई अयोग्यता नहीं है और न ही ब्राह्मण होना आरएसएस प्रमुख बनने की कोई योग्यता है।

# होली पर दिल्ली से 108 स्पेशल ट्रेन चलेंगी

नई दिल्ली, 08 फरवरी। होली के त्योहार के दौरान कन्फर्म ट्रेन टिकट नहीं मिल रहे हैं। 15 फरवरी के बाद, ज्यादातर रूट, खासकर पूर्व की ओर जाने वाले, में लंबी वेटिंग लिस्ट है। यहां तक कि मौजूदा ट्रेनें भी पूरी तरह बुक हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, नॉर्दर्न रेलवे ने 108 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इनमें से ज्यादातर ट्रेनें दिल्ली से चलेंगी, जिससे एनसीआर क्षेत्र के यात्रियों के लिए घर जाना आसान हो जाएगा। रेलवे स्टेशनों पर भीड़ मैनेजमेंट के लिए जरूरी इंतजाम किए जाएंगे।

नॉर्दर्न रेलवे के जनरल मैनेजर अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि यह

■ देश की राजधानी से विशेषकर पूर्व की ओर जाने वालों के लिए नार्दर्न रेलवे ने यह निर्णय लिया।

सुनिश्चित करने के लिए ज़रूरी कदम उठाए जा रहे हैं कि होली के दौरान यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इंडियन रेलवे ने 1410 होली स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इनमें से 108 ट्रेनें दिल्ली और नॉर्दर्न रेलवे जोन के तहत आने वाले दूसरे स्टेशनों से चलेंगी।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि हर रूट पर भीड़ की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। जरूरत के हिसाब से स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की जाएगी।

रेलवे ने हजरत निजामुद्दीन और दुर्ग के बीच एक होली स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है। स्पेशल ट्रेन नंबर 08751, 1 और 2 मार्च को सुबह 10:45 बजे दुर्ग से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 11:10 बजे हज़रत निज़ामुद्दीन पहुंचेगी। वापसी में, स्पेशल ट्रेन नंबर 08752, 2 और 3 मार्च को दोपहर 12:30 बजे हजरत निजामुद्दीन से रवाना होगी और अगले दिन शाम 6:20 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

# दिल्ली के फ्लाई ओवर पर कार में तीन शव मिले

नई दिल्ली, 08 फरवरी। दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाई ओवर पर एक कार से 3 लोगों के शव बरामद हुए हैं। पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच में जुटी हुई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, टवेरा कार में से 3 लोगों के

■ पीरागढ़ी फ्लाई ओवर पर मिले शवों की मौत का कारण जहरीले पदार्थ का सेवन माना जा रहा है।

शव मिले हैं। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, फायर टीम को लावारिस कार मिलने की सूचना मिली थी। टीम जब मौके पर पहुंची तो कार में तीन लोग मृत पाए गए ,जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घटना की छानबीन शुरू की गई है।

सूत्रों के मुताबिक, तीनों के जहरीला पदार्थ खाकर सुसाइड करने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुःखी होता है। -अज्ञात

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोज़गार परिदृश्य

इन दिनों भारत के पढ़े लिखे तबके में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की चर्चा खूब हो रही है। जो तकनीक सक्षम हैं वे तरह-तरह से इसका प्रयोग कर रहे हैं और उनकी चर्चाओं में इसकी अपार क्षमताओं की बातें होती हैं। हरेक अपने अनुभव साझा करता है और भविष्य की कल्पनाएं भी करता है कि तकनीक के इस करिश्मे से और क्या-क्या हो सकेगा। साहित्य की दुनिया में हर मुद्दे को लपक कर हास्य व्यंग्य के मैदान में खींच ले जाने वाले महारथी इस मानवीय करिश्मे की हास्यास्पद चर्चाएं करके खुश हैं। उन्हें एक नया विषय मिल गया जिसे वे उस समय तक चींथते रहेंगे जब तक कि उन्हें कोई और नया विषय नहीं मिल जाता। वैसे सारे हास्य व्यंग्यकार ऐसा कर रहे हैं, यह मान लेना ग़लत होगा। बहुतों ने इसका बेहतरीन उपयोग भी किया है, पर वे हैं अल्पमत में। हमारे समाज का एक बड़ा तबका ऐसा भी है जो हालांकि इस तकनीक के बारे में बहुत ज़्यादा नहीं जानता है लेकिन सुनी-सुनाई बातों के आधार पर निष्कर्ष निकालने का अभ्यस्त है और इसी अभ्यास के चलते वह इस बात से भयभीत है कि यह नई तकनीक देश (और दुनिया) में बेरोज़गारी की सुनामी ले आएगी। उनके भय को देखते हुए लगता है जैसे बस, कुछ ही समय में सारी आबादी बेरोज़गार हो जाएगी।

वैसे, इस तरह की आशंका कोई नई बात नहीं है। जब भी नया कुछ आता है हम भयभीत हो उठते हैं। 19वीं शताब्दी में जब मशीनें आईं तो उन्होंने हाथ से काम करने वालों को प्रभावित किया। यह तो बहुत ताज़ा बात है कि जब भारत में कम्प्यूटर आया तो तत्कालीन प्रतिपक्ष ने (जो आज सत्ता में है) इसका प्रबल विरोध किया था, और विरोध का तर्क यही था कि इससे बेरोज़गारी बढ़ेगी। इस बात को मान भी लिया जाना चाहिए कि जब भी नया कुछ आता है उसका असर पड़ता ही है। कम्प्यूटर के साथ डेस्कटॉप पब्लिशिंग भी आया और उसने उन कम्पोज़ीटरों को बेरोज़गार कर दिया जो हाथ से कम्पोज़ किया करते थे। बैंकों ने एटीएम लगाए तो बहुत सारे कर्मचारियों की छंटनी हो गई। एक समय था जब हर कस्बे और शहर में कैसेट्स में गाने भरकर देने वाली दुकानें हुआ करती थीं। फिर वह समय आया जब एसटीडी बूथ खूब खुले। फिर मोबाइल रिचार्ज करने वालों ने अच्छी कमाई की। एक-एक करके ये सारे धंधे ख़त्म हुए। निश्चय ही इसका असर उन लोगों पर पड़ा होगा जो इन कामों से पैसा कमा रहे थे। लेकिन हम यह कैसे भूल सकते हैं कि एक व्यवसाय ख़त्म होता है तो दो नए व्यवसाय पैदा भी होते हैं। बस, जो लोग नए व्यवसाय के लिए तैयार होते हैं वे तुरंत एक वाहन से उतर कर दूसरे में सवार हो जाते हैं, और जो तैयार नहीं होते हैं वे बेरोज़ागारी के शिकार हो जाते हैं।

कृत्रिम बुद्धि के कारण रोज़गार के नए अवसर बढ़ेंगे या बेरोज़गारी फैलेगी - इन सवालों का कोई दो टूक उत्तर नहीं हो सकता है। असल में यह बहुत जटिल मामला है। सारी दुनिया में इस पर गंभीर अध्ययन और विमर्श चल रहा है। विश्व आर्थिक मंच की फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार सन 2030 तक वैश्विक श्रम बाज़ार में बड़े बदलाव आ सकते हैं। इन बदलावों के चलते तकनीकी प्रगति विशेष रूप से एआई, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन नौकरियों के सृजन और विकास दोनों को प्रभावित करेंगे। इस रिपोर्ट में यह कहा गया है कि एआई और बिग डेटा जैसे कौशल तेज़ी से बढ़ने वाले क्षेत्र होंगे जबकि प्रशासनिक और क्लर्कीय भूमिकाएं घट सकती हैं। गोल्डन सैक्स की एक रिपोर्ट कहती है कि एआई वैश्विक स्तर पर 300 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों को प्रभावित कर सकती है और अमरीका और यूरोप में काम के एक चौथाई हिस्से को ऑटोमेट कर सकती है। मैकिंसे ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट कहती है कि सन 2030 तक एआई कम से कम 14 प्रतिशत वैश्विक कर्मचारियों के लिए उनका कैरियर बदलने की ज़रूरत पैदा कर सकती है। लेकिन इसी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एआई नए क्षेत्रों में लाखों नौकरियां सृजित भी करेगी। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट में भी कहा गया है कि एआई और ऑटोमेशन 2028 तक विश्व स्तर पर 69 मिलियन नई नौकरियां सृजित करेंगे। मंच की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और वित्तीय क्षेत्रों में एआई के कारण डायग्नोस्टिक्स, व्यक्तिगत शिक्षा और फ्रॉडडिटेक्शन जैसे कामों में सुधार हो रहा है और इस कारण नए जॉब सृजित हो रहे हैं। मैकिंसे की रिपोर्ट में बताया गया है कि एआई से 4.4. ट्रिलियन डॉलर की अतिरिक्त उत्पादकता वृद्धि हो सकती है। लेकिन पूरी तस्वीर इतनी भी मोहक नहीं है। अगर हम यूएस ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स की 2025 की रिपोर्ट देखें तो वहां यह जानकारी मिलती है कि एआई कुछ व्यवसायों में बेशक उत्पादकता और रोज़गार बढ़ाएगी लेकिन कम्प्यूटर, कानूनी व्यवसाय और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में रोज़गार वृद्धि को कम या सीमित भी कर सकती है। एक अन्य अध्ययन में यह डरावनी बात भी कही गई है कि जब एआई किसी जॉब के अधिकांश कार्यों को सम्हाल लेती है तो उस भूमिका में कर्मचारियों की संख्या 14 प्रतिशत तक कम हो सकती है।

> **इन सारी रिपोर्ट्स का सार यह है कि एआई का असर रोज़गार पर पड़ना निश्चित है। कुछ रोज़गारों के चेहरे बदलेंगे, कुछ नए रोज़गार पैदा होंगे और कुछ लोग बेरोज़गार भी होंगे। यह असर विकसित देशों में कम होगा क्योंकि वे तकनीक सक्षम हैं और उनके यहां शिक्षा के हालत बेहतर हैं, लेकिन इस बदलाव का असर विकासशील देशों के रोज़गार पर ज़्यादा पड़ेगा।**

इन सारी रिपोर्ट्स का सार यह है कि एआई का असर रोज़गार पर पड़ना निश्चित है। कुछ रोज़गारों के चेहरे बदलेंगे, कुछ नए रोज़गार पैदा होंगे और कुछ लोग बेरोज़गार भी होंगे। यह असर विकसित देशों में कम होगा क्योंकि वे तकनीक सक्षम हैं और उनके यहां शिक्षा के हालत बेहतर हैं, लेकिन इस बदलाव का असर विकासशील देशों के रोज़गार पर ज़्यादा पड़ेगा।

अब हम थोड़ी चर्चा भारत की भी करें। गोल्ड्मैनसैक्स की रिपोर्ट कहती है कि 2027 तक भारत का एआई सेक्टर 2.3 मिलियन से अधिक नौकरियां पैदा कर सकता है, लेकिन उपलब्ध प्रतिभा पूल केवल 1.2 मिलियन तक ही पहुंच सकता है इस कारण 1 मिलियन से अधिक प्रतिभा की ज़रूरत बनी रह सकती है। इसका सीधा अर्थ यह है कि रोज़गार तो होंगे लेकिन उनको कर सकने योग्य लोग हमारे पास नहीं होंगे। स्वभावतः जिन्हें रोज़गार की तलाश है, समुचित प्रशिक्षण न होने से वे बेरोज़गार रह जाएंगे। बहुत सारे अध्ययनों ने यह बताया है कि भारत में एआई की वजह से खूब नई नौकरियां उत्पन्न होंगी। जैसे यही देखें कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार के अनुसार भारत में एआई के कारण सन 2030 तक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 1 मिलियन नई नौकरियां पैदा होंगी। इसी तरह मैकिंसे ग्लोबल इंस्टीट्यूट के अनुमान के अनुसार सन 20235 तक एआई भारत पर 15.7 ट्रिलियन का प्रभाव डालेगा और 2025 तक आईटी सेक्टर में एआई से सम्बद्ध 1 मिलियन नौकरियां पैदा होंगी।

लेकिन अगर आप इससे यह समझ रहे हैं कि तस्वीर बहुत खुशनुमा है तो यह भी जान लीजिए कि टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो जैसी कम्पनियों ने 2024-25 में 60 हज़ार से ज़्यादा कर्मचारियों की छंटनी की है और इसका मुख्य कारण एआई है। अर्न्स्ट एण्ड यंग (ईवाय) की रिपोर्ट बताती है कि भारतीय आईटी सेवा कम्पनियां मुख्यतः एआई और ऑटोमेशन के कारण एण्ट्री लेवल भूमिकाओं में 20 से 25 प्रतिशत की कमी कर रही हैं। गोल्डमैन सैक्स ने भी चेताया है कि एआई 300 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों को प्रभावित कर सकती है और भारत में सन 2030 तक मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 60 मिलियन जॉब्स विस्थापित हो सकते हैं।

असल में भारत का संकट यह है कि हमारे यहां रोज़गार की सम्भावनाएं तो हैं लेकिन उन सम्भावनाओं को लपक लेने की क्षमता वाले कार्मिकों का अभाव है। ईवाय की रिपोर्ट ने ठीक कहा है कि भारत की बड़ी चुनौती टेलेण्टशॉर्टेज है। हमारे केवल 3 प्रतिशत उद्यमों के पास जेनएआई के लिए इन हाउस विशेषज्ञता है और शेष 97 प्रतिशत कर्मचारी टेलेण्ट की कमी के शिकार हैं। ईवाय के अनुसार केवल 51.3 प्रतिशत कॉलेज छात्र नौकरी के काबिल हैं। इससे स्किलगैप बढ़ रहा है।

ये सारे तथ्य बताते हैं कि दुनिया के विकसित देशों की तुलना में भारत के लिए एआई की चुनौती अधिक भयावह है। हम अपनी शिक्षा व्यवस्था को अद्यतन और बेहतर बना कर इस चुनौती को अवसर में भी तब्दील कर सकते हैं। रोज़गार बहुत हैं, ज़रूरत उनकी है जो रोज़गार की अपेक्षाओं पर खरे उतर सकें। अगर हमारे नीति निर्माता शिक्षा के क्षेत्र में अपने अतीतोन्मुखी एजेण्डा को लागू करने का मोह छोड़ कर उसे भविष्योन्मुखी शक्ल में ढाल सकें तो एआई हमारे लिए एक वरदान साबित होगी। इण्डिया एआई मिशन और नीति आयोग के रोडमैप जॉब क्रिएशन को पूरी ईमानदारी से सक्रिय बनाए रखकर हम अपने युवाओं के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। अगर हम ऐसा कर सके तो भारत दुनिया का एआई हब भी बन सकता है। बस, ज़रूरत है शिक्षा, निवेश और नैतिक फ्रेमवर्क की।

-अतिथि संपादक
डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल
(शिक्षाविद और साहित्यकार)

# जनगणना : 2001 बनाम 2027
# आपदा में अवसर : चुनावी चक्कर



राम निवास बैरवा

'आपदा में अवसर' का नारा कोविड महामारी के समय से ही काफी प्रचलित रहा है- अब इसका मतलब लाशों में जीवित व्यक्तियों को ढूंढना हो या लाशों पर महल बनाना हो।

2020 की उस महामारी के चलते 2021 की प्रस्तावित जनगणना को स्थगित कर दिया गया था। उसके बाद 'जातिगत जनगणना' सामाजिक सांखिकी की दृष्टि से कम और राजनीतिक दृष्टि से ज्यादा प्रचारित की गयी थी। दस वर्षीय आम जनगणना सामाजिक सांख्यिकी के हिसाब से बहुत ही महत्वपूर्ण रही है। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान 1941 की जनगणना को स्थगित नहीं किया गया था, लेकिन 2021 की आम जनगणना जो कि कोविड प्रकोप के एक साल बाद की जानी थी, को स्थगित कर दिया गया था- वह भी एक प्रकार की आपदा थी?

मैंने 2013 में "इंडिया, देट इज भारत- संवैधानिक भारत- एक समीक्षा" नामक पुस्तक प्रकाशित करवायी थी। उसमें संविधान के अनुच्छेद 81 का संदर्भ देते हुए लिखा था- "...अनुच्छेद 81 को लगातार संशाधित करके संसद और विधानसभाओं में प्रतिनिधि सदस्यों की संख्या फिलहाल 60 वर्षों के लिए (1971-2031 तक) सीमित कर दी गयी है, जबकि मूल प्रावधान पांच से साढ़े सात लाख की जनसंख्या पर एक लोकसभा के सदस्य के हिसाब से प्रतिनिधित्व देना था।" इसका मतलब अनुच्छेद 81 (3) के परन्तुक के अनुसार सन् 2026 के बाद की जनगणना के आंकड़े प्रकाशित होने के बाद लोकसभा के चुनावी क्षेत्रों का परिसीमन किया जाना निश्चित था, यानि कि 2031 की जनगणना के बाद 2032-33 में ही उक्त परिसीमन संभव होता।

लेकिन, 2031 की जनगणना के बाद 2032-33 तक परिसीमन का इन्तजार क्यों किया जाये, सत्ता पर अधिकार की निरन्तरता दांव पर लगी हो? इसलिए 2034, के सम्भावित लोकसभा चुनावों के पहले 2029 के संभावित लोकसभा चुनावों से पहले ही क्यों ना चुनावी क्षेत्रों का परिसीमन कर दिया जाये। अगर 2021 में जनगणना करवाई जाती तो लोकसभा चुनाव क्षेत्रों का परिसीमन 2032-33 में ही संभव हो पाता। इसीलिए 2021 की आम जनगणना नहीं करवाई गई। 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों को देखते हुए यह तय किया गया कि 2031 से पहले ही आम जनगणना करवा ली जाये ताकि 2029 के चुनावों से पहले ही लोकसभा के चुनावी क्षेत्रों का परिसीमन कर दिया जाये। इस का परिणाम यह होना तय है कि जनसंख्या के आधार पर उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्यप्रदेश जैसे अधिक जनसंख्या वाले राज्यों के हिस्से में लोकसभा के चुनावी क्षेत्रों की संख्या अधिक आयेगी। इसकी तुलना में दक्षिण भारत के राज्यों के हिस्से में लोकसभा की कम सीटें मिलेंगी। इसका परिणाम यह होगा कि लोकसभा में उत्तरी भारत के राज्यों को ज्यादा सीटें मिलने से सरकार में उन्हीं का वर्चस्व रहेगा। इसी प्रकार की शंका तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रकट की है।

भारत के वर्तमान चुनावी लोकतंत्र में राजनीतिक पार्टियों से इमानदार लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की उम्मीद करना व्यर्थ है। जिसको भी मौका मिलता है, लाशों में से जीवित व्यक्तियों का बचाने के बदले लाशों पर अपने-अपने महल बनाने की सूझती है।

अनुच्छेद 81 (3) में इस प्रकार की सीमा निर्धारित करने वाला प्रावधान परन्तुक 1976 के 42वें संविधान के द्वारा जोड़ा गया था। तब कांग्रेस पार्टी की सरकार थी। उस सरकार की चुनावी प्राथमिकताओं को उस समय जारी अपातकाल से लगाया जा सकता है। कांग्रेस के ही युवा प्रधानमंत्री के द्वारा युवाओं को अपनी चुनावी प्राथमिकता मान कर मतदाता की आयु सीमा 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष की गई। लेकिन, उन्हीं युवाओं ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। 2001 में तीन बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना चुके अटल बिहारी वाजपेयी ने लोकसभा और विधानसभाओं के चुनावी क्षेत्रों के परिसीमन के वर्षों को अलग-अलग करके लोकसभा के लिए वर्ष 2026 के बाद की जनगणना और विधानसभाओं के चुनावी क्षेत्रों की परिसीमन के लिए 2001 की जनगणना को आधार बनाया था।

तद्नुसार, 2001 की जनगणना के आधार पर विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन किया गया- लेकिन इमानदारी उसमें भी नहीं बरती गई उदाहरण के लिए राजस्थान के जयपुर शहर के विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन किया जिसमें आठ (8) विधानसभा क्षेत्र बनाये गये। चूंकि 15 प्रतिशत अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण के अनुसार जयपुर शहर की आठ विधानसभा क्षेत्रों में से एक अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित होना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। क्योंकि जयपुर शहर के सभी धुरंधर दावेदार सामान्य वर्गों से रहे है, अतः बड़ी ही चालाकी से काम लेते हुए जयपुर शहर दो टापूनुमा इलाके अनुसूचित जाति के लिए छोड़े गये और उनकी जनसंख्या कम होने के कारण उन्हें जयपुर ग्रामीण के बगरू विधानसभा में जोड़ गया। इसका परिणाम यह रहा कि बगरू विधानसभा क्षेत्र की सीमाएं तीन टापुओं जैसे इलाकों में बंटा है। उनके बीच में आने वाले एकीकृत सीमाओं के जोहरी बाजार और सांगानेर विधानसभा क्षेत्र पड़ते है- जबकि बगरू विधानसभा क्षेत्र में बगरू के ग्रामीण इलाकों के अलावा जयपुर शहर के सांगानेर के कुछ इलाके, वाटिका इलाके का कुछ भाग तथा जयपुर शहर के दक्षिण पूर्व के कुछ इलाके शामिल है। इस प्रकार के परिसीमन नितांत षड्यंत्रकारी है- लोकतान्त्रिक ईमानदारी ऐसी कार्रवाइयों में कहीं भी दिखाई नहीं देती। 2029 के लोकसभा चुनावों के पहले लोकसभा चुनाव क्षेत्रों के परिसीमन का प्रयास इस तरह के बहुत सारे राजनीतिक दुराचरणों की संभावनाओं का बखान करते हैं। यहीं आपदा में अवसर की तलाश हैं।

-राम निवास बैरवा,
पूर्व क्षेत्रिय भविष्यनिधि आयुक्त

# राज्य विश्वविद्यालय: वित्तीय विपन्नता और नैतिक पतन के बीच झूलता भविष्य



प्रो. अशोक कुमार

आज भारत के राज्य विश्वविद्यालय एक दोराहे पर खड़े हैं। एक ओर वे गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, जहाँ सरकारें हाथ खींच रही हैं और छात्र ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा की ओर पलायन कर रहे हैं। दूसरी ओर, जो संस्थान बचे हुए हैं, वे पद के मद और प्रशासनिक कुप्रबंधन की भेंट चढ़ रहे हैं। प्रश्न केवल यह नहीं है कि विश्वविद्यालयों के पास पैसा क्यों नहीं है, बल्कि प्रश्न यह भी है कि जो नेतृत्व इन संस्थानों को दिशा देने के लिए बैठा है, उसकी दृष्टि और व्यवहार कैसा है?

विश्वविद्यालय का प्रमुख कुलपति होता है, जिसे कुलगुरु की संज्ञा दी गई है। परंपरा के अनुसार, इस पद पर आसीन व्यक्ति को ज्ञान, शालीनता और धैर्य का प्रतीक होना चाहिए। किंतु, हाल ही में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में हुई घटना-जहाँ एक कुलपति ने आमंत्रित अतिथि साहित्यकार को सार्वजनिक रूप से अपमानित कर बाहर जाने को कह दिया-एक भयावह सत्य उजागर करती है। रहीम का वह दोहा-जो रहीम ओछो बढ़े, तौ अति ही इतराय-आज के कई कुलपतियों पर सटीक बैठता है। जब छोटे व्यक्तित्व के लोग राजनीति या सिफारिश के बल पर ऊँचे पदों पर पहुँच जाते हैं, तो उनमें विनम्रता के स्थान पर अहंकार का जन्म होता है। वे भूल जाते हैं कि विश्वविद्यालय ईंट-गारे की इमारत नहीं, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान का एक जीवंत मंच है।

कुलपतियों का वर्गीकरण: पतन के विभिन्न रूप

राष्ट्रदूत मे प्रकाशित लेख मे प्रो. अशोक कुमार ने विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पाँच श्रेणियों में विभाजित कर इस पतन की जड़ को स्पष्ट किया है:

राजनीतिक कुलपति: इनका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय का विकास नहीं, बल्कि अपने राजनैतिक आकाओं को खुश करना और उनके एजेंडे को लागू करना होता है। इससे संस्थान की निष्पक्षता समाप्त हो जाती है।

रिश्वतखोर कुलपति: ये वे लोग हैं जो धन या प्रभाव के बल पर कुर्सी हासिल करते हैं। इनका पूरा ध्यान विश्वविद्यालय के संसाधनों का दोहन कर अपना निवेश वसूलने पर होता है।

प्रशासकीय एवं शैक्षणिक कुलपति: एक आदर्श कुलपति को इन दोनों गुणों का मिश्रण होना चाहिए। उसे न केवल कागजी कार्यवाही में दक्ष होना चाहिए, बल्कि उसमें छात्रों और शिक्षकों के लिए एक प्रेरक वातावरण बनाने की दृष्टि भी होनी चाहिए।

सामाजिक कुलपति: जो विश्वविद्यालय को समाज से जोड़ सकें। दुर्भाग्यवश, आज के कुलपति अक्सर बंद कमरों में बैठकर आदेश जारी करने वाले तानाशाह बन गए हैं।

विश्वविद्यालयों की बदहाली का एक बड़ा कारण वित्तीय सहायता की कमी है। जब सरकारें शिक्षा को निवेश के बजाय खर्च मानने लगती हैं, तो बजट में कटौती होने लगती है। इसका सीधा असर प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और शोध पर पड़ता है।

जब छात्रों को दिखता है कि विश्वविद्यालय में न तो नियमित कक्षाएं लग रही हैं, न ही वहां का माहौल उनके बौद्धिक विकास के लिए अनुकूल है, तो वे ऑनलाइन कोर्सेज या कोचिंग संस्थानों की ओर रुख करते हैं। ऑनलाइन शिक्षा उन्हें कम से कम डिग्री और स्किल तो दे रही है, जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन केवल अहंकार और अव्यवस्था का केंद्र बनकर रह गया है। विश्वविद्यालयों का मूल उद्देश्य छात्रों को प्रश्न पूछना सिखाना है। कबीरदास ने कहा था- निंदक नियरे राखिए-अर्थात आलोचना करने वाले को अपने पास रखें। लेकिन आज की स्थिति इसके विपरीत है। यदि कोई शिक्षक या छात्र प्रशासन की गलत नीतियों पर सवाल उठाता है, तो उसे अनुशासनहीनता के नाम पर प्रताड़ित किया जाता है। बिलासपुर की घटना में कुलपति का यह पूछना कि "क्या आप मेरी बातों से बोर हो रहे हैं?" और फिर असहमत व्यक्ति को बाहर निकालना, बौद्धिक तानाशाही का चरम है। यह विचार कि विश्वविद्यालयों को बंद कर कोचिंग संस्थान खोल देने चाहिए, आत्मघाती है। कोचिंग संस्थान केवल परीक्षा पास करना सिखाते हैं, वे नागरिक बनाना नहीं सिखाते। वे शोध नहीं करते, वे साहित्य और कला का सृजन नहीं करते। समाधान विश्वविद्यालयों को बंद करने में नहीं, बल्कि उन्हें साफ करने में सुधार का मार्ग: समाज की भूमिका

समाज का मौन रहना बुराई को फलने-फूलने का मौका देता है। भीष्म पितामह का उदाहरण देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग अधर्म या दुर्व्यवहार को देखकर चुप रहते हैं, इतिहास उन्हें कभी क्षमा नहीं करता।

प्रबुद्ध वर्ग की जिम्मेदारी: लेखकों, पत्रकारों और नागरिक समाज को इन संस्थानों में हो रहे नैतिक पतन के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव: कुलपतियों की नियुक्ति पूरी तरह से गैर-राजनीतिक और पारदर्शी होनी चाहिए। केवल वे ही इस पद पर बैठें जिनके पास शैक्षिणक गरिमा और प्रशासनिक सूझबूझ हो।

जवाबदेही तय करना: किसी भी कुलपति को यह अधिकार नहीं होना चाहिए कि वह अपने पद का दुरुपयोग कर किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाए।

**निष्कर्ष--** भारतीय विश्वविद्यालय आज केवल धन की कमी से नहीं, बल्कि चरित्र की कमी से मर रहे हैं। यदि हम चाहते हैं कि भारत विश्वगुरु बने, तो हमें पहले अपने विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं को सुधारना होगा। संस्थानों को बचाने के लिए फंड से अधिक नैतिकता और संवाद की आवश्यकता है। हमें ऐसे विश्वविद्यालयों की जरूरत है जहाँ असहमति का सम्मान हो, न कि जहाँ सवाल पूछने पर बाहर का रास्ता दिखाया जाए।

-प्रो. अशोक कुमार,
विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर

# भीलवाड़ा : कोठारी नदी में अवैध बजरी से भरे नौ ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के रायपुर थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन के खिलाफ पुलिस ने अब तक की एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस प्रशासन ने बीती रात कोठारी नदी में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे नौ ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने खनन माफियाओं में हड़कंप मचाते हुए सात लोगों को गिरफ्तार भी किया है।

जानकारी के अनुसार अवैध बजरी खनन और परिवहन पर नकेल कसते हुए, रायपुर पुलिस ने शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया। डिप्टी सदर माधव उपाध्याय के नेतृत्व में यह कार्रवाई रायपुर थाना क्षेत्र के पनोतिया और नाथडियास गांव के बीच कोठारी नदी में की गई। पुलिस को मुखबिर से लगातार

**■ पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया**

सूचना मिल रही थी कि इस क्षेत्र में रात के अंधेरे में धड़ल्ले से अवैध खनन चल रहा है। सूचना पक्की होते ही पुलिस टीम ने नदी क्षेत्र में दबिश दी। मौके पर पुलिस ने बजरी से भरे हुए 9 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया। साथ ही, अवैध खनन और परिवहन में शामिल सात लोगों को मौके से ही धर दबोचा गया। माधव उपाध्याय ने बताया कि सभी जब्त ट्रैक्टरों को रायपुर थाने में खड़ा करवाया है और खनिज विभाग को सूचित कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ यह अभियान थमने वाला नहीं है और भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।



अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को रायपुर थाने में खड़ा करवाया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 9 फरवरी, 2026

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2082, विशाखा नक्षत्र मंगलवार प्रातः 7:55 तक, वृद्धि योग रात्रि 12:52 तक, बालव करण सायं 6:15 तक, चन्द्रमा रात्रि 1:11 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मकर, बुध-कुम्भ, गुरू-मिथुन, शुक्र-कुम्भ, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज यमघट योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन-रात है। आज कालाष्टमी जानकी जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:34 तक, शुभ 9:56 से 11:19 तक, चर 2:03 से 3:25 तक, लाभ-अमृत 3:25 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:12, सूर्यास्त 6:10

**मेष** परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं, उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**वृष** विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन** व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कर्क** घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**सिंह** व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**कन्या** आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

**तुला** मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक** घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।

**धनु** आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

**मकर** व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ** नवीन कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है।

**मीन** चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## 'विकसित राजस्थान का मार्ग हो रहा प्रशस्त'

**जयपुर।** केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से डेयरी, सौर ऊर्जा आदि के कार्य सुगमता से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और प्रधानमंत्री की गरीब कल्याण की अवधारणा के अनुरूप प्रदेश में जनकल्याण के कार्य किए जा रहे हैं। सबका साथ, सबका विश्वास सुनिश्चित करते हुए विकसित राजस्थान का मार्ग तेजी से प्रशस्त हो रहा है। यादव ने अलवर में साढ़े 5 लाख लीटर क्षमता की डेयरी के लिए 250 करोड़ रुपये की स्वीकृति हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अलवर जिले का निरंतर विकास हो रहा है। रामजल सेतु लिंक परियोजना, महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज, अलवर शहर में जलापूर्ति, कन्या महाविद्यालय जैसी महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर जिले में जल संरक्षण के अहम कार्य किए जा रहे हैं।इससे पहले मुख्यमंत्री ने ग्राम उत्थान शिविर में 12 विभागों की स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चैक, प्रमाण पत्र तथा 4 विशेष योग्यजनों को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर सौंपी।

# 'मेडिकल कॉलेज में एक वेलबीइंग सेंटर व राज्य स्तर पर वेलनेस सेल की स्थापना की जाएं'

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशन में प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए निरंतर कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब मेडिकल के विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हर मेडिकल कॉलेज में एक वेलबीइंग सेंटर एवं राज्य स्तर पर वेलनेस सेल की स्थापना की जाएगी।

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त नरेश गोयल ने मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गठित राज्य स्तरीय टास्क फोर्स की पहली बैठक में इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नेशनल टास्क फोर्स की रिपोर्ट पर चर्चा करते हुए मेडिकल कॉलेजों में सुविधाओं और मानसिक संबल के लिए प्रशासनिक और शैक्षिणक ढांचे में सुधार के निर्देश दिए।

आयुक्त ने कहा कि छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के लिए प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में एक समर्पित वेलबीइंग सेंटर और राज्य स्तर पर एक वेलनेस सेल की स्थापना तुरंत की जाए। साथ ही, प्रत्येक संस्थान में एक डीन



चिकित्सा शिक्षा आयुक्त नरेश गोयल ने मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए गठित टास्क फोर्स की बैठक ली।

(मेंटल वेलबीइंग) की नियुक्ति की जाएगी, जो विशेष रूप से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की निगरानी करेंगे। छात्रों और फैकल्टी के लिए नियमित ओरिएंटेशन प्रोग्राम अनिवार्य होंगे, ताकि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाई जा सके।

मेडिकल विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए आयुक्त ने सभी मेडिकल कॉलेजों और हॉस्टल में सुरक्षात्मक उपायों को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके अंतर्गत 'छतों की बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने के साथ-साथ संपूर्ण कैंपस में प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा। छात्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ग्रिवांस रिडरेसल सिस्टम के तहत एक स्टूडेंट एप विकसित की जाएगी। साथ ही, शैक्षिणक संसाधनों को आधुनिक बनाने के लिए ई-लाइब्रेरी के विस्तार और सुधार पर जोर दिया जाएगा।

मानसिक संबल के लिए कॉलेजों में सहकर्मी सहायता समूह विकसित

- हर मेडिकल कॉलेज में होगा वेलबीइंग सेंटर
- राज्य स्तर पर बनेगी वेलनेस सेल

करने, करियर काउंसलिंग करने और साथ ही, पूर्व छात्रों के अनुभव का लाभ भी दिलाया जाएगा। कैंपस जीवन को तनावमुक्त बनाने के लिए आयुक्त ने अनिवार्य योग सत्र, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने पर विशेष बल दिया। संकट की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन का पूरे कैंपस में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए हॉस्टल में बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने और ड्यूटी डॉक्टरों के लिए 24 घंटे कैंटीन सुविधा शुरू करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही, कार्यभार को तर्कसंगत बनाने के निर्देश दिए गए। इन कार्यों में सहयोग के लिए एनजीओ एवं प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं को भी सक्रिय रूप से जोड़ा जाएगा।

## सार-समाचार

### सरकारी पेवेलियनों में आर एस एम एम को पहला पुरस्कार




**जयपुर ।** इंडिया स्टोन मार्ट 2026 में सरकारी पेवेलियन श्रेणी में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए राज्यपाल हरिभाऊ बागडे व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान खान एवं भूविज्ञान विभाग और आर एस एम एम को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। प्रमुख सचिव माइंस टी रविकांत के निर्देशन में पेवेलियन में राजस्थान के प्रमुख व गौण खनिज प्रदर्शित किए गए। नोडल अधिकारी संजय सक्सेना, आर एस एम एम के वरिष्ठ प्रबंधक असीम अग्रवाल व पीआरओ राजेंद्र शर्मा ने पुरस्कार प्राप्त किया । खनिज सेक्टर में खुशी की लहर आई है।

### हिंदुत्व ही रखेगा विश्वबंधुत्व की आधारशिला : जसवंत खत्री

**जयपुर।** मानसरोवर भाग के निम्बार्क नगर की कमला नेहरू नगर बस्ती में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ बस्ती की ही 1500 से अधिक मातृशक्ति द्वारा रामेश्वर धाम बालाजी के मंदिर से सामाजिक समरसता के प्रतीक कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा का समापन चौरड़िया फ़ार्म हाउस पर हुआ।आयोजन समिति के अध्यक्ष लीलाधर जी दीक्षित ने बताया कि रामेश्वर धाम बालाजी मंदिर से मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जहां मुख्य कार्यक्रम स्थल पर उसका समापन हुआ। कार्यक्रम के तैयारियों के लिए 10 दिवस पहले से ही वाहन रैली, स्थानीय कॉलोनी अनुसार बैठकें, प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भगवा ध्वजों के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन के दौरान कलश यात्रा में शामिल मातृशक्ति के लिए बम्पर ड्रा भी निकाला।सम्मेलन में मातृशक्ति एवं पंच परिवर्तन-सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, पर्यावरण और नागरिक शिष्टाचार-विषयों से जुड़े विषयों को लेकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गई। साथ ही कार्यक्रम में विश्व विख्यात भजन सम्राट प्रकाश माली द्वारा भजन कीर्तन भी हुए।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह जसवंत खत्री ने कहा कि हिन्दू समाज के स्व-अनुशासन और एकता से ही कृण्वन्तो विश्वमार्यम् का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व ही रखेगा विश्वबंधुत्व की आधारशिला, हिन्दू समाज एक होगा तो विश्व को भी एकता का मार्ग दिखायेगा।वहीं महामंडलेश्वर 1008 सियाराम दास महाराज ने हिन्दू समाज की साप्ताहिक बैठकों एवं प्रभात फेरियों को सामाजिक जागरण का सशक्त माध्यम बताया।कार्यक्रम में रविनाथ कुंज आश्रम राजपार्क के योगी भावनाथ महाराज, ब्रह्माकुमारी आश्रम से साध्वी बहन श्रुति, बाबूलाल बच्छेर सहित अनेक महानुभावों का सानिध्य प्राप्त हुआ।

### पुलिस ने किया नशा तस्करों के आर्थिक साम्राज्य पर प्रहार

**जयपुर।** प्रतापगढ़ जिला पुलिस और विद्युत विभाग ने मिलकर ऑपरेशन अंधकार के तहत नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों की कमर तोड़ दी है। एसपी बी. आदित्य के निर्देशन में देवल्दी गांव में की गई इस बड़ी कार्रवाई ने अपराधियों में हड़कंप मचा दिया है। करीब 200 से अधिक अधिकारियों और जवानों की फौज ने जब एक साथ दबिश दी, तो गांव में चल रहे अवैध बिजली और संसाधनों के गोरखधंधे का पर्दाफाश हुआ।एसपी आदित्य ने बताया कि कार्रवाई के दौरान विद्युत विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने अपराधियों के मकानों और फार्महाउसों पर छापेमारी की। इस दौरान बिजली चोरी के 35 वीसीआर भरे गए, जिनकी कुल जुर्माना राशि 23,80,000 रुपये आंकी गई है। मौके से भारी मात्रा में अवैध विद्युत उपकरण बरामद हुए। टीम ने 27 सिंगल फेज अवैध ट्रांसफार्मर कीमत 15.39 लाख और 04 थ्री फेज अवैध ट्रांसफार्मर कीमत 3.26 लाख जप्त किए। इसके अलावा 950 मीटर अवैध केबल और 08 पानी की मोटरें भी मौके से जप्त की गईं, जिनका उपयोग अवैध गतिविधियों और सिंचाई के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने केवल संसाधनों पर ही नहीं, बल्कि अपराधियों पर भी शिकंजा कसा। मौके से 10 संदिग्ध व्यक्तियों को बीएनएसएस की धारा 126-170 के तहत गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तस्करी और अन्य संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त 04 वाहनों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए जिले की शक्ति झोंक दी गई थी। एसपी बी. आदित्य के निर्देशन में एडिशनल एसपी बलवीर सिंह, डीएसपी चंद्रशेखर पालीवाल प्रोबेशनर आरपीएस शक्ति सिंह व राहुल ने कमान संभाली। ऑपरेशन में अरनोद, हथुनिया, धोलापानी, प्रतापगढ़, देवगढ़ समेत 8 थानों का जाप्ता, क्यूआरटी टीम और महिलाओं की कालिका टीम शामिल रही। वहीं विद्युत विभाग से अधिशाषी अभियंता मिठ्ठालाल मीणा के साथ 08 एईएन और 100 कर्मचारियों ने तकनीकी मोर्चा संभाला।

### सुंदर सागर जी महाराज का वैशाली नगर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश

**जयपुर ।** आचार्य सुंदर सागर जी महाराज ससंघ का 32 पिच्छियों के साथ आज वैशाली नगर के महावीर दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुमेर पाटौदी,मंत्री विकास बड़जात्या एवं कोषाध्यक्ष संतोष बड़जात्या ने बताया कि आज दोपहर आचार्य ससंघ ने डीसीएम जैन मंदिर से महावीर दिगंबर जैन मंदिर वैशाली नगर के लिए विहार किया। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पद-प्रच्छालन व आरती कर स्वागत किया,साथ ही क्रेन से पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद विभिन्न मार्गों से होता हुआ यह संघ वैशाली नगर जैन मंदिर पहुंचा,जहां पर मंदिर प्रबंध समिति व अन्य पदाधिकारियों ने आचार्य ससंघ की अगवानी की। इसके बाद आचार्यने संघ के साथ वेदियों में जाकर श्रीजी के दर्शन किए। इस अवसर पर हुई धर्मसभा के प्रारंभ में शेखर चंद्र एवं शांति कुमार बोहरा ने दीप प्रजज्वलन कर किया।

### भक्तों ने खेली फूलों की होली

**जयपुर ।** प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा आयोजित विभिन्न देवालयों के फागोत्सव के क्रम में आज मंदिर प्रेमभाया सरकार, हरियुगल विहार चंदलाई, टोंक रोड पर प्रेमभाया सरकार के फागोत्सव मनाया गया जिसमें प्रेमभाया सरकार के नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। जिसमें दीपक शर्मा ने पाछां सै मटकी फोड़ी छाने सै गागर तोड़ी या कांहे की होरी कानूडा.......... अभिषेक साहू ने सांवरिया आओ जी, सजीली चितवन में, आंसू भर ल्यावो जी, रसीली चितवन में....... बनवारी सैनी ने बांसुरिया बाजी रंग राधा सजी, रंग मोहन को रसिया बनाया.... के साथ राघव खंडेलवाल, केशव शर्मा सहित अन्य भक्तों ने भक्ति रस बरसाया । इस अवसर पर भक्तों ने भव्य फूलों की होली खेली। समिति के अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि फागोत्सव के क्रम में दिनांक 14 फरवरी शनिवार को युगल कुटीर जयलाल मुंशी के रास्ता, चांदपोल बाजार व दिनांक 15 मार्च रविवार को शिव मंदिर, शिव मार्ग, डूंडलोद हाउस में फाग उत्सव मनाया जाएगा।

### भागवत सनातन का अमूल्य ग्रंथ : देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहां है कि भागवत सनातन का अमूल्य ग्रंथ है। यह जीवन की विपदाओं का निराकरण का मार्ग है।देवनानी रविवार को यहां सांगानेर में जगन्नाथपुरा मे निम्बार्क पीठाधीश्वर श्रीजी द्वारा वाचित भागवत कथा समारोह को संबोधित कर रहे दे। उन्होंने भागवत कथा का श्रवण किया।देवनानी ने कहा कि सनातन कभी समाप्त नहीं हो सकता। हमारा जन्म भारत में हुआ है, इसलिए हम भाग्यशाली हैं। भारत अब विश्व का मार्गदर्शक बनने की ओर अग्रसर है । देवनानी ने कहा कि भागवत ग्रंथ के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करें। कमजोर और गरीब वर्ग की मदद करें। समारोह को किशोरी शरण, दुर्गादास ने भी संबोधित किया समारोह में वृंदावन के संत गण सहित अनेक लोगों ने भाग लिया।

## 'घूसखोर पंडित के डायरेक्टर को जूते मारने वाले को दिया जाएगा एक लाख रुपए का इनाम'

**जयपुर।** विप्र महासभा ने घूसखोर पंडित फिल्म का विरोध करते हुए फिल्म के डायरेक्टर और अभिनेता के खिलाफ ऐलान करते हुए उन्हे जूते मारने वाले को एक लाख रुपए इनाम की घोषणा की है। विप्र महासभा के अध्यक्ष सुनील उदोईया ने घूसखोर पंडित फिल्म के डायरेक्टर और एक्टर को जूता मारने वाले को एक लाख देने का ऐलान किया है। महासभा ने डायरेक्टर और अभिनेता को जूते मारने वाले व्यक्ति को विप्र वीर सम्मान देने की घोषणा की है। इसके साथ ही एक लाख रुपये के इनाम का भी ऐलान किया गया है। विप्र महासभा के अध्यक्ष सुनील उदोईया ने बताया कि यह फैसला समाज के आत्मसम्मान और स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। फिल्म के नाम को लेकर समाज में भारी विरोध है. फिल्म का शीर्षक जातिगत भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। नेटफ्लिक्स पर आने वाली फिल्म घूसखोर पंडित के शीर्षक को लेकर देश भर में विवाद लगातार गहराता जा रहा है। विवाद के शुरुआती चरण में उत्तर प्रदेश पुलिस ने लखनऊ के हजरतगंज थाना क्षेत्र में फिल्म के निर्देशक नीरज पांडे और उनकी टीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

इस मामले को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सहित अन्य संगठनों ने कई शहरों में फिल्म से जुड़े लोगों के पुतले जलाए और फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। राजनीतिक स्तर पर भी इस मुद्दे पर बयानबाजी तेज हो गई है। उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने फल्मि उद्योग पर भारतीय संस्कृति और विशेष रूप से ब्राह्मण समाज को निशाना बनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ऐसी सामग्री समाज में विभाजन पैदा करती है, और इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

विवाद के बीच फ़िल्म के निर्देशक नीरज पांडे ने सफाई दी है. उन्होंने कहा कि फिल्म का शीर्षक एक काल्पनिक चरित्र से जुड़ा है, और इसका उद्देश्य किसी भी समुदाय, धर्म या जाति को अपमानित करना नहीं है।

## मेघवाल विकास समिति की बैठक का आयोजन

**कोटपूतली/जयपुर ।** कस्बे के टापरी रोड़ स्थित मेघवाल महिला छात्रावास में रविवार को समिति अध्यक्ष मदनलाल वर्मा की अध्यक्षता में मेघवाल विकास समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व निर्धारित बिंदुओं पर विचार विमर्श हेतु अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में मेघवाल समाज सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष छोटूराम सामरिया ने समय की आवश्यकता को देखते हुये सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। जिससे समाज में होने वाली फिजूल खर्ची पर रोक एवं दहेज प्रथा पर अंकुश लग सकें। इस हेतु परिचय सम्मेलन शीघ्र आयोजित किया जायेगा। बैठक में समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों व बुराईयों पर भी गहनता से विचार विमर्श किया गया, जिसमें मृत्यु भोज पूर्णतया बंद करने, गंगा पूजन पर कपड़े आदि पूर्णतया बंद करने, मृतक शरीर पर अनावश्यक कपडे ओढाने की प्रथा पूर्णत: बंद करने, डीजे साउंड बंद करने, शादी विवाह आदि में शराब परोसने पर पूर्णतया: पाबंदी करने पर आम सहमति

# भर्ती परीक्षाओं में दो हजार डमी अभ्यर्थी एसओजी की नजर पर

**जयपुर।** राज्य में भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाकर सरकारी नौकरी दिलाने वाले एक बड़े संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की रडार पर ऐसे करीब दो हजार डमी कैंडिडेट हैं, जिन पर जल्द शिकंजा कसा जा सकता है। एसओजी इन मामलों में व्यापक स्तर पर जांच और रिकॉर्ड मिलान की कार्रवाई में जुटी हुई है।

एसओजी की जांच में सामने आया है कि बीते पांच वर्षों में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थियों ने वास्तविक उम्मीदवारों की जगह परीक्षा देकर उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बदले इन डमी कैंडिडेट्स को लाखों रुपए की मोटी रकम दी गई। एसओजी की टीमें अब परीक्षा रिकॉर्ड का मिलान वर्तमान में नौकरी कर रहे कर्मचारियों के दस्तावेजों से कर रही हैं।

डमी अभ्यर्थियों से जुड़े मामलों की संख्या सामने आने के बाद यह आंकड़ा चौंकाने वाला बताया जा रहा

- राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की रडार पर ऐसे करीब दो हजार डमी कैंडिडेट हैं, जिन पर जल्द शिकंजा कसा जा सकता है। एसओजी इन मामलों में व्यापक स्तर पर जांच और रिकॉर्ड मिलान की कार्रवाई में जुटी हुई हैं

है। एसओजी के अनुसार, भर्ती परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में आम लोग भी आगे आकर सहयोग कर रहे हैं। एसओजी की हेल्पलाइन पर प्रतिदिन 25 से 30 शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिनमें से बड़ी संख्या डमी कैंडिडेट से जुड़ी है।

एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि हेल्पलाइन के जरिए अब तक करीब दो हजार ऐसी शिकायतें सामने आई हैं, जिनमें डमी अभ्यर्थी बैठाकर परीक्षा पास कराने और नौकरी दिलाने के आरोप हैं। इन सभी सूचनाओं का गहन विश्लेषण किया जा रहा है और संबंधित अभ्यर्थियों के रिकॉर्ड विभिन्न एजेंसियों से जुटाए जा रहे हैं।

जांच में यह भी सामने आया है कि रीट, जेईएन, अकाउंटेंट, पटवारी, कनिष्ठ अभियंता, सब इंस्पेक्टर सहित दर्जनों भर्ती परीक्षाओं में गिरोह सक्रिय रहे। कई मामलों में परिवार के ही तेज-तर्रार सदस्य डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा में बैठते थे और इसके बदले 5 से 10 लाख रुपए तक की रकम वसूली जाती थी। गिरोह परीक्षा आयोजन से पहले ही सक्रिय होकर सौदे तय कर लेता था।

डमी कैंडिडेट के लगातार सामने आ रहे मामलों के बाद परीक्षा प्रक्रिया में भी बदलाव किए गए हैं। अब प्रवेश पत्रों में अभ्यर्थियों की विस्तृत जानकारी, लाइव फोटो और बायोमेट्रिक पहचान को अनिवार्य किया गया है।

# राजस्थान पेंशन समाज झोटवाड़ा का वार्षिक अधिवेशन मनाया

**जयपुर।** रविवार को राजस्थान पेंशनर समाज, झोटवाड़ा जयपुर शहर का वार्षिक अधिवेशन एवं 75 वर्षीय पेंशनर्स का सम्मान समारोह शांति विद्या निकेतन स्कूल लक्ष्मी नगर झोटवाड़ा में संपन्न हुआ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर, एवं विशिष्ट अतिथि सर्वगोपाल सिंह खामरा प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रहलाद शर्मा प्रदेश कार्यालय सचिव, गोपाल कृष्ण मीणा अध्यक्ष जयपुर शहर, पुरुषोत्तम शर्मा उपाध्यक्ष जयपुर शहर एवं उपशाखा अध्यक्ष वैशाली नगर, रामकिशन अत्री उपशाखा अध्यक्ष नेहरू नगर,अशोक नाग उपशाखा अध्यक्ष सी स्कीम जयपुर, भंवर लाल शर्मा उपशाखा अध्यक्ष देव नगर, खेमचंद अग्रवाल, उप शाखा अध्यक्ष सोडाला,आरके व्यास स्वास्थ्य योद्धा, महेश कुमार सेन शिक्षक, बाबूलाल




झोटवाड़ा जयपुर शहर का वार्षिक अधिवेशन एवं 75 वर्षीय पेंशनर्स का सम्मान समारोह झोटवाड़ा में संपन्न हुआ।

शर्मा पार्षद वार्ड नंबर 19, संतोष शर्मा फोटो पत्रकार एवं तथा निर्मल कौशिक मंच संचालक का गोपाल भारद्वाज अध्यक्ष उपशाखा झोटवाड़ा ने माल्यार्पण कर साफा बंधवाकरमोमेंटो (स्मृति चिन्ह ) भेंट कर स्वागत किया इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्य कार्यक्रम का शुभारंभ कियें गोपाल भारद्वाज उप शाखा अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का परिचय कराया गया एवं वार्षिक प्रतप्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## ग्वालिया बाबा मंदिर में 5वीं बार चोरी

**जयपुर।** खोरा बीसल थाना इलाके में स्थित मंशारामपुरा के प्रसिद्ध ग्वालिया बाबा मंदिर में अज्ञात चोरों ने पांचवी बार निशाना साधते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीण और श्रद्धालुओं में गुस्सा फूट पड़ा और उन्होने मंदिर परिसर के बाहर एकत्रित होकर पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने बढ़ती चोरी के मामले को लेकर पुलिस को आंदालने की चेतावनी दी।

गौरतलब है कि थाना इलाके में स्थित मंशारामपुरा गांव में प्राचीन ग्वालिया बाबा का मंदिर बना हुआ है। जिसके गर्भगृह से भगवान के लाखों रुपए के सोने -चांदी के आभूषण अज्ञात नकबजन चोरी कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि अज्ञात नकबजनों ने पांचवीं बार मंदिर के चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

## यूएसआईएसपीएफ ने रोहित कुमार सिंह को बोर्ड सलाहकार नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम ने भारत सरकार के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रोहित कुमार सिंह को यूएसआई एसपीएफ ग्लोबल वैल्यू चेन्स कमेटी का चेयरतथाबोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का सलाहकारनियुक्त किए जाने की घोषणा की है।ग्लोबल वैल्यू चेन्स कमेटी के चेयर के रूप में सिंह,यूएसआईएसपीएफके वैश्विक सदस्यों और सरकारी स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर रेगुलेटरी तालमेल, इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयारी और प्रभावी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगे। इसका उद्देश्य लचीली, विविध और भरोसेमंद सप्लाई चेन को बढ़ावा देना है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़े, मैन्युफैक्चरिंग को गति मिले, निर्यात में वृद्धि हो और वैश्विक व्यापार नेटवर्क में भारत की भूमिका और सशक्त हो।रोहित कुमार सिंह 1989 बैच के राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें आर्थिक शासन, कंज्यूमर मार्केट, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल गवर्नेंस, पब्लिक हेल्थ और पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के क्षेत्र में दशकों का व्यापक अनुभव प्राप्त है।हाल ही में वे भारत सरकार केकंज्यूमर अफेयर्स विभाग में सचिवके रूप में कार्यरत रहे, जहाँ उन्होंने भारत के पहले-सक्षम उपभोक्ता शिकायत निवारण इकोसिस्टमका नेतृत्व किया। उनके कार्यकाल में उपभोक्ता अदालतों को ई-फाइलिंग, केस ट्रैकिंग और बहुभाषी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटाइज़ किया गया, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में दर्ज मामलों से अधिक मामलों का निपटारा संभव हो सका। इसके साथ ही नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन को 17 भाषाओं वाले ओम्नी-चैनल प्लेटफॉर्म में परिवर्तित किया गया।

# 'रोज शो में 500 से अधिक किस्म के गुलाबों की प्रदर्शनी ने लुभाया सभी का मन

**जयपुर।** रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से आयोजित 51वां रोज शो ने न केवल स्थानीय बल्कि आने वाले सभी पर्यटकों का दिल जीत लिया। शो के अलावा पार्क में राजस्थानी लोक नृत्य सहित कई अन्य कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव वी . श्रीनिवास ने खुले आसमान में बैलून छोडकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने रोज शो का दौरा कर गुलाब की किस्म के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा की जयपुराइट्स के लिए रोज़ शो एक अनूठा अवसर है जहाँ रंग और सुगंध की दावत का आनंद लेते हुए फूल की देखभाल और विकास से संबंधित वे अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। मण्डल अध्यक्ष देबाशीष पृष्टि ने मुख्य सचिव को सिटी पार्क का अवलोकन करवाते हुए मण्डल द्वारा किए जा रहे विकास एवं




सिटी पार्क में 'रोज शो -2026' का सफल आयोजन हुआ।

सौंदर्यकरण के कार्यों के बारे में जानकारी दी । मुख्य सचिव ने सिटी पार्क की लैंडस्केपिंग तथा बागवानी की प्रशंसा करते हुए मण्डल द्वारा किए जा रहे अनुकरणीय प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव वी . श्रीनिवास ने खुले आसमान में बैलून छोडकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

रोज सोसाइटी ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष पवन अरोड़ा ने गुलाब की विभिन्न क़िस्मों के बारे में बताते हुए गुलाब के इतहास के ऊपर प्रकाश डाला और साथ ही रोज शो को अब पूरे राजस्थान में आयोजित करने की घोषणा भी की । जिसके पश्चात विभिन्न रोज प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों में से विजेताओं को सम्मानित किया गया जिसमे किंग ऑफ़ रोज अर्जुन लाल को, सचिव जयपुर विकास प्राधिकरण को क्वीन ऑफ़ रोज और प्रिंसेस ऑफ़ रोज़ पीडब्ल्यूडी कोटा को मिला ।

अच्छे गुलाबों की किस्मों को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा पेंटिंग कंपटीशन सहित कई अन्य रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए जिनके विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। रोज शो में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख सचिव देबाशीष पृष्टि, जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त सिद्धार्थ महाजन, श्रुति भारद्वाज प्रबंध निदेशक आरएफडीसी, वि श्रवण कुमार सचिव , विज्ञान एवं तकनीकी विभाग, रमाकांत गुप्ता, संयुक्त निदेशक स्टेट इंटेलिजेंस ब्यूरो, आवासन मंडल के सचिव गोपाल सिंह, मुख्य अभियंता प्रथम अमित अग्रवाल ,सोसाइटी के जनरल सेक्रेटरी अनिल कुमार भार्गव , सहित जूरी के सदस्य मौजूद रहे।

## विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**कोटपूतली/जयपुर।** कस्बे के डाबला रोड़ काषीपुरम कॉलोनी स्थित ओम नमः षिवाय सीनियर सैकण्डरी स्कूल के मैदान में रविवार को संघ के शताब्दी वर्ष पर षिवाजी बस्ती का विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन बड़े ही धूमधाम व उत्साह के साथ किया गया।

समिति के संरक्षक हरिशंकर शर्मा ने बताया कि इस मौके पर हिन्दू सम्मेलन यात्रा श्री श्याम मंदिर के मुख्य द्वार से प्रारम्भ होकर श्री कृष्ण महिला छात्रावास, रूपचंद का बाग, मानसी विहार के श्री राधा कृष्ण मंदिर से होते हुये वापस वापस मानसी विहार होते हुये चंद्रदास कॉलोनी के श्री दुर्गा माता मन्दिर, डाबला रोड़ होते हुये काशीपुरम गेट से प्रवेश लेकर हनुमान व शिव मंदिर से होते हुये ओम नमः शिवाय स्कूल परिसर पहुंचकर विसर्जित हुई। कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया।




## Slice, Share, and Celebrate: National Pizza Day

National Pizza Day is celebrated every year on February 9, honouring one of the world's most beloved foods. From classic Margherita to creative gourmet pies, it's a day to indulge in all things pizza, order from your favourite pizzeria, make one at home with unique toppings, or host a fun pizza party with friends and family. Its roots trace back to ancient flatbreads eaten by Egyptians, Greeks, and Romans, while modern pizza emerged in Naples, Italy. Once humble street food, pizza has become a global culinary canvas, inspiring creativity and bringing people together. Share the joy using #NationalPizzaDay!

#CHURCH

# The 24 Churches Of The Catholic Church

In many Eastern Catholic Churches, priests can marry before being ordained, a practice that contrasts with the Roman Catholic requirement for celibacy



The Catholic Church, one of the largest religious institutions in the world, is often seen as a single entity, but in reality, it is a collection of 24 different churches. These churches, although distinct in their practices and traditions, share a common faith and recognize the authority of the Pope. The most prominent among them is the Roman Catholic Church, also known as the Latin Rite Church, but there are also 23 Eastern Catholic Churches that are integral parts of the broader Catholic communion.

### The Roman Catholic Church: The Largest Branch

The Roman Catholic Church, or Latin Rite Church, represents about 98% of the global Catholic population. It is the branch most people associate with Catholicism, characterized by its distinctive rituals, governance under the Pope, and adherence to the Latin Rite liturgy. This includes Masses celebrated in various languages, including Latin, English, Spanish, and many others. Roman Catholicism is widespread, with millions of adherents across the globe.

### The 23 Eastern Catholic Churches

The remaining 2% of Catholics belong to the Eastern Catholic Churches. These churches are often less well-known but are just as integral to the Catholic Church as the Roman Rite. The Eastern Catholic Churches are diverse, each with its own liturgical practices, languages, and theological traditions. Some of the most prominent Eastern Catholic Churches include the Ukrainian Greek Catholic Church, the Maronite Church (from Lebanon), the Syro-Malabar Church (from India), and the Coptic Catholic Church (from Egypt).

The Eastern Catholic Churches originated from the Eastern Orthodox Church but eventually entered into full communion with Rome. These churches maintain their autonomy in governance and tradition while recognizing the Pope as the spiritual leader of the Catholic Church. They celebrate their own unique liturgies, which often differ significantly from Roman Catholic practices.

### Autonomy and the Role of Married Priests

One significant difference between the Roman Catholic Church and the Eastern Catholic Churches is their autonomy in certain areas. Eastern Catholic Churches are self-governing and led by their own bishops, with their own canon law and practices. They operate independently of the Roman Church in many ways, although they remain in communion with the Pope. This autonomy allows each church to maintain its distinctive traditions while being part of the larger Catholic community.


Another major difference is the practice of married priests. In many Eastern Catholic Churches, priests can marry before being ordained, a practice that contrasts with the Roman Catholic requirement for celibacy among its clergy. However, bishops in these churches remain celibate. This allowance reflects the Eastern Catholic Churches' deep-rooted traditions, which vary from the Roman practice but are still recognized within the Catholic communion.

### The Schism and Reconciliation

The Great Schism of 1054 divided Christianity into the Eastern Orthodox Church and the Roman Catholic Church. After this split, the Eastern Churches developed separately from Rome. However, over time, many of these Eastern churches reconciled with the Pope, becoming Eastern Catholic Churches. An example of this is the Maronite Church, which joined the Catholic Church in the 16th century while retaining its distinct liturgy and governance.

### Unity in Diversity


Today, the Catholic Church stands as a unified yet diverse body. While the Roman Catholic Church makes up the majority, the Eastern Catholic Churches contribute a unique and vibrant dimension to the faith. Despite differences in liturgical practices, governance, and traditions, all 24 churches share a common faith in Christ and acknowledge the Pope's authority. This diversity within unity highlights the richness of Catholicism, showcasing how different traditions can thrive under the umbrella of the same global faith.



# They Were Originally Rejected

In 1501, the Opera del Duomo, which was responsible for the decoration of the Florence Cathedral, commissioned a statue of David as part of a series of figures to adorn the cathedral's roofline. However, after Michelangelo began carving the statue, the cathedral's leaders had second thoughts about the statue's size and design. They were particularly uncomfortable with the depiction of David as a nude figure.

#ICONS







● Verna Mohon

Throughout history, monumental statues have stood as symbols of power, freedom, faith, and national identity. But what if I told you that some of the world's most iconic statues were originally designed for entirely different locations or purposes, only to be rejected by those who commissioned them? Some of these rejections were driven by cultural, aesthetic, or financial concerns. Let's take a closer look at famous statues that were either rejected or altered by the people who originally envisioned them.

### The Statue of Liberty

The Statue of Liberty is often celebrated as a symbol of American freedom and democracy, but its origins lie far from the shores of the United States. The iconic statue was originally conceived as a lighthouse and symbol of freedom, but not for the U.S. at all. French sculptor Frédéric Auguste Bartholdi first imagined it as a monumental figure to stand at the entrance of the Suez Canal in Egypt.

In the 1860s, Bartholdi proposed a colossal statue of a woman holding a torch to guide ships through the canal. The Egyptian government, under the rule of Khedive Ismail, was initially interested in the idea. Bartholdi's vision was for a massive statue that would symbolize Egypt's modernizing ambitions, a beacon of progress and enlightenment for the nation. However, the project faced numerous obstacles, including Egypt's limited funds and logistical challenges, leading to its rejection.

The concept of the statue was then reimagined for the United States to celebrate the centennial of the American Revolution. The new idea was a gift from France to the U.S., symbolizing liberty and freedom. The result was the Statue of Liberty, which was completed and dedicated on October 28, 1886, in New York Harbor. Now, this towering figure stands as one of the most recognizable symbols of America and has little to do with the original vision for Egypt.

And yes, the Statue of Liberty did function as a lighthouse from its dedication in 1886 until 1902, under the U.S. Lighthouse Board, but it wasn't very effective because its torch wasn't bright enough, making it more symbolic than a true navigational aid. The powerful electric lamps installed inside the torch provided light, but it was often too dim or misdirected, and the government decommissioned it from lighthouse duties, transferring it to the War Department in 1901.

### Michelangelo's David: Rejected by the Florence Cathedral for Being Too Controversial

Michelangelo's David is one of the most celebrated sculptures in Western art. It represents the biblical hero David, poised and ready to face Goliath. However, this masterpiece was originally intended for a different location, the Florence Cathedral.

In 1501, the Opera del Duomo, which was responsible for the decoration of the Florence Cathedral, commissioned a statue of David as part of a series of figures to adorn the cathedral's roofline. However, after Michelangelo began carving the statue, the cathedral's leaders had second thoughts about the statue's size and design. They were particularly uncomfortable with the depiction of David as a nude figure, a bold and controversial choice for a religious subject at the time. The city officials found the idea of a nude biblical figure, who was to be displayed on a high rooftop, problematic.

Instead of abandoning the work, Michelangelo reworked his creation into a more monumental form. The final statue was not placed on the cathedral but instead was displayed in Piazza della Signoria, the political heart of Florence. There, it quickly became a symbol of the city's strength, independence, and civic pride. When finished, a committee including Leonardo da Vinci and Botticelli decided to place it outside the Palazzo Vecchio (city hall) in the Piazza della Signoria, transforming it from a religious figure into a powerful civic symbol of Florence's strength. David's nude form was at the center of much controversy, but it also became one of the most iconic symbols of Renaissance humanism. Today, it stands as a masterpiece of sculptural art and is displayed at the Galleria dell'Accademia in Florence. Other artists were hostile towards Michelangelo, and the statue was even damaged by stones during its move from its original place of display.

### Christ the Redeemer: Rejected for Being Too Modernist and Stylized

The towering Christ the Redeemer statue in Rio de Janeiro is often considered one of the greatest examples of religious art. However, the journey to its completion was marked by controversy over its design, especially the modernist style of the statue, which initially received pushback from religious and cultural conservatives.

The idea for the statue first came about in the early 1920s when a group of Brazilian Catholics began advocating for a giant statue of Christ to be erected atop Mount Corcovado. The initial proposal, however, faced significant opposition from those who felt it was too modern for a religious symbol. Heitor da Silva Costa, the Brazilian engineer who designed the statue, and French sculptor Paul Landowski, who was responsible for its artistic design, envisioned a figure of Christ with outstretched arms in a modern, Art Deco style.

At the time, many thought the stylized, modernist design of Christ the Redeemer was too forward-thinking and not in line with the more traditional, classical styles of religious sculptures. Critics argued that the proportions and form of the figure were too abstract and that the statue did not fit the conventional representation of Christ in religious iconography.


The original design proposal by Heitor da Silva Costa featured Christ holding a cross in one hand and a globe in the other. This design faced 'fierce criticism,' leading to the amended, iconic, arms outstretched pose we know today. Some individuals have voiced religious objections, arguing that creating any 'graven image' of God is potentially sacrilegious and goes against certain biblical interpretations.

Despite the initial rejection of its design, the project moved forward, and Christ the Redeemer was finally completed in 1931. Now, it stands as one of the world's most recognized symbols, representing Christianity and Brazilian culture, while also being a striking example of modernist religious art.

rajeshsharma1049@gmail.com

#GUITARIST DILIP NAIK

# Aaja Re Aa Zara...





A defining turning point came when Sebastian D'Souza, the legendary arranger and composer, recognized Naik's extraordinary ability

The history of Hindi cinema's golden-era music is filled with unforgettable melodies, iconic singers, and legendary composers. Yet, hidden behind those familiar names is a quieter class of heroes, the session musicians whose hands actually shaped the sound. Among them, Dilip Naik stands out as a guitarist whose influence was immense, even as recognition remained elusive.

Dilip Naik's relationship with music began by chance. As a schoolboy, during a picnic, he was spotted by a PT teacher casually playing the harmonica with an ease far beyond his years. That moment of observation changed the course of his life. Music was no longer a pastime, it became his language. He soon moved from harmonica to guitar, developing a natural fluency that blended instinct, discipline, and deep emotional sensitivity.

Bombay, in the late 1950s and early 1960s, was a city alive with music. Film studios functioned like living orchestras, and young musicians learned not from classrooms, but from sitting beside masters. Dilip Naik entered this demanding world quietly, earning respect not through showmanship but through reliability and brilliance. His tone was clean, his timing flawless, and his musical intuition rare. A defining turning point came when Sebastian D'Souza, the legendary arranger and composer, recognized Naik's extraordinary ability. D'Souza introduced him to Shankar-Jaikishan, the composer duo who were redefining Hindi film music by blending Indian classical sensibilities with Western orchestration. Under their guidance, Dilip Naik became an integral part of the studio ecosystem that created some of the most enduring film songs of all time.

It was during this period that Naik's guitar began to speak directly to audiences, often before a single lyric was sung. The electrifying opening of 'Aaja Aaja Main Hoon Pyar Tera' and the instantly recognizable prelude of 'Jaan Pehchaan Ho' were not just musical embellishments; they were cultural moments. Those guitar lines announced a new confidence in Hindi film music, modern, global, and irresistibly stylish.

Dilip Naik's playing carried a unique signature. Influenced by Western guitar techniques but deeply rooted in Indian melodic phrasing, his style was expressive rather than flashy. He understood silence as much as sound. A single bend, a pause, or a rhythmic accent could transform an entire song. This sensitivity made him indispensable to composers, even as his name remained absent from record sleeves. For years, Naik was part of the invisible backbone of the industry, contributing to countless recordings across genres, romantic duets, dance numbers, suspense themes, and background scores. Like most session musicians of the time, he worked long hours, often recording multiple songs in a single day, driven by professionalism rather than fame.

But the music industry was changing. By the late 1970s and early 1980s, synthesizers, programmed rhythms, and evolving production methods began to replace large live orchestras. The collaborative studio culture that had nurtured musicians like Naik slowly dissolved. Opportunities shrank, and many highly skilled instrumentalists found themselves struggling to adapt to a system that no longer valued their craft in the same way.

Eventually, Dilip Naik left India. By the late 1980s, he was living in Houston, Texas, far removed from the studios where his guitar once commanded attention. Yet, music has a long memory. Dilip Naik's work never truly disappeared. His guitar lines continued to play on radio stations, in films, on vinyl records, and later on digital platforms, often without listeners knowing the name behind the sound. Each time those opening notes of 'Jaan Pehchaan Ho' sparked recognition, it was his legacy quietly asserting itself.


Dilip Naik's story is not just the story of one man. It is the story of an entire generation of musicians whose artistry defined Hindi cinema's sound but whose names were rarely celebrated. His life reflects both the beauty and the injustice of creative labor, where impact outlives acknowledgment.




### Examples of his classic iconic tracks

- Tumse Acha Kaun Hai, Janwar (1965)
- Aasman Se Aaya Farishta, An Evening in Paris (1967)
- Aaja Re Aa Zara, Love in Tokyo (1966)
- Jaan Pehechaan Ho, Gumnaam (1965)

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### राज्य बजट से फुलेरा को उम्मीदें

**फुलेरा।** राजस्थान में शीघ्र पेश होने वाला राज्य बजट फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। भौगोलिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होने के बावजूद यह क्षेत्र लंबे समय से विकास की दौड़ में पीछे रहा है। फुलेरा निवासी युवा समाजसेवी सीए अर्पित मुद्गल का कहना है कि यदि सरकार जयपुर पर बढ़ते दबाव को कम करना चाहती है, तो फुलेरा को पर्यटन, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य का मजबूत केंद्र बनाना होगा। आगामी बजट से क्षेत्र को ठोस घोषणाओं की उम्मीद है। झील के संरक्षण, पुनरुद्धार, पक्षी पर्यटन, इको-टूरिज्म और आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु अलग बजट। प्रमुख रेलवे जंक्शन होने के बावजूद बस स्टैंड नहीं, यात्रियों को राहत के लिए घोषणा जरूरी। उपजिला अस्पताल का निर्माण व मेडिकल कॉलेज, आवंटित भूमि पर तत्काल निर्माण शुरू हो, साथ ही मेडिकल कॉलेज की घोषणा। रीको औद्योगिक क्षेत्र का पुनर्जीवन: फुलेरा-सांभर को जयपुर-अजमेर कॉरिडोर पर बिजनेस व इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित करना। रेलवे जंक्शन आधारित लॉजिस्टिक हब: वेयरहाउस, लॉजिस्टिक पार्क और मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट हब की योजना। सीवरेज, शिक्षा और खेल सुविधाए: सीवरेज लाइन, जर्जर स्कूल भवनों का पुनर्निर्माण, खेल मैदान और पीटीआई पदों की भर्ती। नशा मुक्ति के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बने तो स्थानीय युवाओं को नशे की लत से छुटकारा मिल सकता है।

### निर्वाण लडडू अर्पित

**जुरहरा,** भरतपुर (निस)। कस्बे के जैन मंदिरों में भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक भक्ति भाव से मनाया गया जिसके उपलक्ष्य में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर निर्वाण लडडू चढाये गये। जैन समाज जुरहरा के प्रचारमंत्री विपिन जैन पत्रकार ने बताया कि जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ को जैन धर्म के तीर्थराज सम्मेद शिखरजी पर फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसके उपलक्ष्य में कस्बे के जैन मंदिरों में रविवार को उनका मोक्ष कल्याणक मनाया गया। नेमिश्वरधाम जैन मंदिर पर जिनेन्द्र भगवान की प्रक्षाल के साथ अष्टद्रव्यों से देव-शास्त्र-गुरू तथा भगवान सुपार्श्वनाथ का पूजन किया गया तथा शांतिधारा की गई। शांतिधारा करने का सौभाग्य सोनू जैन को प्राप्त हुआ। जैन बन्धुओं द्वारा भगवान की आरती के साथ निर्वाण कांड का जाप किया गया और भगवान की प्रतिमा के समक्ष मोक्ष कल्याणक के उपलक्ष्य में निर्वाण लडडू अर्पित किए गए वहीं चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में भी मोक्ष कल्याण मनाया गया। इस मौके पर सोनू जैन, दीपक जैन, अभिषेक जैन, सतीश जैन आदि सहित अन्य जैन बन्धु मौजूद रहे।

### किसान सम्मेलन की तैयारी

**भरतपुर** (निस)। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को जल्दि पूरा करने तथा बाणगंगा नदी में पानी लाने बढ़ती बेरोजगारी के लिये जिले में रोजगार के अवसर पैदा करने तथा फसलों के लाभकारी मूल्य देने सहित कृर्षि पशुपालन और किसानों की सभी समस्याओं को लेकर भरतपुर जिले के कस्वा हलैना में 18 फरवरी को एक दिवसीय किसान सम्मेलन आयोजित होगा । कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई है। किसान सम्मेलन के संयोजक और किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने बताया कि 18 फरवरी को हलैना में होने बाले किसान सम्मेलन में पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा सांसद राज्य सभा रामजीलाल सुमन और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुनाम सिंह चढ़ूनी तथा समाजवादी विचारक पूर्व सांसद पंडित रामकिशन सहित अन्य कई किसान नेता भाग लेगे। कार्यक्रम की तैयरियों को लेकर किसान नेता इन्दल सिंह जाट अलवर के किसान नेता विरेन्द्र मोर और डीग के किसान नेता मोहन सिंह गुर्जर के सानिध्य में अनेक किसान प्रतिनिधि गाँवों गाँवों में जायेंगे और किसान और नौजवानों को सम्मेलन की जानकारी देंगे।

### जागरूकता शिविर 11 को

**शाहपुरा ।** भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, कैंसर केयर महिला प्रकोष्ठ चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच आपके द्वार नि:शुल्क जांच एवं जागरूकता शिविर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साईवाड़ में दिनांक : 11 फरवरी 2026, बुधवार को समय : प्रात: 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित किया जायेगा। शिविर में की जाने वाली नि:शुल्क जांचें (डॉक्टर परामर्श द्वारा) मैमोठाफी (स्तन जांच हेतु, पैप स्मीयर टेस्ट (गर्भाशय जांच हेतु, एक्स-रे (फेफड़ों की जांच हेतु, सीबीपी 125 (ओवरी जांच हेतु, पीएसए (प्रोस्टेट जांच हेतु, अन्य रक्त परीक्षण इनमें में से कोई भी लक्षण हो तो अवश्य जांच कराएं।

# मीणा समाज की आस्था पर ठेस पहुंचाने वालों पर नाराजगी, महापंचायत 21को

**दौसा।** मीणा समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को मीणा हाईकोर्ट में वरिष्ठ समाजसेवी रामस्वरुप मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा द्वारा विधानसभा में मीणा हाईकोर्ट निर्माण को लेकर पूछे गये सवाल का मुद्दा छाया रहा। इधर बैठक में 21 फरवरी को मीणा हाईकोर्ट में महापंचायत करने का निर्णय लिया, इस दौरान सर्व सम्मति से कमेटी का भी गठन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुये रामस्वरुप मीणा ने कहा कि सामाजिक समरता बिगाडने के लिए हमारे ही समाज के कुछ नेताओं ने दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा के कंधे पर बंदूक रखकर चलाई है। इसके लिए हमे दूसरो को दोष नही देना चाहिये। दोष हमारा स्वयं का है, इसकी जिम्मेवारी हम लेते है। विधानसभा चुनाव में हम लोग पार्टियों में विभक्त हो गये, जिसके कारण हार का सामना करना पडा। मीणा समाज सभी समाजों को साथ लेकर चलने वाला है, मीणा हाईकोर्ट सभी समाजो की आस्था का केन्द्र है, इसका सवाल पूछकर विधायक ने हमारी आस्था को ठेस पहुंचाई है, जिसे किसी सूरत में बर्दास्त नही किया जावेगा, हम इस आस्था पर उंगली उठाने वालों को मुह तोड जवाब देगें। उन्होंने कहा कि मीणा समाज संगठित नही है, जिसके कारण ऐसे लोगों की सवाल पूछने की हिम्मत हुई है। हमारा अन्य समाजों से कोई विराध एवं द्वेषता नही है। पूर्व पार्षद इन्द्र कुमार मीणा ने कहा कि संगठन में ही शक्ति है, जब हम लोग संगठित एवं मजबूत रहेगें तो अन्य समाज भी हमारे साथ खडा मिलेगा। विधानसभा में हमारी आस्था से जुडे मीणा हाईकोर्ट के लिए सवाल किया जाना गलत है, इस साजिस के पीछे कौन लोग है उनका पता करना चाहिये। समाज को ऐसे लोगो को कभी माफ नही करेगा। उन्होने कहा कि मीणा हाईकोर्ट की आधारशीला रखी तब से मै यहां से जुडा हुआ हूं। डॉ. किरोडीलाल मीणा ने मीणा हाईकोर्ट के निर्माण के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया। इसके निर्माण में सभी समाजों का विशेष योगदान रहा है।



मीणा समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को मीणा हाईकोर्ट में वरिष्ठ समाजसेवी रामस्वरुप मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

- डॉ. किरोडीलाल मीणा ने मीणा हाईकोर्ट के निर्माण के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया

### फुलेरा उपजिला अस्पताल में हो रहे सफल ऑपरेशन

**फुलेरा।** राजकीय उपजिला चिकित्सालय फुलेरा में सर्जन डॉ. दिनेश कुमार यादव की पदस्थापना के बाद स्थानीय लोगों को छोटे-बड़े ऑपरेशन के लिए जयपुर या अन्य स्थानों पर जाने की मजबूरी काफी हद तक कम हुई है। डॉ. यादव ने बताया कि बीते 8 माह में वह 193 छोटे-बड़े ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर चुके हैं, जिनमें अपेंडिक्स, हर्निया, हाइड्रोसील, पिलोनाइडल साइनस, अंडकोष का मुड़ना, फिस्टुला, फिशर, स्तन ट्यूमर सहित अन्य रोग शामिल हैं। चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में पेट दर्द की गंभीर शिकायत के साथ उपजिला अस्पताल में भर्ती हुए तीन मरीजों का सर्जन डॉ. दिनेश कुमार यादव एवं उनकी टीम द्वारा सफल उपचार व ऑपरेशन किया गया। समय पर की गई जांच और सर्जरी से तीनों मरीजों को राहत मिली है। वहीं 39 वर्षीय सुरेश कुमार को तेज पेट दर्द की शिकायत के बाद भर्ती किया गया।

# भरतपुर में मौहल्ला गोपालगढ़ में विराट हिन्दू सम्मेलन में सनातन एकता का संदेश दिया

**भरतपुर।** भरतपुर में मौहल्ला गोपालगढ में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन महात्मा गांधी सिविल लाइन्स स्कूल परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर लगभग 1500 हिन्दू समाज के नागरिकों ने उत्साह, अनुशासन और एकजुटता के साथ सहभागिता कर सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया। सम्मेलन के दौरान हिन्दू राष्ट्र के समर्थन में प्रदर्शन किया गया तथा भारत माता की जय के गगनभेदी जयघोष से सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति से अनुप्राणित हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं मां सरस्वती के विधिवत पूजन के साथ किया गया। वक्ताओं ने हिन्दू समाज को संगठित होकर राष्ट्र को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर जातीय भेदभाव को पूर्णत: समाप्त करने का संकल्प भी सर्वसम्मति से लिया गया।



भरतपुर में मौहल्ला गोपालगढ़ में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन महात्मा गांधी सिविल लाइन्स स्कूल परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

सम्मेलन में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन-जागरूकता पर विशेष बल दिया गया। उपस्थित जनसमूह से पॉलीथीन के उपयोग पर रोक लगाने तथा पर्यावरण-संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आठाह किया गया। साथ ही हिन्दू समाज से जुडी बच्चों की विवाह आयु एवं कम होती संतान संख्या जैसी सामाजिक चुनौतियों पर भी गंभीर विमर्श किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों द्वारा माँ सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत, नाट्यय प्रस्तुतियाँ एवं रामायण आधारित प्रेरणादायक कार्यक्रमों का प्रभावशाली मंचन किया गया। भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत भजनों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए, वहीं समाज के विभिन्न सम्मानित एवं गणमान्य व्यक्तियों का मंच से सम्मान किया गया।

# हिंदू समाज अपनी संस्कृति और धर्म की महत्ता को पहचानें : डॉ मोनिका

- एकता के संदेश संग विभिन्न मंदिरों से निकली विशाल ध्वज यात्रा
- सम्मेलन में पहुंचे महिला पुरुष व बच्चों के अद्भुत संगम ने एकता का संदेश दिया

**किशनगढ़ बास।** विराट हिन्दू सम्मलेन के तहत रविवार को शहर में विभिन्न अलग अलग सड़क मार्ग पर से महिला पुरुष बच्चों की भव्य ध्वज यात्रा डीजे पर बजते हिंदू एकता के संदेश की गूंज के साथ निकली और दशहरा मैदान पर आयोजित भव्य विराट हिन्दू सम्मलेन में सैकड़ों की तादाद में पहुंचे लोगों के अद्भुत संगम ने कार्यक्रम में अमट छाप छोड़ एकता का संदेश दिया।

हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के उद्देश्य से सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में सनातनी संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन शहर के अलवर रोड स्थित दशहरा मैदान पर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, युवा एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आयोजन संत कमल दास महाराज छतरी वाले भिड़ूसी के सानिध्य में किया गया। इस दौरान संत कमल दास महाराज का आयोजन समिति के प्रेम सोनी, मांगेलाल गुप्ता, मोतीलाल गुप्ता, सूरजभान ने शॉल उड़ाकर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया वहीं शीला गुप्ता, कमला गुप्ता, प्रेम जांगिड़, रजनी जांगिड़, संगीता गुर्जर ने मुख्य वक्ता डॉ मोनिका रस्तोगी का सम्मान किया। सम्मेलन से पूर्व भव्य एवं दिव्य ध्वज यात्रा निकाली गई।

यह ध्वज यात्रा बिहारी जी मंदिर किला से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, तोप सर्किल होती हुई दशहरा मैदान पर पहुंची। यात्रा के दौरान कस्बावासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, इसी प्रकार गंज हनुमान मंदिर, अहमदबास मौहल्ले सहित अनेक मंदिरों से यात्रा निकाली गई जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। सम्मेलन में मुख्य वक्ता डॉ मोनिका रस्तोगी ने अपने संबोधन में हिंदू समाज को अपनी संस्कृति और धर्म की महत्ता पहचानने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म विश्व का सबसे प्राचीन और महान धर्म है, जिसकी रक्षा और प्रतिष्ठा के लिए अनेक महापुरुषों ने अपना तन, मन और धन न्योछावर किया है।

उन्होंने अभिभावकों से आठाह किया कि वे अपने बच्चों में हिंदू सांस्कृतिक एवं सनातनीय संस्कारों का समावेश करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां धर्म और संस्कृति से जुड़ी रहें। उन्होंने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र को सशक्त बनाता है और हिंदू समाज की मजबूती ही भारत की शक्ति है।

सम्मेलन में मौजूद लोगों ने उनके विचारों का स्वागत करते हुए धर्म और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अध्यक्ष मदन लाल गुप्ता का कुंजीलाल अगवाल, मदनलाल अठावाल, ओम सेनी, मुखी गोकुल दास, राजेश कामदार आदि ने स्वागत कर सम्मान किया। इस अवसर पर सुल्तान सिंह यादव की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सतीश गुप्ता, सुरेश मित्तल, धर्मवीर यादव, सुभाष नरूका, रिंकेश गुप्ता, उमेश व्यास सहित हिंदू समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाना जरुरी : भूपेंद्र यादव

- किशनगढ बास के फतियाबाद गौशाला के तृतीय वार्षिक उत्सव में पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव
- पर्यावरण संरक्षण और डेयरी विकास पर दिया जोर प्लास्टिक उपयोग पर जताई चिंता गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की आमजन से की अपील

**किशनगढ़ बास।** केंद्रीय पर्यावरण, वन मंत्री भूपेंद्र यादव रविवार को श्री राधा कृष्ण गौशाला फतियाबाद के तीसरे वार्षिक उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश और दुनिया के सामने सबसे बड़ा संकट पर्यावरण का है। उन्होंने गौशाला के आसपास स्थित पहाड़ियों को हरा-भरा बनाने का संकल्प लेने का आव्हान करते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया उन्होंने ने कहा कि आधुनिक युग में हम रॉकेट बना सकते हैं, चांद पर पहुंच सकते हैं और मोबाइल तैयार कर सकते हैं, लेकिन पेड़ और अनाज केवल धरती माता ही उगा सकती हैं। इसलिए प्रकृति के साथ संतुलित जीवन शैली अपनाना आवश्यक है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज गांवों में हरियाली की जगह प्लास्टिक का उपयोग बढ़ता जा रहा है, जो भूमि को जहरीला और बंजर बना रहा है। ऐसे में गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने की सोच के साथ इस मुहिम को आगे बढ़ाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने डेयरी क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि सरस डेयरी के क्षेत्र में राज्य सरकार और एनडीडीबी के सहयोग से लगभग 250 करोड़ रुपये की लागत से 5.5 लाख लीटर क्षमता का संयंत्र स्थापित किया जाएगा। अलवर जिले में डेयरी क्षेत्र में हुए सुधारों के परिणामस्वरूप सरस डेयरी ने एक ही दिन में 3,67,000 लीटर दूध एकत्रित कर नया रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने ने कहा कि अब पशु नस्ल सुधार और चारा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि डेयरी क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वन मंत्री द्वारा फतेहाबाद गौशाला में बने नए कमरों का उद्घाटन भी किया।

### शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से समस्त परिलाभ के आदेश

**कोटपूतली ।** राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ ने 31 दिसम्बर के बाद नियुक्त शिक्षकों को बडी राहत दिलाई हैं ।

कोटपूतली के प्रवक्ता रामकरण यादव व अन्य की तरफ से दायर याचिका में अधिवक्ता सुखराज सिंह राठौड ने बताया कि 1995 में नियुक्त शिक्षकों को गत 30 वर्षों से शिक्षा विभाग में राजस्थान सेवा नियमों की गलत व्याख्या से वेतन व वरिष्ठता सहित अन्य परिलाभों का नुक़सान हुआ है ।

31 दिसम्बर के बाद नियुक्त शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश के बाद पुन: नियुक्ति देने से ग्रीष्मावकाश के वेतन व वरिष्ठता सहित अन्य परिलाभों से राजस्थान शिक्षा सेवा नियमों की गलत व्याख्या के कारण वंचित होना पड़ा था।

सुनवाई के बाद राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर पीठ के न्यायाधीश अशोक कुमार जैन ने याचिकाकर्ताओं को ग्रीष्मावकाश वेतन के साथ वरिष्ठता व समस्त परिलाभ देने के आदेश शिक्षा विभाग को दिये हैं।

# टोंक में हिन्दुओं ने निकाली शोभायात्रा

**टोंक।** जिलेभर में सकल हिंदू समाज मंडल के तत्वावधान में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रजवास और गिरधारीपुरा गांव के मुख्य मार्गो से 551 कलशों के साथ शोभायात्रा निकली। कलश यात्रा का भारत माता की जय और जय श्री राम जैसे जयघोषों के साथ लोगों ने स्वागत किया। इस मौके पर संतों ने सभी हिंदुओं से संगठित, संस्कारित और अस्त्र-शस्त्रों में पारंगत बनने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान संतों का सम्मान हुआ, इस दौरान विभिन्न झांकियां भी सजाई गई। हाथी की सवारी भी आकर्षण का केंद्र रही। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति जुटीं। मुख्य मार्गो से कलश यात्रा निकली । इस प्रकार छान गांव में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर एकता और समरसता के संकल्प के साथ सर्व हिंदू समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। आयोजन समिति के प्रभारी आशाराम जाट ने बताया कि छान के श्याम मैरिज गार्डन में आयोजित सम्मेलन में 251 महिलाओं ने परिक्रमा कर भव्य कलश यात्रा निकाली। बाद में चबूतरा स्थित महादेव पर कलश विसर्जित कर दिए गए। सम्मेलन को श्री देवाचार्य मुनेश्वर महाराज धुंधलेश्वर महादेव- धुंआ कला, सूर्यप्रकाश आचार्य और भरत त्रिखंड कार्यवाह ने सम्बोधित करते हुए एकता और समरसता का सन्देश दिया, सम्मेलन में सकल हिंदू समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। इसी प्रकार सोहेला गांव में भी सम्मेलन का आयोजन कर कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाएं डीजे की धुन पर भक्ति गीत गाते हुए उत्साहपूर्वक नृत्य करती नजर आईं। सम्मेलन में संत मनीष दास महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने समाज में एकता, अखंडता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश देते हुए कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों, धर्म और संस्कारों से ही समाज और राष्ट्र सशक्त बनता है। महाराज ने सेवा, सहयोग और समरसता के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

- रजवास और गिरधारीपुरा गांव के मुख्य मार्गो से 551 कलशों के साथ शोभायात्रा निकली।



टोंक जिलेभर में सकल हिंदू समाज मंडल के तत्वावधान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

### सामाजिक एकजुटता पर बल

**भरतपुर** (निस)। शहर के रंजीत नगर स्थित सी-ब्लॉक के आदर्श विद्या मन्दिर में रविवार को सकल हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा माँ भारती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। इससे पूर्व, सुबह 8:00 बजे एक विशाल बाइक रैली निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र को भगवामय कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. यू.एस. जुरैल ने सम्मेलन का विस्तृत प्रतिवेदन पढा और सामाजिक एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण महाराणा प्रताप छात्रावास के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सजीव झांकियां रहीं, जिनके माध्यम से वृक्षारोपण और असहाय व्यक्तियों की सहायता का प्रेरक संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक विशाल जी ने अपने ओजस्वी संबोधन में सामाजिक समरसता का मंत्र देते हुए सभी हिन्दू भाइयों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने आ ान किया कि समाज को जातियों के बंधन से ऊपर उठकर एक सूत्र में बंधना होगा ।

## सार-समाचार

### सांभर में 5.49 करोड़ की पेयजल योजना 2 साल बाद भी नहीं हो सकी साकार

**सांभरझील ।** आलमपुरा, निर्वानों का मौहल्ला, बरडोटी मोहल्ला, शहीद पूनम चंद मार्ग, खटीकों की हताई व इसके नीचे की तमाम बस्तियों के लोगों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए जिस योजना को निवर्तमान सरकार ने मंजूरी दी थी वह आज तक क्रियान्वित नहीं हो सकी है। करीब 5 दशकों से इस समस्या के समाधान के लिए राजनीतिक स्तर पर कोई ठोस प्रयास ही नहीं किए गए। नंदीकेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने तत्कालीन मुख्यमंत्रीसे व्यक्तिगत मुलाकात कर एक बड़े प्रोजेक्ट को मंजूर करवाने मे अपनी प्रमुख भूमिका अदा की। बता दें कि निवर्तमान सरकार की ओर से मंजूर की गई करीब 5 करोड़ 49 लाख रुपए की पेयजल योजना अभी भी प्रशासनिक प्रक्रिया में ही फंसी हुई है। क्षेत्र की जनता को उम्मीद के पंख लगाए गए की शीघ्र उन्हें योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा लेकिन सिस्टम में ही इतना गड़बड़झाला है कि करीब 2 साल बीतने के बाद भी काम शुरू होना तो दूर पेयजल टंकी निर्माण के लिए भूमि भी चिन्हित नहीं हो सकी है। यह बात अलग है कि अब इस योजना को अमृत जल योजना के नाम से तब्दील कर दिया गया है। सरकार की ओर से प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है, लेकिन बताया जा रहा है कि अभी तक भी इसकी टेंडर प्रक्रिया ही नहीं हुई है, कभी बताया जाता है कि टेंडर प्रक्रिया हो गई है लेकिन वर्क आर्डर जारी नहीं हो रहा है, यह समझ से परे है। अमृत जल योजना में घर-घर लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने की इस योजना पर अभी भी संकट के बादल है। इस योजना में पुराने उप कारागृह के सामने स्थित भूमि पर नवीन उच्च जलाशय का निर्माण सहित उन तमाम पुरानी पेयजल लाइनों को बदला जाना है जो विगत कई दशकों से जर्जर हो चुकी है अथवा पेयजल लाइन करीब 80 प्रतिशत तक चौक पड़ी है, जिसकी वजह से लोगों के घरों तक बूंद बूंद पानी आता है। अनेक बस्ती के लोगों तक पानी की सप्लाई विगत 50 सालों से प्रेशर से नहीं पहुंच पा रही है। यहां के तमाम जनप्रतिनिधियों को भी इस बात का पता है । प्रोजेक्ट को मंजूरी तो मिल गई लेकिन उच्च जलाशय के लिए निर्माण का रास्ता साफ हो सका है और न ही लाइन बिछाने का काम तक शुरू हो रहा है। आश्चर्य तो इस बात का भी कि जिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को यह मामला गंभीरता से लेना चाहिए उसमें कोताही बरती जा रही है।

### यूजीसी बिल के समर्थन में रैली की तैयारी

**फुलेरा।** यूजीसी बिल के समर्थन में रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपने की तैयारी को लेकर रविवार सुबह 11 बजे अंबेडकर भवन, सांभर बायपास रोड, फुलेरा में दयानंद चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारत सरकार द्वारा पारित यूजीसी बिल पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाई गई रोक के मद्देनज़र, बिल को यथावत लागू करवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने को लेकर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे साथ ही ओबीसी, एससी, एसटी, दिव्यांग, नारी शक्ति, अल्पसंख्यक वर्ग सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों को साथ लेकर रैली की रूपरेखा तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई। आगामी बैठक 15 फरवरी को दोपहर 12:15 बजे अंबेडकर भवन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर दयानंद चौधरी, मनोज कुलहरी, रतन राजोरा, अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी शाखा अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा, भंवरलाल सांभरिया, कालूराम पोरवाल, मुकेश कुमार सैनी, विष्णु कुमार, गोपाल किलका, गणेश बिजारणियां, विनोद कुमार वर्मा, मूलचंद दवंदा, छोटूराम उज्जवल, लक्ष्मीनारायण वर्मा, हीरालाल मुंडोतिया, मंगलचंद पापटवाल, आफताब अहमद, रतनलाल कांसोटिया व कार्यक्रम संयोजक भंवरलाल सांभरिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### यूजीसी कानून के समर्थन में जन विचार मंच का प्रदर्शन

**अलवर।** जन विचार मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं ने आज कंपनी गार्डन में 'यूजीसी कानून 2026 की हकीकत और हंगामा' विषय पर परिचर्चा कर समता संवर्धन के इस यूजीसी कानून को और व्यापक,मजबूत बनाकर जल्द लागू करने की मांग की है। साथ ही मांग की है कि मेडिकल शिक्षा,तकनीकी शिक्षा,आई आई टी,आई आई एम,एम्स जैसे उच्च शिक्षण संस्थानों में भी भेदभाव पर कठोरता से रोकथाम के लिए प्रभावी कानून बनाया जाए। मंच सचिव प्रो.रमेश बैरवा ने बताया कि इस विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु) विनियम 2026 को और स्पष्ट,मजबूत बनाकर लागू किया जाए। जातिगत भेदभाव के विभिन्न प्रकारों को जैसा 2012 के यूजीसी के समता संवर्धन के कानून में चिन्हित किया गया था स्पष्ट किया जाए। रोहित एक्ट की मांग के अनुरूप जातिगत भेदभाव को कठोर दंडनीय अपराध बनाया जाए। अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के साथ शिक्षण संस्थानों में विशेषरूप से नौकरियों में बड़ा भेदभाव है मंच ओबीसी को भी यूजीसी कानून में शामिल किए जाने का पुरजोर समर्थन करता है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला सचिव अनीता एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष रईसा, मत्स्य मेवात शिक्षा एवं विकास संस्थान के अनूप दायमा, लाइब्रेरियन प्रहलाद राम बुनकर, गोवर्धन सिंह,अशोक कुमार, अतुल, राहुल, तरुण, निसार, युवराज सिंह, मुख्तियार सिंह,काजल, जीत सिंह,राजू बौद्ध, ओम प्रकाश, बबलू सांवरिया, मानसिंह, लेखराज पांचाल, मनीष, कमलेश कुमार, अशोक कुमार, फतेह सिंह, हीरालाल बलाई, मूलचंद भलाई शामिल रहे।

### स्वतंत्रता सेनानी गुरुदयाल प्रसाद को याद किया

**जुरहरा भरतपुर ।** जुरहरा क़स्बे के राजकीय गुरुदयाल प्रसाद बालिका सीनियर विद्यालय में विद्यालय का वार्षिकोत्सव व स्वतंत्रता सेनानी गुरुदयाल प्रसाद की पुण्यतिथि गुरुदयाल प्रसाद जी के सुपुत्र कृष्णमोहन खण्डेलवाल जयपुर की अध्यक्षता, पूर्व प्रधान रविन्द्र जैन, ब्लॉक कांठोस कामां के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद गौड के मुख्य आतिथ्य, बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष गजराज आर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद मानवी, जुरहरा सरपंच लक्ष्मण साहू, बीजेपी नेता धर्मेन्द्र चौधरी व मानक चंद साहू सहित क़स्बे के अन्य गणमान्य लोगों के विशिष्ट आतिथ्य में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत अतिथियों के द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए स्वतंत्रता सेनानी गुरुदयाल प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं की ओर से देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक हेमंत अवस्थी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हनुमान सहाय रावत के द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर विद्यालय स्टाफ से दिनेश सिंह, रूपसिंह, महेश चंद, प्रदीप शर्मा, पूनम चौहान, मधु व सरिता सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण

**डीग भरतपुर** (निस)। गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने डीग जिले के बृजनगर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह भी मौजूद रहे। मंत्री बेढम ने एसएच-14 से नौगांव तक एक किलोमीटर लंबे मार्ग, जिसकी लागत 21 लाख रुपए है, तथा कसोदा संपर्क सड़क (21.70 लाख रुपए) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क किसी भी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की आधारशिला होता है। इन सडकों के बनने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और किसानों, व्यापारियों तथा विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र बृज नगर में 1000 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्य प्रगति पर हैं। इनमें प्रमुख सड़कों का निर्माण, अस्पतालों का सुढीकरण, बिजली ढांचे का विस्तार, स्कूलों में नए भवनों का निर्माण और जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पेयजल उपलब्ध कराने की योजनाएं शामिल हैं। उनके अनुसार इन परियोजनाओं से आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और ग्रामीण इलाकों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। डीग कुम्हेर के विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क मजबूत होने से गांवों तक सुविधाएं पहुंचेंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। दौरे के दूसरे चरण में गृह राज्य मंत्री बेढम ग्राम गहनकर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान परशुराम की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लिया और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के महत्व पर भी विचार व्यक्त किए। इससे पहले मंत्री जवाहर सिंह बेढम अपने पैतृक गांव बेढम पहुंचे ।

# कोटा हादसे के बाद पांच भवन मालिकों को अवैध निर्माण हटाने का नोटिस जारी

## नगर निगम कोटा ने असुरक्षित और निर्माणाधीन भवनों को चिन्हित करने का काम शुरू किया

**कोटा, (निसं)।** इंद्र विहार में शनिवार रात दुर्घटनाग्रस्त हुए भवन के आसपास की पांच इमारतों को असुरक्षित मानते हुए नगर निगम ने रविवार को इन भवन मालिकों को भवन को तुरन्त खाली करते हुए दो दिन में अवैध निर्माण हटाने का नोटिस जारी किया है। इसके अलावा संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल के निर्देशों के बाद रविवार को शहर में विभिन्न स्थानों पर जेसीबी, पोकलेन तथा अन्य बड़ी मशीनों से पूर्व में बनी इमारतों को तोड़ने और बेसमेंट बनाने का काम निगम की टीमों ने रूकवा दिया। गौरतलब है कि कोटा में शनिवार देर रात एक रेस्टोरेंट की बिल्डिंग अचानक भरभराकर गिर गई थी। इस हादसे में एक कोचिंग छात्र एवं एक बालक की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए थे।

- **'शनिवार रात दुर्घटनाग्रस्त हुए भवन के पास प्लॉट संख्या एस-5, एस-6, एस-65, एस-67 और एस-68 में बने भवन में अवैध निर्माण पाया गया है'**
- **कोटा नगर निगम की टीमों ने शहर में विभिन्न स्थानों पर जेसीबी, पोकलेन तथा अन्य बड़ी मशीनों से पूर्व में बनी इमारतों को तोड़ने और बेसमेंट बनाने का काम रूकवाया**

आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि शनिवार रात दुर्घटनाग्रस्त हुए भवन के पास प्लॉट संख्या एस-5, एस-6, एस-65, एस-67 और एस-68 में बने भवन में अवैध निर्माण पाया गया है। इनमें से एस-68 में निर्मित भवन असुरक्षित भी हो गया है। ऐसे में इन सभी भूखण्ड मालिकों को तुरन्त प्रभाव से भवन खाली करते हुए दो दिन में अवैध निर्माण हटाने का नोटिस जारी किया गया, यदि दो दिन में भवन मालिकों की ओर से अवैध निर्माण नहीं हटाते हैं तो निगम की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त मेहरा ने बताया कि संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा रविवार को आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद निगम के सभी अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में जीर्ण-क्षीर्ण एवं असुरक्षित भवनों तथा निर्माणीधीन इमारतों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका सर्वे के दौरान न्यू कॉलोनी गुमानपुरा में दो स्थानों पर पूर्व निर्मित भवनों को जेसीबी द्वारा तोड़े जाने तथा विज्ञान नगर क्षेत्र में दो स्थानों पर पोकलेन मशीन से बेसमेंट खोदे जाने की बात सामने आई। इस पर चारों ही जगह काम रूकवा कर भवन मालिकों को स्वीकृति के बिना काम पुनः प्रारंभ नहीं करने के लिए पाबंद किया गया है।

उन्होंने बताया कि सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अगले दो दिन में अपने-अपने क्षेत्रों में जीर्ण-क्षीर्ण भवनों को चिन्हित करें। साथ ही निर्माणाधीन भवनों में भू-स्वामित्व, आवंटन की श्रेणी तथा भवन निर्माण स्वीकृति की जांच करें। अनियमितता पाए जाने या स्वीकृत नक्शे के विपरीत कार्य करने पर निर्माण को तत्काल रूकवा दें।

**चेतावनी देते ही हटने लगे अतिक्रमण:-** उधर, दूसरी ओर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने रविवार को इंद्र विहार क्षेत्र में सभी दुकानदारों 24 घंटे में अपने अतिक्रमण स्वयं हटाने की चेतावनी दी। निगम की चेतावनी का तत्काल असर भी दिखाई दिया और कई दुकानदारों ने शाम होते-होने अपने अवैध अतिक्रमण हटा लिए। आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि इंद्र विहार क्षेत्र में बड़ी संख्या में दुकानदारों ने अपनी दुकान के आगे टीनशेड करके और सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है। क्षेत्र में मुनादी करते हुए इन सभी को अपने-अपने अतिक्रमण हटाने के लिए 24 घंटे का समय दिया गया है।

# सिंगापुर में नौकरी दिलाने के नाम पर 4.40 लाख की धोखाधड़ी

## थाने में युवक ने कोर्ट के जरिए मुकदमा दर्ज करवाया

**सीकर, (निसं)।** सीकर के बलारां थाना इलाके में सिंगापुर में नौकरी के नाम पर 4.40 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। परिचित ने युवक से रुपए लेकर उसे सिंगापुर में नौकरी करने के लिए भेज दिया। लेकिन वहां पर उसे नौकरी नहीं मिली। परिचित ने रुपए भी नहीं लौटाए और अब धमकी दे रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- **परिचित ने युवक से रुपए लेकर सिंगापुर भेज दिया, लेकिन वहां उसे नौकरी नहीं मिली और भूखे रहने की नौबत आ गई**
- **सिंगापुर में वेयरहाउस में काम के हर महीने दो लाख रुपए सैलरी का झांसा दिया था**

जानकारी के अनुसार सीकर के बलारां पुलिस थाने में खींवासर निवासी हेमंत कुमार ने कोर्ट के जरिए मुकदमा दर्ज करवाया कि वह बेरोजगार है। अगस्त 2025 में उसके परिचित निशांत कुमार ने हेमंत को कॉल करके कहा कि मैं तुम्हें सिंगापुर में वेयरहाउस में काम दिलवा दूंगा, जहां तुम्हें हर महीने दो लाख रुपए सैलरी मिलेगी, लेकिन इस काम के लिए पहले तुम्हें 5 लाख रुपए देने होंगे।

हेमंत अपने परिचित निशांत कुमार की बातों में आ गया और उसे हां कर दी। इसके बाद हेमंत ने निशांत कुमार को 4.40 रुपए दे दिए। फिर उसे 3 अक्टूबर 2025 को सिंगापुर बुला लिया। सिंगापुर जाने के बाद हेमंत को वेयरहाउस में कोई काम नहीं मिला। जब उसने निशांत कुमार से बात की तो वह टाइम निकालता रहा।

निशांत कुमार सिंगापुर में हेमंत को अकेला छोड़कर खुद इंडिया आ गया। सिंगापुर में काम नहीं मिलने की वजह से हेमंत के भूखे रहने की नौबत आ गई। उसके लिए वहां पर किराया चुकाना भी मुश्किल हो गया। आखिर में परेशान होकर 4 नवंबर 2025 को घरवालों से बात करके हेमंत वापस इंडिया आ गया। यहां आने के बाद जब उसने निशांत कुमार से रुपए वापस मांगे तो निशांत ने कहा कि 15 से 20 दिन में रुपए वापस लौटा देगा, लेकिन इसके बाद पैसे देने से ही मना कर दिया और कहा कि तुम्हें जो करना है वह कर लो मैं तो एक रुपया भी नहीं दूंगा।

हेमंत ने पुलिस को बताया कि निशांत और उसके पिता बार-बार मुझे और मेरे पिता को धमकी दे रहे हैं कि हमारे खिलाफ अगर रिपोर्ट दर्ज करवाई तो ठीक नहीं रहेगा। हमारी बड़े-बड़े नेताओं से अच्छी जान-पहचान है। हमारा कुछ भी नहीं होगा और यहां पर आप लोगों का रहना मुश्किल कर दूंगा। अब बलारां पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डूंगरपुर में रतनपुर बॉर्डर पर 7.50 लाख की अवैध शराब जब्त

## सिलाई मशीन, गैस चूल्हे की आड़ में शराब की तस्करी हो रही थी, ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर जिले की बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने रतनपुर बॉर्डर पर एक ट्रक से 7.50 लाख रुपए मूल्य की 101 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। यह शराब सिलाई मशीन, गैस चूल्हे और अन्य सामान की आड़ में ले जाई जा रही थी।

पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान "ऑपरेशन स्वच्छता" चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी के अनुसार रविवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एसआई अब्दुल मुनाफ के नेतृत्व में एक टीम ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी की। उदयपुर की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रोका गया। ड्राइवर ने बताया कि ट्रक में सिलाई मशीन, गैस चूल्हे और अन्य घरेलू सामान भरा है। मुखबिर की सूचना पुख्ता होने के कारण पुलिस ने ट्रक की गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान सामान की आड़ में छिपाकर रखे गए विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 101 कार्टन बरामद हुए। पुलिस ने मौके से शराब से भरे कार्टन और तस्करी में प्रयुक्त आईसर ट्रक को जब्त कर लिया। ड्राइवर दरियाव सिंह (46) पुत्र लखा सिंह रावत निवासी बिलियावास, जवाजा, जिला ब्यावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पेड़ कटाने पर दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**भीलवाड़ा, (निसं)।** आरके कॉलोनी स्थित सी-सेक्टर उद्यान में हरे-भरे विशालकाय पेड़ों की कटाई को लेकर पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने चिंता व्यक्त करते हुए इसे गंभीर पर्यावरण अपराध बताया है। उन्होंने कहा कि बिना वैध अनुमति के सार्वजनिक उद्यान में पेड़ों की कटाई करना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में ठोस दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।

पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने कहा कि इस मामले में दोषियों को तुरंत चिन्हित कर ठोस कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक हरियाली को नुकसान पहुंचाने का साहस न कर सके। जाजू के अनुसार वर्षों पुराने विशालकाय पेड़ केवल हरियाली नहीं होते, बल्कि इनमें अनेक पक्षियों का भी बसेरा होता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि काटे गए पेड़ों के स्थान पर पांच गुने नए पौधे लगाकर उनका रखरखाव करें और इसकी राशि पेड़ काटने वाले दोषियों से वसूल की जाए।

## प्रेम प्रसंग में पड़ोसी ने युवक की हत्या की

### युवक बताया कि मृतक और उसकी भाभी के बीच अवैध संबंध थे

**डूंगरपुर, (निसं)।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेम प्रसंग के चलते पड़ोसी ने एक युवक की हत्या कर दी। शव को सड़क किनारे खाई में फेंक दिया। घटना के दो दिन बाद रविवार को आरोपी ने थाने में जाकर सरेंडर करते हुए वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

- **शव को सड़क किनारे खाई में फेंका, दो दिन बाद आरोपी ने थाने में सरेंडर किया**

सागवाड़ा थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया कि रविवार सुबह दिनेश पाटीदार थाने पहुंचा। दिनेश ने बताया कि उसने गांव के उसके पड़ोसी युवक तिलेश पाटीदार की हत्या कर दी है और शव घाटी में सड़क किनारे खाई में फेंक दिया है।

हत्या के कारण के बारे में जब पुलिस ने युवक से पूछा तो उसने बताया कि तिलेश पाटीदार और उसकी भाभी के बीच अवैध संबंध थे। जिसके चलते उसने 6 फरवरी को उसकी हत्या कर दी और शव को खाई में फेंक दिया था। युवक द्वारा सरेंडर करने पर पुलिस ने उसे डिटेन कर लिया। उसके बताए अनुसार पुलिस काली घाटी पहुंची और खाई से शव को बरामद किया। जिसकी पहचान पुलिस ने तिलेश के रूप में की। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। वहीं, एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए, जिसके बाद पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**टोंक, (निसं)।** देवली थाना क्षेत्र के जयपुर रोड स्थित दौलता मोड़ पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। हादसे में महिला का बेटा भी घायल हो गया। घटना में एक मिनी कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहला देवी (56) निवासी गणेशपुरा (थाना सरवाड) जो अपने पुत्र ओमप्रकाश गुर्जर के साथ पनवाड से लौट रही थी, तभी अंबेडकर छात्रावास के पास दौलता मोड़ पर एक मिनी कन्टेनर की टक्कर से बाइक असंतुलित होकर गिर गई। इस हादसे में नेहला देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

मौके पर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के सिर में गंभीर चोट आने से उनकी तत्काल मौत हो गई। बाइक चला रहे उनके पुत्र ओमप्रकाश को मामूली चोटें आई हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया। सूचना पर पंहुची देवली पुलिस ने घटनास्थल से मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाया। घटना के बाद पुलिस ने कन्टेनर को जब्त कर मामले की जांच शुरु की है।

# एसबीआई गोल्ड लोन में सोने का वजन बढ़ाकर धोखाधड़ी की

## 31 ग्राम सोने को 119 ग्राम बताकर लिया लोन, ब्रांच के मैनेजर ने महिला सहित दो पर मामला दर्ज कराया

**बीकानेर, (निसं)।** यहां एसबीआई गोगागेट ब्रांच में गोल्ड लोन के दौरान सोने के वजन को बढ़ा-चढ़ाकर बताने का मामला सामने आया है। बैंक ने 119 ग्राम सोना रखकर 3.75 लाख रुपये का लोन दिया था, लेकिन जांच में सोने का शुद्ध वजन सिर्फ 31 ग्राम पाया गया। इस मामले में बैंक की रिपोर्ट पर कोटगेट थाने में एक महिला सहित दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गोगागेट ब्रांच के मैनेजर प्रमोद कुमार ने कोटगेट थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि पिंकी सोनी और ओमप्रकाश सोनी ने बैंक से 3 लाख 75 हजार रुपये का गोल्ड लोन लिया था। इसके बदले बैंक में 119 ग्राम सोना जमा कराया गया।

बैंक रिकॉर्ड के अनुसार पिंकी सोनी के गोल्ड लोन का असेसमेंट ओमप्रकाश सोनी ने किया था। जांच में सामने आया कि जिस सोने को 119 ग्राम बताया गया, उसका शुद्ध वजन सिर्फ 31 ग्राम था। असेसमेंट रिपोर्ट में सोने की कीमत 5 लाख 10 हजार 899 रुपये दिखाई गई थी, जबकि वास्तविक कीमत इससे काफी कम निकली। बैंक की शिकायत पर पुलिस ने जेलवेल टंकी क्षेत्र निवासी पिंकी सोनी और जे.के. ज्वैलर्स के ओमप्रकाश सोनी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दस्तावेजों व असेसमेंट प्रक्रिया की पड़ताल की जा रही है। पुलिस के अनुसार गोल्ड लोन में सोने का वजन और कीमत बढ़ाकर बताने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। कोतवाली और जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र में ऐसे मामलों की जांच पहले से चल रही है। पुलिस अब यह भी देख रही है कि इस मामले में किसी और की भूमिका तो नहीं है।

## नकली सोना देकर नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नकली सोना देकर नकदी हड़पने का मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नलगंज यूपी निवासी मो. रफीक पुत्र मो. शफी ने गुजरात निवासी नितेश कुमार के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि इंस्टाग्राम पर आरोपी से संपर्क हुआ। इस दौरान मोबाइल पर बातचीत होने पर इंस्टाग्राम पर दिए गए सोने बेचने का उल्लेख किया गया तो उसने सोने के बिस्कट बेचने की बात कही। इस पर 15 मई 2024 को मैं कानपुर से उदयपुर आया तथा आरोपी गुजरात से उदयपुर आया। वहां मेवाड़ मोटर गली में स्थित होटल में रूकने के बाद बातचीत होने पर दो सोने के बिस्किट लिए बदले में 4 लाख 50 हजार रूपये का आरोपी को भुगतान किया।

सोने की जांच के लिए कहने पर उसने गांव जाकर ही जांच कराने को कहा था। गांव पहुंचकर जांच करवाई तो बिस्किट नकली होने की पुष्टि हुई। इस पर आरोपी से संपर्क किया तो उसने परिचित द्वारा धोखे से दूसरा बिस्किट रखने की जानकारी देते हुए उससे पूछताछ के बाद जवाब देने की बात कही, लेकिन आज दिन तक फोन नहीं आया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# उदयपुर में पूर्व पार्षद की सड़क हादसे में मौत

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हादसा हुआ

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर शहर के भूपालपुरा थाना क्षेत्र में सेवाश्रम फ्लाई ओवर के नीचे बीएन कॉलेज के सामने शनिवार रात हुए सड़क हादसे में भाजपा के पूर्व पार्षद हेमंत बोहरा पुत्र मदनलाल की मौत हो गई। हेमंत उदयपुर नगर निगम के वार्ड 38 के पूर्व पार्षद थे।

जानकारी के अनुसार हेमंत बोहरा शनिवार रात करीब 10.15 बजे शहर के सूरजपोल से सेक्टर तीन स्थित अपने घर की तरफ जा रहे थे। तभी बीएन कॉलेज से पहले गोविंदपुरा-सुभाषनगर मार्ग के

- **बोहरा रात को मित्रों से मिलकर घर के लिए निकले थे उन्हें किस गाड़ी ने टक्कर मार दी, इसका पता नहीं चल पाया**

बाहर किसी वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गए। उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं। बोहरा रात को अपने कुछ मित्रों से मिलकर घर के लिए निकले थे। उन्हें किस गाड़ी ने टक्कर मारी, इसका पता नहीं चल पाया है।हादसे के बाद लोगों ने उन्हें गीतार्जलि अस्पताल पहुंचाया। यहां देर रात को ही उनके सिर में गहरी चोट लगने पर ऑपरेशन भी किया गया। यहां सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सुबह बोहरा के साथ हुये हादसे और निधन की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता अस्पताल पहुंचे। बोहरा के निधन पर भाजपा नेताओं ने शोक भी जताया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर दो बजे किया गया।

## अज्ञात ने दुकान में आग लगाई

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ तहसील के गांव जनाऊ खारी में शनिवार व रविवार की आधी रात को अज्ञात आरोपियों ने गांव में बनी रोहताश पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी जनाऊ खारी की दुकान के ताले तोड़कर आग लगी दी। ग्रामीणों के अनुसार अज्ञात आरोपियों द्वारा रात्रि करीब 1.45 मिनट पर आगजनी की वारदात को अंजाम देना बताया जा रहा है।

जनाऊ खारी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विरेन्द्र पूनियां ने बताया कि रोहताश पुत्र ओमप्रकाश शर्मा की दुकान के अन्दर करीब 4 से 5 लाख रूपये का सामान था, जो कि जलकर राख हो गया। जैसे ही आगजनी की वारदात सामने आने पर आगजनी की भेंट चढ़ी दुकान के आसपास ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आगजनी पर काबू पाया।

# टोंक में 13 लाख का डोडा-पोस्त और स्मैक जब्त, छह गिरफ्तार

## तीन पुलिस थाना क्षेत्रों से एक कार और दो बाइक जब्त की है

**टोंक, (निसं)।** जिले को नशा मुक्त करने की दिशा में कार्रवाई करते हुए जिला स्पेशल टीम ने शनिवार को तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में 13 लाख रुपए कीमत का अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त और स्मैक पकड़ी है। टीम ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर एक कार और दो बाइक जब्त की है।

- **दूनी, देवली और डिग्गी थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई**

जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि इस कार्रवाई में दूनी थाना क्षेत्र में राजमहल के पास एक क्रेटा कार के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार से करीब सात लाख रुपए कीमत का 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त जब्त किया है। इसी तरह देवली थाना क्षेत्र में जयपुर चुंगी नाके से नासिरदा रोड पर एक महिला से बाजार कीमत करीब पांच लाख रुपए का 25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। साथ ही खरीद फरोख्त के 8460 रुपए बरामद किए हैं। वहीं डिग्गी थाना क्षेत्र में उपतहसील ऑफिस के पीछे तीन आरोपियों के कब्जे करीब से एक लाख रुपए की अवैध मादक पदार्थ 5.11 ग्राम स्मैक जब्त कर दो बाइक बरामद की है। पुलिस थाना दूनी, देवली व डिग्गी में अलग- अलग 3 प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में दूनी थाना क्षेत्र से रामरतन पुत्र अमराव व नरेन्द्र सिंह उर्फ गज्जू पुत्र नाथूसिंह दोनों निवासी जोरावरपुरा, पुलिस थाना बोराडा जिला अजमेर को गिरफ्तार किया है। इसी तरह डिग्गी थाना क्षेत्र से राकेश पुत्र रामराय जाट निवासी अरण्या थाना, संजय पुत्र बद्रीलाल यादव निवासी नैनस्या थाना फागी जिला जयपुर व नितिन पुत्र शास्त्री प्रकाश शर्मा निवासी डिग्गी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा देवली थाना क्षेत्र से डीएसटी ने एक महिला को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।



टोंक में पुलिस टीमों ने कार से अवैध डोडा-चूरा जब्त किया।

## अवैध डोडा-चूरा से भरी कार जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रताप नगर थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान लाखों का अवैध डोडा-चूरा से भरी कार जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर प्रताप नगर थानाधिकारी पूरणसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एसआई अशोक कुमारसिंह, एएसआई सुनील विश्नोई मय टीम मुखबर से मिली सूचना के आधार पर डबोक से अंबेरी की तरफ अवैध डोडा-चूरा से भरी कार आने की सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच कर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान आई कार को रोकने पर चालक साथी भगा ले गया तथा आगे जा कर अंधेरे में कार छोड़ कर भाग गए। वहीं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तलशी ली तो कार में 25 कट्टों में 456 किलोग्राम अवैध डोड़ा-चूरा भरा हुआ एवं दो अन्य वाहनों की नंबर प्लेटें मिली। पुलिस ने अवैध डोडा-चूरा मय वाहन जब्त कर प्रकरण दर्ज कर तस्करों की तलाश शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की।

## रूपम गोल्ड शोरूम लूट मामले मुख्य सरगना गिरफ्तार

**राजसमंद, (निसं)।** एसपी ममता गुप्ता के नेतृत्व में साल 2023 के कांकरोली के बहुचर्चित रूपम गोल्ड शोरूम लूट मामले में मुख्य सरगना सुबोध सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी को ओडिशा की संभलपुर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर राजसमंद लाया गया। आरोपी को विशिष्ट न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी सुबोध सिंह पर लूट और हत्या समेत विभिन्न धाराओं में देशभर में 30 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह मणप्पुरम् गोल्ड लूट मामले में संभलपुर जेल में बंद था। जहां से पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। प्रकरण में पुलिस पहले ही बिहार निवासी कृतिक कुमार उर्फ किट्टू पासवान और मनीष कुमार उर्फ राहुल को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर लूटे गए सोना, चांदी और नकदी की बरामदगी का प्रयास करेगी। गौरतलब है कि 23 अगस्त 2023 को दिनदहाड़े चार बदमाशों ने पिस्टल की नोंक पर रूपम गोल्ड शोरूम से करीब डेढ़ किलो सोना, डेढ़ किलो चांदी और 18 लाख रुपये नकद लूट लिए थे, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है।

# श्रीगंगानगर जिला अस्पताल में नर्सिंगकर्मी ने पीएमओ को जान से मारने की धमकी दी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिला अस्पताल के स्टाफ की गुंडागर्दी का कथित तौर पर गंभीर मामला सामने आया है। एक नर्सिंगकर्मी ने पीएमओ डॉ. सुखपाल बराड़ को उनके ही ऑफिस में जाकर जान से मारने तक की धमकी दे डाली। यह घटना ओपीडी समय के दौरान हुई। जिस समय नर्सिंगकर्मी पीएमओ कार्यालय कक्ष में आया, उस समय अन्य डॉक्टर स्टाफ भी मौजूद था। पीएमओ द्वारा अस्पताल चौकी प्रभारी हैड कांस्टेबल फूलसिंह को परिवाद देकर राजकार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकियां देने के आरोप लगाए हैं। हालांकि सदर पुलिस की ओर से अभी इस संबंध में एफआईआर दर्ज नहीं की है। पीएमओ डॉ. सुखपालसिंह बराड़ ने इस संबंध में विधायक जयदीप बिहाणी तथा कलेक्टर डॉ. मंजू को तत्काल ही सूचित किया। एमएलए और कलैक्टर ने आरोपी नर्सिंगकर्मी कुलदीप राय के खिलाफ मामला दर्ज करवाने की हिदायत दी।

इधर सामने आया है कि आरोपी कुलदीप नर्सिंग यूनियन और अपने परिवार के राजनीतिक संपर्कों के कारण अधिकारियों के साथ ऐसा व्यवहार करता रहा है। अब भी नर्सिंग यूनियन की ओर से मामले में राजीनामा करवाए जाने का दबाव बनाए जाने की आशंका है।

- **पीएमओ ने अस्पताल चौकी में परिवाद देकर राजकार्य में बाधा डालने और जान से मारने की धमकियां देने के आरोप लगाए**

पीएमओ डॉ. सुखपाल बराड़ ने बताया कि नर्सिंगकर्मी कुलदीप राय का व्यवहार पूर्व में भी विवादास्पद रहा है। उसने नर्सिंग अधीक्षक किशोर विनायक से मौका निरीक्षण के दौरान भी बदसलूकी की थी। बाद में उनके ऑफिस में आकर भी धमकाया कि उसके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की किसी में हिम्मत नहीं है। अगर नोटिस भी दिया तो जान से मार देगा। इससे नर्सिंग अधीक्षक किशोर विनायक घबरा गए और उन्होंने पूरी बात बताई।

पीएमओ ने बताया कि कुलदीप को तीन दिन तक मौका दिया कि वह अपनी गलती मान ले और लिखित में माफीनामा प्रस्तुत कर दे, लेकिन उसने ऐसा न करके उलटा राजकार्य में बाधा डाली और जान से मारने की खुलेआम ही धमकी दे दी। इस संबंध में चौकी प्रभारी फूलचंद और एसएचओ सुभाषचंद्र से बात करने के प्रयास किए लेकिन बात नहीं हो पाई। यह मामला जिला अस्पताल में तीन-चार दिन से चल रहा है। आरोपी नर्सिंगकर्मी कुलदीप राय की मेल मेडिकल ए वार्ड में दोपहर शाम की पारी में ड्यूटी थी। उस समय पीएमओ को किसी ने शिकायत की कि मेल मेडिकल वार्ड में लपके मरीज की फाइल देख रहे हैं।

इस पर पीएमओ ने नर्सिंग अधीक्षक किशोर विनायक को मौके पर भेजा। नर्सिंग अधीक्षक मेल मेडिकल वार्ड में पहुंचे तो नर्सिंग प्रभारी की सीट पर दो युवक बैठे मरीज की फाइल का निरीक्षण कर लिखा-पढ़ी कर रहे थे। जिनको वार्ड में नर्सिंग स्टाफ कार्यालय में पकड़ा, वे जिला अस्पताल से बाहर के मेडिकल स्टोर, पैथ लैब अथवा निजी अस्पताल में काम करते हैं। इसकी रिपोर्ट पर पीएमओ ने नर्सिंगकर्मी कुलदीप को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। इससे नर्सिंगकर्मी कुलदीप नाराज हो गया और पीएमओ कक्ष में पहुंचकर खुलेआम उनको जान से मारने की धमकी दे डाली और उनसे हाथापाई करने की कोशिश की। उस समय मौजूद डॉक्टरों और कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला।

# इंडिया स्टोन मार्ट में राज्यपाल ने स्टॉल और हस्तशिल्प कलाकारों को सम्मानित किया

## राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री क्रे के विश्नोई रहे मौजूद

**जयपुर।** सीडॉस, लघु उद्योग भारती और रीको के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी), सीतापुरा में आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी इंडिया स्टोन मार्ट 2026 प्रदर्शनी का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में माननीय राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े जी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री क्रे के विश्नोई, एसीएस उद्योग शिखर अग्रवाल और रीको एमडी शिवांगी स्वर्णकार, कार्यक्रम संयोजक नटवर लाल अजमेरा, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव लघु उद्योग भारती नरेश पारीक भी मौजूद रहे।

- **समारोह के दौरान राज्यपाल, विधानसभाअध्यक्ष, उद्योग राज्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देश-विदेश से आए प्रदर्शकों द्वारा प्रस्तुत तकनीकों, आधुनिक मशीनरी, स्टोन उत्पादों एवं नवाचारों की सराहना की**

समारोह के दौरान माननीय राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, उद्योग राज्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देश-विदेश से आए प्रदर्शकों द्वारा प्रस्तुत नवीन तकनीकों, आधुनिक मशीनरी, स्टोन उत्पादों एवं नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा विभिन्न श्रेणियों में कुल 36 श्रेष्ठ स्टॉलों, हस्तशिल्प कलाकारों और संस्थानों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।




**राज्यपाल ने विभिन्न श्रेणियों में कुल 36 श्रेष्ठ स्टॉलों, हस्तशिल्प कलाकारों और संस्थानों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।**

पुरस्कार वितरण समारोह में श्रेष्ठ ओवर ऑल डिस्प्ले के लिए सुजुकी इंडिया को सम्मानित किया गया।

इनडोर स्टोन डिस्प्ले श्रेणीमें आरएसजी स्टोन एवं एयूएम इंडस्ट्री, जबकि स्टोन आर्ट प्रोडक्ट्स श्रेणी में इंडिया स्टोन आर्ट्स और मित्तल आर्ट एंड एक्सपोर्ट को पुरस्कार प्रदान किए गए। मशीनरी श्रेणी में कर्म मशीन टूल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं भगवती मशीन्स को सम्मान मिला।

आउटडोर श्रेणीमें स्पिनिंग रॉक एलएलपी (गर्नोव) और जे.बी इंटरनेशनल को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। विदेशी प्रदर्शकों में रेसा मेडेनसिलिक (तुर्की) एवं मार्ग्राफ एसपीए, इटली को सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त शिल्पग्राम पवेलियन के अंतर्गत पारंपरिक एवं आधुनिक स्टोन हस्तशिल्प श्रेणी में नवीन शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, गोपाली एवं बनवारी लाल सैनी सहित कई कलाकारों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

राज्य पवेलियन श्रेणी में गुजरात को प्रथम तथा ओडिशा को द्वितीय पुरस्कार मिला, वहीं सरकारी श्रेणी में डिपार्टमेंट ऑफ माइंस एंड पेट्रोलियम, गवमेंट ऑफ राजस्थान को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन मेंमाननीय राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े जीने कहा कि, इंडिया स्टोनमार्ट जैसे आयोजन राजस्थान की स्टोन इंडस्ट्री को वैश्विक मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राजस्थान, नवाचार, तकनीक और सस्टेनेबिलिटी के माध्यम से स्टोन सेक्टर में विश्व नेतृत्व की क्षमता रखता है। ऐसे आयोजन रोजगार सृजन और निर्यात को नई दिशा देते हैं।

वासुदेव देवनानी, माननीय अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभाने कहा कि, इंडिया स्टोन मार्ट 2026 ने राजस्थान की औद्योगिक पहचान को वैश्विक स्तर पर और सुदृढ़ किया है। उन्होंने प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी उद्यिमयों, आयोजकों और प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

# सहकारिता विभाग की वेबसाइट से छेड़छाड़ कर 18 करोड़ की जालसाजी में आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** चित्रकूट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जालसाजी के जरिए बैंक से करीब 18 करोड़ रुपए का लोन लेने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सहकारिता विभाग की वेबसाइट पर फर्जी दस्तावेज अपलोड कर रिकॉर्ड में हेरफेर किया और जाली इस्तीफों के जरिए एक एजुकेशन सोसायटी पर कब्जा करने की साजिश रची। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

- **आरोपी ने सहकारिता विभाग की वेबसाइट पर फर्जी दस्तावेज अपलोड कर रिकॉर्ड में हेरफेर किया**

धोखाधड़ी के इस मामले में अभिमन्यु जाखड़ निवासी क्वींस रोड वैशाली नगर को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जून 2025 में पीड़ित शीशराम ने चित्रकूट थाने में मामला दर्ज करवाया था कि आरोपी अभिमन्यु जाखड़ ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश रची और उन्हें एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष पद से हटाने का प्रयास किया।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने पीड़ित और उनकी बेटी के नाम से फर्जी इस्तीफे तैयार कर उन पर जाली हस्ताक्षर किए और सहकारिता विभाग में पेश कर दिए। इसी आधार पर एजुकेशन सोसायटी का रिकॉर्ड बदलवा कर अपने मामा रणजीत गोदारा को नया अध्यक्ष बना दिया गया। पुलिस को इस बदलाव के लिए न तो वैध चुनाव का रिकॉर्ड मिला और न ही समिति सदस्यों की सहमति।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को खैरथल-तिजारा के गांव बघेरी कलां पहुंचकर पूर्व मंत्री स्व. हेमसिंह भड़ाना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।**

# शिव पुराण कथा महोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित वीटी रोड मेला ग्राउंड पर जयपुर परिवार सेवा ट्रस्ट के बैनर तले आगामी 20 से 26 मार्च तक होने वाली शिव पुराण कथा, महा मृत्युंजय रुद्र महायज्ञ की तैयारियों को लेकर आज मानसरोवर, अरावली मार्ग स्थित कार्यालय पर बैठक हुई। बैठक में आयोजन को कैसे ऐतिहासिक बनाएं इस पर मंथन किया गया,साथ ही विभिन्न समितियों का गठन कर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी गई।आयोजन समिति के मुख्य व्यवस्थापक अखिलेश अत्री ने बताया कि इस मौके पर आयोजन से जुडे समिति के. प्रतिनिधियों ने अपने-अपने सुझाव रखे,जिन्हें सभी ने गहनता से सुनकर मंथन किया। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों की एक ही राय थी कि शिव पुराण कथा का प्रचार-प्रसार अधिक संख्या में कैसे हों। ताकि अधिक से अधिक लोग कथा का रसपान कर सके और कथा के दौरान किसी भी श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो,इस तरह की व्यवस्था कथा के दौरान की जाए,साथ ही कोटि यजमानों की संख्या को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में वन्यजीवों के दीदार के लिए उमड़ा सैलानियों का सैलाब

**जयपुर।** जयपुर का नाहरगढ़ जैविक उद्यान सैलानियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2026 के अब तक के मात्र 39 दिनों में 57 हजार से अधिक पर्यटक उद्यान में वन्यजीवों के दीदार कर चुके हैं।

एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि रविवार को बदलते मौसम का सुहावना मिजाज और अवकाश के दिन का उत्साह बड़ी संख्या में पर्यटकों को नाहरगढ़ जैविक उद्यान की ओर खींच लाया। इस दौरान कुल 3,177 सैलानियों ने उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों को नजदीक से देखने का अनुभव प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान लायन सफारी और टाइगर सफारी पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। कुल 284 पर्यटकों ने दोनों सफारियों का रोमांचक अनुभव लिया। बाघों की गर्जना और शेरों की शाही चाल ने सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

- **284 पर्यटकों ने लिया लायन व टाइगर सफारी का रोमांचक अनुभव**

नाहरगढ़ जैविक उद्यान में संचालित टाइगर सफारी और लायन सफारी इन दिनों न केवल जयपुरवासियों बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी विशेष आकर्षण बनी हुई हैं। शहर के समीप प्राकृतिक हरियाली और वन्यजीवों का यह संगम पर्यटकों को पारिवारिक सैर के साथ रोमांच का अनूठा अनुभव प्रदान कर रहा है।

उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में उद्यान में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ एवं रेंजर शुभम शर्मा द्वारा रविवार को सफारियों की सघन मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

एसीएफ देवेन्द्र सिंह राठौड़ की देखरेख में टूरिज्म मैनेजमेंट टीम द्वारा सफारी संचालन एवं भीड़ नियंत्रण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पर्यटकों को टिकटिंग, वाहन सुविधा, मार्गदर्शन एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

वन विभाग की सतत निगरानी एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन के चलते नाहरगढ़ जैविक उद्यान आज राज्य के प्रमुख और लोकप्रिय वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शुमार हो गया है। यह उद्यान न केवल पर्यावरण संरक्षण का सशक्त उदाहरण है, बल्कि पर्यटकों के लिए शिक्षाप्रद एवं मनोरंजक अनुभव का केंद्र भी बनता जा रहा है।

इस अवसर पर राजाराम मीणा, विजेंद्र चौधरी, दलीप सिंह शेखावत, सोनू मीणा, कैलाश चंद्र, सरिता चौधरी, गोकुल मीणा, बसंती गुर्जर, विमला मीणा, हंसा कुमारी, बनवारी लाल शर्मा, ओम प्रकाश, सुरेश चंद मीणा, भंवर सिंह आमला सहित अन्य कार्मिकों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।


## नाम परिवर्तन

मैं देवन्ती देवी माता सेना नं. 15210046M हवलदार (डीएमटी), अमित कुमार ग्राम- बंगरा, पोस्ट- बंगरा, तहसील- मांझी (सारण), जिला- छपरा (सारण) राज्य बिहार, पिन कोड- 841205, मेरे पुत्र के सेवा अभिलेख मे मेरा नाम देवन्ती देवी (Dewanty Devi) और जन्मतिथि 01.07.1949 गलत दर्ज है। मेरा सही नाम Devanti Devi एवं सही जन्मतिथि 03.03.1966 है।

मैं अधिर चन्द्र मंडल पिता सेना नं. 15159842K बी.एच.एम. सुब्रता मंडल, ग्राम- देउल बेरीया, पो.- पाथर बेरीया, तहसील- अलीपूर, जिला- साउथ 24 प्रगनास राज्य- पश्चिम बंगाल, पिन- 743377 मेरे पुत्र के सेवा अभीलेख में मेरा नाम अधिर मंडल (ADHIR MANDAL) और जन्मतिथी 01.07.1947 है। जो गलत है। मेरा सही नाम अधिर चन्द्र मंडल (ADHIR CHANDRA MONDAL) एवं सही जन्म तिथी 01.01.1952 है।

मैं ललीता मंडल (LALITA MONDAL) माता सेना नं. 15159842K बी. एच.एम., सूब्रता मंडल, ग्राम- देउलबेरीया, पोस्ट- पाथर बेरीया, तहसील- अलीपूर, जिला- साउथ 24 प्रगनास, राज्य- पश्चिम बंगाल, पिन- 743377, मेरे पुत्र के सेना अभीलेख में मेरा नाम ललीता मंडल (LALITA MANDAL) जोकि गलत है। मेरा सही नाम ललीता (LALITA MONDAL) है। एवं मेरा जन्मतिथी 01.07.1952 है। जो कि गलत है। सही जन्मतिथी 01.01.1957 है।

मैं सेना क्रमांक 15196053P एन के (डीएमटी) किर्ति सैम किरण, यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट (आर्टिलरी) से हूँ। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी माता का नाम कीर्थि मंगम्मा और जन्मतिथि 05/08/1972 गलत दर्ज है। मेरी माता का सही नाम किर्ति मंगम्मा और जन्मतिथि 23/02/1972 है।

I have changed my name from Vijander Kumar Jain to Vijendra Kumar Jain S/o Vimal Kumar Jain for all purpose. Resi.:- B-6D, Monika Vihar, Manyavas Road, Mansarover, Jaipur.

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# उत्थान शिविरों में गोद भराई व अन्नप्राशन कार्यक्रमों का आयोजन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले के प्रत्येक गिरदावर सर्किल में ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित एवं प्रभावी लाभ उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा जिले में आयोजित हो रहे ग्राम उत्थान शिविरों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

रविवार को जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार आयोजित ग्राम उत्थान शिविरों में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं नन्हें शिशुओं के अन्नप्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों में अधिक से अधिक आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निस्तारण करते हुए पात्र लाभार्थियों को तत्काल स्वीकृतियां जारी की जाएं, ताकि ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए योजनाओं की सरल, स्पष्ट एवं व्यवहारिक जानकारी आमजन को उपलब्ध कराने तथा शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से कृषि, पशुपालन, उद्योग, ऊर्जा, जल संसाधन, सहकारिता, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास सहित कुल 12 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा पात्रता अनुसार स्वीकृतियां मौके पर ही जारी की जा रही हैं।

चाकसू के तितरिया में, चौमूं के डोला का बास कालाडेरा में, शाहपुरा के उच्च माध्यमिक विद्यालय साईवाड़ में, मौजमाबाद के पंचायत भवन मौजमाबाद एवं फागी के नगर पालिका परिसर फागी में ग्राम उत्थान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

# सनातन चेतना के साथ एक मंच पर जुटा हिन्दू समाज



**विराट हिन्दू सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और राष्ट्रीय चेतना के भाव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ।**

**जयपुर।** सनातन संस्कृति, धर्म, आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम 8 फरवरी को ब्रह्मपुरी बस्ती स्थित वीर हनुमान मंदिर परिसर में देखने को मिला, जहां विराट हिन्दू सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और राष्ट्रीय चेतना के भाव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल हिन्दू समाज को एक सूत्र में बांधा, बल्कि सनातन परंपराओं के प्रति जनमानस की आस्था को भी और अधिक सशक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे भव्य कलश यात्रा से हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष और नहर के गणेश जी मंदिर के महंत पंडित जय कुमार शर्मा सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मातृशक्ति को सिर पर प्रधान कलश धारण कराकर यात्रा का शुभारंभ किया।

501 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर, डीजे पर गूंजते भजनों और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ रवाना हुई। कलश यात्रा के आगे वीरांगनाओं और महापुरुषों के वेश में बालक-बालिकाएं हाथों में तलवार और भाले लेकर चल रहे थे। वहीं पुरुष शुभ्र वस्त्रों में भगवा साफा धारण कर हाथों में भगवा ध्वज लिए चल रहे थे। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर हिन्दू समाज ने यात्रा का स्वागत किया। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और सनातन चेतना से सराबोर नजर आया।

# स्कूल में गूंजा साइबर सुरक्षा का मंत्र

**जयपुर।** डिजिटल युग में बढ़ते खतरों के बीच छात्रों को साइबर कवच प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत जयपुर के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कम्युनिटी पुलिसिंग सुनीता मीणा ने छात्रों को संबोधित करते हुए साइबर अपराध के बदलते चेहरों से रूबरू कराया। उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल्स और सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को निशाना बनाया जाता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इंटरनेट एक उपयोगी साधन है, लेकिन बिना सतर्कता के यह एक खतरनाक डिजिटल प्लेटफॉर्म भी बन सकता है।

एएसपी सुनीता मीणा ने छात्रों को सुरक्षा के व्यावहारिक गुरुमंत्र दिए। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या संदिग्ध गतिविधि होने पर घबराने के बजाय तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए। छात्रों को सिखाया गया कि कैसे अपनी निजी जानकारी को गोपनीय रखें।

# जागरूकता एवं श्रमदान आधारित गतिविधियाँ आयोजित

**कोटपूतली/जयपुर।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस विषेष षिविर के द्वितीय दिवस रविवार को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखते हुये अनेक जागरूकता एवं श्रमदान आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गईं। महाविद्यालय परिसर में दिन भर उत्साह और सामाजिक जिम्मेदारी का माहौल देखने को मिला, जहाँ स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता और हरित पर्यावरण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता एसीबीईओ पूरण कसाना ने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण केवल अभियान नहीं बल्कि जीवन के मूल मूल्य हैं, जिन्हें अपनाकर ही स्वस्थ समाज, सुरक्षित पर्यावरण और जिम्मेदार नागरिकता का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को पेड़ लगाओ, पानी बचाओ और प्लास्टिक मुक्त बनो को जीवन में उतारने का संदेश देते हुये कहा कि यदि हर व्यक्ति छोटी-छोटी सकारात्मक आदतें अपनाये तो समाज में बड़े बदलाव संभव हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुये युवाओं को आगे आकर नेतृत्व करने का आ ान किया। पर्यावरण संरक्षण के शोधकर्ता डॉ. राधेश्याम कसाना ने स्वच्छता को दैनिक जीवन की आदत बनाने पर विशेष जोर दिया।


## खोया पाया

मेरे प्लाट नंबर 245 योजना श्याम वाटिका फेस II JDA की योजना के मूल पट्टा स्टांप पेपर, साइट प्लान एवं विक्रय पत्र जयपुर में खो गए है सूचित करे राजेश कुमार मीणा मो - 7014530343

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AMGI Automobile, कैलाश कुमावत (49 प्रतिशत) मनीष गोगिया (51 प्रतिशत) की पार्टनरशिप थी। अब यह 100 प्रतिशत प्रोपराईटरशिप कैलाश कुमावत के नाम रहेगी।

**सार्वजनिक सूचना** हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि हम लालचन्द पंवार एवम सुनीता सैनी पत्नि लालचन्द पंवार, निवासीगण मकान न. ए-41, उदय नगर, जयपुर की पुत्र संतान आदित्य है जो हमारे कहने में नहीं है। आदित्य के द्वारा हमारे कहे अनुसार कार्य नहीं किये जाते है। इसलिए हम अपने पुत्र आदित्य पंवार को अपनी सम्पति से बेदखल करते है। आदित्य पंवार अपने कृत्यों एवं जिम्मेदारियों के लिये स्वयं जिम्मेदार है। आदित्य के कृत्यों व जिम्मेदारीयों से हमारा लेन देन सरोकार नहीं है। सूचित रहे।
जयपुर एल.सी. पवार एवम् सुनीता सैनी
दिनांक 07.02.2026 उदय नगर, जयपुर


# शिक्षा का अधिकार शिविर आयोजित

**शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष भँवरलाल बुगालिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने एमानुएल मिशन सैकंडरी स्कूल में बाल शिक्षा के अधिकार पर शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य ऑखिल सूना द्वारा अध्यक्षता की गई। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम अनुच्छेद 21 सेक्शन 12 के तहत 2009 को सभी प्राइवेट स्कूलों सहित लागू किया। जिसे नये शिक्षा सत्र अप्रैल 2010 से संम्पूर्ण भारत में सभी समुदायों के बालक एवं बालिकाओं के लिए प्राथमिक कक्षा से कक्षा के कुल छात्रों की संख्या का 25 असहाय दिव्यांग पीड़ित निर्धन परिवार के बच्चों के भविष्य के जिविका के उद्देश्य से अनिवार्य शिक्षा लागू की है। अधिकार मित्र ने बताया कि प्राईवेट संस्था के आवेदन फार्म अंग्रेजी भाषा में लिखे जाने एवं संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र को भरने के लिए कोई भी " सहायता प्रकोष्ठ "अधिकारी नहीं रखते है। इस कारण के कोटे में अपने इच्छित बालक-बालिका के द्वारा सीटों की पूर्ती की जाती है।

# दरगाह की छत निर्माण पर सियासी टकराव में दो विधायक आमने-सामने

- **हवामहल से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और परकोटा क्षेत्र में चल रहे निर्माण को अवैध बताते हुए इसे रुकवाने की मांग की**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के परकोटा क्षेत्र में स्थित चांदपोल गेट की सरकारी सब्जी मंडी के पास एक पुरानी दरगाह की छत निर्माण को लेकर रविवार को सियासी तापमान अचानक बढ़ गया। निर्माण कार्य के विरोध और समर्थन में दो विधायकों के आमने-सामने आने से मौके पर नारेबाजी की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ने की आशंका को देखते हुए जयपुर नॉर्थ पुलिस ने अतिरिक्त जाब्ता तैनात कर स्थिति को नियंत्रित किया।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह हवामहल से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और परकोटा क्षेत्र में चल रहे निर्माण को अवैध बताते हुए इसे रुकवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि चांदपोल सहित अजमेरी गेट और घाटगेट जैसे ऐतिहासिक क्षेत्रों में अवैध निर्माण बढ़ते जा रहे हैं। सरकारी सब्जी मंडी में पहले से 4 बाई 4 का अतिक्रमण है, जिसे बढ़ाकर 400 गज करने का प्रयास किया जा रहा है। प्राचीन परकोटा दीवार को तोड़कर सरिए डालना पुरातत्व के साथ खिलवाड़ है।

इस दौरान सूचना पर स्थानीय किशनपोल विधायक अमीन कागजी भी मौके पर पहुंचे। दोनों विधायकों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। अमीन कागजी ने कहा कि निर्माण कार्य 30 जनवरी को जारी वर्क ऑर्डर के तहत हो रहा है और इसमें कोई अवैधता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेवजह विवाद खड़ा कर शहर का माहौल खराब किया जा रहा है।

कागजी ने कहा कि उन्होंने अपने विधायक कोष से 20 लाख रुपए स्वीकृत कर करीब 100 साल पुरानी गुलाब शाह बाबा की दरगाह की छत का निर्माण करवाया है। पहले यहां जर्जर टीन शेड था, जिसे हटाकर पक्की छत बनाई जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि क्षेत्र में स्थित प्राचीन गणेश मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों के कार्य भी उनके द्वारा कराए गए हैं। विवाद बढ़ने पर एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) बजरंग सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। बजरंग सिंह ने बताया कि संजय सर्किल स्थित परकोटा क्षेत्र में एक भवन में छत निर्माण चल रहा है, जिसके लिए नगर निगम की ओर से वर्क ऑर्डर जारी किया गया है। निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद की सूचना मिली थी। पुलिस ने समझाइश कर दोनों पक्षों को शांत कराया है। वर्क ऑर्डर की वैधता की जांच की जा रही है।

वहीं मौके पर पहुंचे डीसीपी करण शर्मा ने बताया कि चांदपोल गेट के पास स्थित एक पुरानी मजार की छत पर निर्माण कार्य चल रहा था, जिसको लेकर विरोध उत्पन्न हुआ। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए दोनों पक्षों को अलग किया है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त जाब्ता तैनात किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुलाब शाह बाबा की दरगाह करीब 100 साल पुरानी है और इसमें सभी वर्गों की आस्था है। छत निर्माण स्थानीय निवासियों की मांग पर कराया जा रहा है और यह कोई नया या अवैध अतिक्रमण नहीं है। फिलहाल पुलिस और नगर निगम की ओर से वर्क ऑर्डर और निर्माण की वैधानिक स्थिति की जांच की जा रही है।

# नकाबपोश बदमाशों ने दुकान में घुसकर लूट का किया प्रयास

**जयपुर।** करधनी थाना इलाके में नकाबपोश बदमाशों ने एक दुकान के अंदर घुसकर दुकानदार की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक कर नाकू की नोंक पर उसे बंधक बना लूट का प्रयास किया। लेकिन शोर-शराबे की आवाज सुन आसपास के स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस गिरफ्तार दोनो अभियुक्तों के अपराधिक रिकॉर्ड को खंगलाने में जुटी है।

- **आंखों में मिर्च पाउडर डालकर चाकू से बंधक बनाने की कोशिश**
- **स्थानीय लोगों ने आरोपी को मौके पर दबोचा**
- **मौके पर पहुंची पुलिस ने किया गिरफ्तार**

योगेंद्र प्रसाद शर्मा (49) ने मामला दर्ज कराया है की उसकी थाना इलाके फैंसी आइटम की तनिष्का स्टोर के नाम से दुकान है। देर रात पौने 10 बजे वो दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था। इसी दौरान दो युवक खरीदारी करने के बहाने से मुंह पर मास्क लगा कर दुकान में आए। दोनो युवकों ने सामान का पैसे दिया और बाहर चले गए। कुछ ही देर में दोनो युवक वापस आए और कुछ ओर सामान दिखाने के लिए कहा। जैसे ही पीड़ित ने सामान निकालने का प्रयास किया वैसे ही दोनो बदमाशों ने पीड़ित पर हमला कर दिया। एक युवक ने पीड़ित के बाल पकड़े और मुंह पर मिर्च पाउडर डाल दिया।चाकू के वार से पीड़ित योगेंद्र की जैकेट फट गई। पीड़ित ने शोर मचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने मुंह दबाने का प्रयास किया। पीड़ित के शोर मचाने पर दोनो आरोपी मौके से फरार हो गए। स्कूटी से फरार हुए दोनो बदमाशों को स्थानीय लोगों ने पीछा कर अथान (20) पुत्र रहीस अहमद ,उत्तर प्रदेश बिजनौर निवासी हाल कालवाड़ रोड मंगलम सिटी निवासी व रोबवाब उर्फ नवाब खान (26) पुत्र बेहाब,उत्तरप्रदेश हाल कालवाड़ रोड मंगल सिंटी निवासी को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1283
चूंकि प्रार्थी श्री ROHIT KUMAR RUNGTA, E 4, G 2, GANESHAM TOWER, AMRAPALI ROAD, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास सरिता देवी रूंगटा चेरिटेबल ट्रस्ट E4, G2, GANESHAM TOWER, AMRAPALI ROAD, JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 03.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 09.04.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



"एक समय 77 रनों पर भारत के छह बल्लेबाज़ आउट हो गए थे और बहुत मुश्किल खड़ी हो गई थी। लेकिन सूर्यकुमार ने काफ़ी हद तक संभाला। पिछले छह से आठ महीने उनके लिए काफ़ी मुश्किल थे, लेकिन उन्होंने समय पर और ज़ोरदार वापसी की।
– सलमान बट

पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव को लेकर बोलते हूए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## रोमैरियो शेफर्ड



7 फरवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गएग्रुप-सी के मुकाबले में वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 35 रनों से हराया। इस मुकाबले में वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज रोमैरियो शेफर्ड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैट्रिक ले ली। टूर्नामेंट के इतिहास में यह 10वीं हैट्रिक रही, जबकि शेफर्ड ऐसा करने वाले नौवें खिलाड़ी बन गए। पैट कमिंस के नाम पर टी20 वर्ल्ड कप में दो हैट्रिक दर्ज हैं। रोमारियो शेफर्ड ने 17वें ओवर में लगातार तीन गेंदों पर मैथ्यू क्रॉस, माइकल लिस्क और ओलिवर डेविडसन को आउट कर यह खास उपलब्धि हासिल की।

**क्या आप जानते हैं ?...रोहित शर्मा ने वनडे में13 नवंबर 2014 को श्रीलंका के खिलाफ 173 गेंदों में खेली गई उनकी 264 रनों की विश्व रिकॉर्ड पारी आज भी वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में बरकरार है।**

## इंग्लैंड की नेपाल पर चार रन से रोमांचक जीत

मुंबई, 08 फरवरी। नेपाल टी-20 विश्वकप का सबसे बड़ा उलटफेर करने के करीब पहुंच गया लेकिन इंग्लैंड ने अंतिम ओवर में धैर्य बनाये रखते हुए टी-20 विश्वकप के पांचवें मुकाबले में रविवार को चार रन से रोमांचक जीत हासिल की। इंग्लैंड ने सात विकेट पर 184 रनों का मजबूत स्कोर बनाया। नेपाल ने लक्ष्य का जबर्दस्त ढंग से पीछा किया लेकिन अंत में छह विकेट पर 180 रन ही बना सका। सैम करन ने बेहतरीन आखिरी ओवर डाला और नेपाल को सिर्फ पांच रन ही बनाने दिये। जबकि 19वें ओवर में नेपाल ने 14 रन बनाये थे। जेकब बेथेल (55) और कप्तान हैरी ब्रूक (53) रनों की अर्धशतकीय शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने 184 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया था। 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल ने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिये। आसिफ शेख (सात) और कुशल भुर्तेल (29) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान रोहित पॉडेल और दीपेंद्र सिंह ऐरी की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिये 82 रन जोड़े। 15वें ओवर में सैम करन ने दीपेंद्र सिंह ऐरी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 29 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 44 रन बनाये।

## सर्विसेज ने आठवां खिताब जीता, फाइनल में केरल को हराया

ढाकुआखाना , 08 फरवरी । सर्विसेज़ ने रविवार को खचाखच भरे ढाकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में संतोष ट्रॉफी 2025-26 के लिए 79वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में केरल को 1-0 से हराया। यह आठवीं बार था जब उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में भारतीय फुटबॉल का पवित्र खिताब जीता। स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने 109वें मिनट में तनावपूर्ण मुकाबले का एकमात्र गोल किया, रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ था। चैंपियनशिप के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार था जब ये दोनों टीमें फाइनल में भिड़ीं। वे आखिरी बार 2012-13 एडिशन के फाइनल में कोच्चि में मिली थीं, जब सर्विसेज ने पेनल्टी शूट-आउट से 4-3 से जीत हासिल की थी, जब रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के आखिर में टीमें एक भी गोल नहीं कर पाई थीं। इस तरह सर्विसेज ने एक बार फिर वही जीत का सिलसिला दोहराया।

## चेन्नई ओपन में भारतीयों की शानदार शुरुआत

चेन्नई, 08 फरवरी । भारतीय खिलाड़ियों ने कोरोमंडल चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर मेन्स इंटरनेशनल टेनिस चैंपियनशिप 2026 में शानदार शुरुआत की, क्योंकि नौ खिलाड़ियों ने रविवार को यहां एसडीएटी स्टेडियम में अपने पहले राउंड के क्वालिफाइंग मैच जीते उनकी जीत का मतलब था कि सोमवार को चार ऑल-इंडियन फाइनल-राउंड क्वालिफाइंग मैच खेले जाएंगे। चौथी सीड नितिन कुमार सिन्हा ने हमवतन ओगेस थेजो जया प्रकाश के खिलाफ एक घंटे और तीन मिनट में 6-4, 6-1 से आसान जीत हासिल की, जबकि छठी सीड इशाक इकबाल ने ग्रेट ब्रिटेन के कार्ल होल्डर पर ठीक एक घंटे में 6-2, 6-0 से शानदार जीत दर्ज की। भारतीय खिलाड़ियों ने बड़े उलटफेर भी किए। साई कार्तिक रेड्डी गंटा, जो एक अल्टरनेट के तौर पर ड्रॉ में आए थे, ने कज़ाकिस्तान के पांचवें सीड ग्रिगोरी लोमाकिन को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया, जबकि 20 साल के लेफ्ट-हैंडर आर्यन लक्ष्मणन ने यूक्रेन के आठवें सीड वादिम कोनोवचुक को 6-2, 6-1 से आसानी से हराया। दिन के सबसे करीबी मैच में, 12वें सीड आदित्य विशाल बालसेकर ने करीब तीन घंटे तक मुकाबला किया, फिर साथी भारतीय लोहितक्षा बत्रिनाथ को 7-6, 4-6, 6-4 से और 10वें सीड आदिल कल्याणपुर ने भी तीन सेट के मुकाबले में हमवतन अथर्व शर्मा को 7-5, 4-6, 6-1 से हराया।

## रातों रात भारत के विश्व कप स्टार बन गए मोहम्मद सिराज

मुंबई, 08 फरवरी। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जर्मनी में एक लंबी छुट्टी और रियल मैड्रिड का मैच देखने के लिए स्पेन जाने का प्लान बनाया था। उन्होंने हैदराबाद में अपने दोस्तों को इस प्लान के बारे में बताया और जब इंडियन टीम के ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स का कॉल आया, तो उन्होंने डिस्टर्ब न करने की रिक्वेस्ट की। मुंबई शुक्रवार रात तक उनके आईपीएल से पहले के प्लान में नहीं था। चौबीस घंटे बाद, वह अमेरिकी टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनलाइकली स्टार के तौर पर उभरे। " फिर अचानक, सूर्या भाई (कप्तान सूर्यकुमार यादव) ने मुझे कॉल किया। उन्होंने कहा, तैयार हो जाओ, अपना बैग पैक करो, और आओ। मैंने कहा, सूर्या भाई, मज़ाक मत करो, क्योंकि ऐसा नहीं होने वाला है।

## न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया

चेन्नई, 08 फरवरी। टिम साइफर्ट (65) और ग्लेन फिलिप्स (42 ) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को टी-20 विश्वकप 2026 के चौथे मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। मुजीब उर रहमान ने दूसरे ही ओवर में फिन ऐलन (एक) और रचिन रविंद्र (शून्य) को आउटकर न्यूजीलैंड को दो झटके दिये। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने टिम साइफर्ट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में राशिद खान ने ग्लेन फिलिप्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया।

# सीएम ने हाफ मैराथन में युवाओं के साथ सेल्फी ली, एलीट विजेताओं की हौसला-अफजाई की

## विदेशी धावक, सेना, पुलिस, अर्धसैनिक बलों के जवानों ने मैराथन में लिया हिस्सा

- मुख्यमंत्री ने विभिन्न श्रेणियों की मैराथन को किया फ्लैग ऑफ, फिनिश लाइन पर धावकों का बढ़ाया हौसला,फिट इंडिया मिशन, टाइगर संरक्षण और अलवर पर्यटन को किया प्रोत्साहित
- मुख्यमंत्री ने पद्म विजेता भपंग वादक गफरूद्दीन मेवाती जोगी का किया सम्मान




अलवर/जयपुर, 8 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में रविवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम से अलवर टाइगर इंटरनेशनल हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा के साथ केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने विभिन्न श्रेणियों की मैराथन को फ्लैग ऑफ किया। इस दौरान मैराथन के ब्रांड एंबेसडर अभिनेता रणदीप हुड्डा भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 21 किलोमीटर हाफ मैराथन एलीट पुरूष एवं महिला वर्ग के विजेताओं की फिनिश लाइन पर हौसला-अफजाई की। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पद्म विजेता भपंग वादक गफरूद्दीन मेवाती जोगी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। मैराथन में 21 किलोमीटर हाफ मैराथन एलीट पुरूष एवं महिला वर्ग, 21 किलोमीटर फोर्स रन, 21 किलोमीटर ओपन हाफ मैराथन, 10 किलोमीटर ओपन मैराथन का आयोजन किया गया। अल सुबह हल्की सर्द हवाओं के बीच हजारों की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों ने पूरे वातावरण को जोश और जुनून से भर दिया। शहरवासियों और युवाओं ने उत्साह और उमंग से मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रतिभागियों का जोश बढ़ाया और अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने युवाओं के साथ सेल्फी भी ली। कार्यक्रम में हेलीकॉप्टर से प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा की गई। उल्लेखनीय है कि अलवर सांसद खेल उत्सव के अंतर्गत इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल 'फिट इंडिया मिशन', टाइगर संरक्षण और अलवर पर्यटन को प्रोत्साहन की थीम पर किया गया। इस मैराथन में विभिन्न देशों के धावकों के साथ-साथ सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों ने भी भाग लिया।

वन्यजीव संरक्षण, फिटनेस और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मैराथन में राजस्थान पर्यटन के साथ देश के चर्चित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स ने भाग लेकर आयोजन को नई ऊर्जा और व्यापक पहचान प्रदान की। इंफ्लुएंसर्स टीम के रूप में दिशु खन्ना, अंजलि अग्रवाल, अखिल कुमार एवं अभिमन्यु सिंह की जोड़ी, वैभव मलिक और संयुक्त निदेशक दिलीप सिंह राठौर ने मैराथन में भाग लिया।

इस अवसर पर इस दौरान कठूमर विधायक रमेश खींची, तिजारा विधायक महन्त बालकनाथ योगी, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव, बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के महानिदेशक सुशील कुमार अवस्थी, अतिरिक्त महानिदेशक वाइल्ड लाइफ रमेश पाण्डे, राज्य के प्रमुख चीफ कंजरवेटर फोरेस्ट पवन कुमार उपाध्याय, अतिरिक्त प्रमुख चीफ कंजरवेटर फोरेस्ट के.सी.ए अरूण प्रसाद, भारतीय सेना के मेजर जनरल दिगेन्द्र प्रताप सिंह, एसएसबी के महा निदेशक संजीव यादव, आईटीबीपी के महानिदेशक संजय, जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी, सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, पूर्व विधायक बनवारीलाल सिंघल, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, बन्नाराम मीणा, मंजीत चौधरी, संदीप दायमा, संजय नरुका, मनीष राव, देशराज खरेरा, पवन यादव, रमेश रावत, मोहित यादव सहित गणमान्य जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, बड़ी संख्या में मैराथन प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## अंडर 23 ट्रॉफी-राजस्थान विजय



जयपुर 8 फरवरी। नागपुर में खेले जा रहे राजस्थान – विधर्भ अंडर 23 मैच को राजस्थान ने 175 रनो से जीता। राजस्थान पहली पारी: 286 आल आउट, विधर्भ पहली पारी : 181 आल आउट, राजस्थान के गेंदबाज गणेश सुथार 17 / 4 , मोहित छांगरा 73 / 4 व अनिरुद्ध सिंह 56 / 2

राजस्थान दूसरी पारी: 171 आल आउट, टीम के लिए चेतन शर्मा 46 , रजत बघेल 31 , मोहित छांगरा 31 व सुमित गोदारा 28 रन।

विधर्भ के गेंदबाज साहिल 76 / 5 व गौरव 46 / 4 विकेट, विधर्भ दूसरी पारी: 101 आल आउट टीम के लिए श्री 23 व संस्कार 23 रन, राजस्थान के गेंदबाज अनिरुद्ध सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए विधर्भ की आधी से अधिक टीम को पवेलियन लौटते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गेंदबाज अनिरुद्ध सिंह 42 / 6 ,मोहित छांगरा 37 / 3 व गणेश सुथार 19 / 1 विकेट

**बीसीसीआई सीनियर वीमेन एक दिवसीय ट्रॉफी में राजस्थान ने अरुणाचल को हराया:** वड़ोदरा में खेली जा रही बीसीसीआई सीनियर वीमेन एक दिवसीय ट्रॉफी के आज खेले गए राजस्थान – अरुणाचल मैच को राजस्थान ने 9 विकेट से जीता। अरुणाचल पारी 58 आल आउट, टीम के लिए पूनम नाबाद 14 व अभी 10 रन, राजस्थान की गेंदबाज शानू 1 / 2 व सुमित्रा जाट , सिद्धि शर्मा , सुमन मीणा , रिंकू टांक , सोनल कलाल प्रत्येक 1 – 1 विकेट। राजस्थान पारी 59 / 1 विकेट,टीम के लिए आयुषी गर्ग 30 व पी एस चौधरी नाबाद 17 रनो का योगदान देते हुए टीम को 9 रनो से शानदार जीत दिलाई।

## गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में नवीनीकृत टेनिस एवं बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन

जयपुर, 8 फरवरी। रेल कार्यों में आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने, टीम भावना विकसित करने तथा दैनिक कार्यों में तनाव को कम करने के उद्देश्य से आज गणपति नगर क्रिकेट ग्राउंड जयपुर में महाप्रबंधक इलेवन एवं मंडल रेल प्रबंधक, जयपुर इलेवन के मध्य मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्रिकेट मैच मुकाबले में महाप्रबंधक इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्री दीपक वर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने उपस्थित अधिकारियों एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आपसी समन्वय मजबूत होता है और सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनता है। उन्होंने सभी अधिकारियों से आव्हान किया कि वे मिल-जुलकर कार्य करते हुए रेलवे के कार्य निष्पादन को और अधिक बेहतर बनाएं। मैच में सभी प्रतिभागियों ने इस आयोजन को प्रेरणादायक बताया।

अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में नवीनीकृत टेनिस एवं बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। इस टेनिस एवं बास्केटबॉल कोर्ट की सुविधा से खिलाड़ियों के साथ साथ रेल कर्मियों, परिवारजनों तथा बच्चों को भी उत्कृष्ट खेल सुविधाएं उपलब्ध होगी। साथ ही यह सुविधा रेलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी विशेष लाभदायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्याएं, उत्तर पश्चिम रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, मुख्यालय एवं जयपुर मंडल के अधिकारी तथा खेल संगठन से जुड़े रेलकर्मी उपस्थित रहे।

## भारत-पाकिस्तान मैच पर लाहौर में तीन पार्टियों की मीटिंग

लाहौर, 08 फरवरी। भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तान के हिस्सा लेने के मुश्किल मुद्दे पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के बीच रविवार को लाहौर में मीटिंग होनी है। मीटिंग में बांग्लादेश के भी शामिल होने की उम्मीद है, जिसे पीसीबी ने बुलाया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं, जिसके लिए आईसीसी के कुछ अधिकारी भी आने वाले हैं। बांग्लादेश का शामिल होना समझना मुश्किल नहीं है, क्योंकि पूरा टी20 विश्व कप का झगड़ा तब शुरू हुआ जब बीसीबी ने लिटन दास की टीम के लिए जगह बदलने की मांग की, यह कहते हुए कि वे भारत में सुरक्षित नहीं हैं। हालांकि आईसीसी ने उस रिक्वेस्ट को ठुकरा दिया और स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश की जगह ले ली।

## तीन साल की लड़ाई के बाद राजस्थान टेबल टेनिस की हुई जीत

### एसोसिएशन को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ से मिली मान्यता




जोधपुर, 8 फरवरी। वर्ष 1956 से प्रदेश में टेबल टेनिस को पहचान दिलाने वाली राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन को आखिरकार तीन वर्षों की लंबी जंग के बाद मान्यता मिल गई है। 28 जनवरी 2026 को हुई भारतीय महासंघ की वार्षिक आम बैठक में राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन को विधिवत मान्यता प्रदान कर दी गई। यह फैसला सिर्फ संस्था की जीत नहीं, बल्कि राजस्थान के सैकड़ों खिलाड़ियों के भविष्य की सुरक्षा भी है-जिन्हें बीते तीन वर्षों से विद्यालय-महाविद्यालय प्रवेश, नौकरी और सरकारी पुरस्कारों से वंचित रखा जा रहा था।

राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन के नाम है कई उपलब्धियां: राजस्थान टेबल टेनिस एसोसिएशन वर्ष 1956 से लगातार प्रदेश में खेल गतिविधियां संचालित कर रही है। जयपुर में कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कर संस्था ने देश का नाम रोशन किया। अजमेर में स्थापित अकादमी से निकले अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे। राजस्थान से 25 अंतरराष्ट्रीय अंपायर, दो अंतरराष्ट्रीय निर्णायक और अनेक तकनीकी अधिकारी तैयार हुए-यह सब इसी संस्था की वर्षों की मेहनत का परिणाम है।

निजी लाभ के लिए खड़ा किया गया था समानांतर संगठन वर्ष 2022 में भारतीय महासंघ की जिम्मेदारी संभालने के बाद कमलेश मेहता पर आरोप है कि उन्होंने द्वेष भावना से राजस्थान में एक अलग समानांतर संस्था खड़ी कर दी। निर्वाचित और मान्यता प्राप्त संस्था को दरकिनार कर बिना चुनाव प्रक्रिया, बिना बैंक खाते और बिना खेल अधिनियम का पालन किए नया संगठन चलाया गया। इसका सीधा खामियाजा खिलाड़ियों को भुगतना पड़ा- विद्यालय व महाविद्यालय प्रवेश रुके। सरकारी पुरस्कार और अनुदान बंद हुए। नौकरी के अवसर खत्म हुए। करीब डेढ़ करोड़ रुपये का सामूहिक नुकसान हुआ। कई वरिष्ठ खिलाड़ियों ने खेल छोड़ दिया नए खिलाड़ी दूसरे खेलों की ओर चले गए। यह सब अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया-ऐसा संस्था का आरोप है।

## राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की अकादमियों/बालिका खेल संस्थानों की चयन ट्रायल

### बालक व बालिका फुटबॉल में आज होगा स्किल टेस्ट



**जयपुर, 8 फ़रवरी।** रविवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा आयोजित की जा रही अकादमियों/बालिका खेल संस्थानों की चयन ट्रायल के अंतर्गत फुटबॉल में कुल 437 खिलाड़ियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। जिसमें बालिका फुटबाल अकादमी-कोटा व बालिका खेल संस्थान-फुटबाल, जयपुर के लिए 130, बालक फुटबाल अकादमी-जोधपुर के लिए 184, बालक फुटबाल अकादमी, (प्रस्तावित)-कोलिड़ा, सीकर के लिए 88 एवं बालक फुटबाल अकादमी (प्रस्तावित)-बांसवाड़ा के लिए 35 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन एवं मेडिकल के बाद बैटरी टेस्ट लिया गया। वही 166 बास्केटबॉल खिलाड़ियों का स्किल टेस्ट लिया गया। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की सचिव श्रीमती नीतू बारूपाल ने बताया कि सोमवार को बालिका फुटबाल अकादमी-कोटा, बालक फुटबाल अकादमी-जोधपुर, बालिका खेल संस्थान फुटबाल-जयपुर, बालक फुटबाल अकादमी,(प्रस्तावित)-कोलिड़ा, सीकर, बालक फुटबाल अकादमी (प्रस्तावित)-बांसवाड़ा के लिए स्किल टेस्ट होगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को ही बालक वॉलीबाल अकादमी - झुंझुनूं,, बालिका वॉलीबाल अकादमी-जयपुर, आवासीय बालिका खेल संस्थान-जयपुर-बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग एवं आवासीय बालिका खेल संस्थान (प्रस्तावित)- उदयपुर-जूडो के खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन और मेडिकल करवाने के बाद बैटरी टेस्ट लिया जायेगा।

## ऑप्टिमस अचीवर्स ने जीता द लीला महाराजा सवाई मानसिंह पोलो कप




जयपुर, 8 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर द लीला महाराजा सवाई मान सिंह पोलो कप (08 गोल्स) का फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में टीम ऑप्टिमस अचीवर्स ने 7-5 के स्कोर से वी पोलो को हराकर कप अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का खिताब विवान मेहता ने जीता। विजेता टीम ऑप्टिमस अचीवर्स से डेनियल ओटामेंडी, ध्रुवपाल गोदारा और आर्यमान सिंह प्रत्येक ने 2-2-2 गोल हासिल किए। वहीं, शमशीर अली ने 1 गोल किया। दूसरी टीम वी पोलो से सैंटियागो मारम्बियो ने 4 गोल और सलीम आजमी ने 1 गोल किया। टीम से विवान मेहता और अंगद कलान भी खेले।

**लीला पोलो कप एग्जीबिशन मैच:** राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर रविवार को एक एग्जीबिशन मैच लीला पोलो कप भी खेला गया। यह मुकाबला लीला पैलेस जयपुर और जिंदल पोलो के बीच आयोजित हुआ, जिसमें टीम लीला पैलेस जयपुर विजेता बनकर उभरी। टीम ने जिंदल पोलो को 4-3 के स्कोर से पराजित किया।

लीला पैलेस जयपुर से एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह और राव हिम्मत सिंह बेदला ने 2-2 गोल किए। टीम में मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे और प्रताप सिंह कानोता भी शामिल थे। वहीं, जिंदल पोलो से मैक्स चार्ल्टन ने 2 गोल और सिद्धांत शर्मा ने 1 गोल किया। टीम के लिए शुभम गुप्ता और वैंकटेश जिंदल भी खेले।

## खेल प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने में सशक्त माध्यम बनी पंच गौरव योजना

**जयपुर, 08 फरवरी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा की अनुपालना में जयपुर में जिला प्रशासन द्वारा पंच गौरव योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जा रहा है। पंच गौरव योजना के अंतर्गत एक जिला-एक खेल के रूप में कबड्डी को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा जिले में योजना की प्रगति की सतत समीक्षा करते हुए खेल गतिविधियों को निरंतर गति प्रदान की जा रही है। यही कारण है कि जयपुर जिले के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में आज कबड्डी की गूंज सुनाई दे रही है। पंच गौरव योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में खेल संस्कृति को नया आयाम मिला है और ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक युवा प्रतिभाएं कबड्डी के मैदानों में अपना हुनर निखार रही हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में कबड्डी को बढ़ावा देते हुए जिला प्रशासन जयपुर द्वारा युवाओं की प्रतिभाओं को तलाशने एवं तराशने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## के एल सैनी ''ए'' डिवीजन लीग
## राजीव गांधी क्लब ने सबा क्लब को हराया

जयपुर 08 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित व वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए मैच में राजीव गांधी क्रिकेट क्लब ने सबा क्रिकेट क्लब को 17 रनो से हराया।




आज प्रात: सबा क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले राजीव गांधी क्रिकेट क्लब को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया । राजीव गांधी क्रिकेट क्लब ने मनय कटारिया के35 रन, राजवीर सिंह 29 रन, रक्षित लुणावत के 95 रन, शिफॉन खान के 47 रन, मनीष गोस्वामी के 22 रन व श्याम सुंदर के 34 रनो से 50 ओवर में 9 विकेट पर 285 रन बनाए। सबा क्लब के लिए सुमित भगेरिया ने 29 पर 2, गौरव सालवी ने 59 पर 2, मोहित भगतानी ने 42 पर 2, दक्ष जैन व मिहित अग्रवाल ने एक - एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में सबा क्लब की टीम सिद्धांत शर्मा के 74 रन, तुषार चौधरी के 49 रन, मोहित भगतानी के 37 रन, वंश धीरवानी के 22 रनो से 49 ओवर में 268 रन बनाकर आउट हो गई । राजीव गांधी क्रिकेट क्लब के लिए सौरभ यादव 57 पर 3, राजवीर सिंह ने 47 पर 2, मनय कटारिया ने 53 पर 2, राहुल चौधरी व आयुष गुर्जर ने एक - एक विकेट लिया।

# ग्राम उत्थान शिविर में पात्रों के कार्यों का त्वरित निस्तारण हो रहा है- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने रामगढ़ (अलवर) के ग्राम बहाला में शिविर को संबोधित किया

अलवर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसान, श्रमिक और पशुपालकों सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के हर गिरदावर सर्किल पर ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

- **मुख्यमंत्री ने रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह की मांग पर रामगढ़ में मिनी सचिवालय बनाने की घोषणा की।**
- **मुख्यमंत्री ने अतिथियों के साथ शिविर में 12 विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया, लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र बांटे तथा चार विशेष योग्यजनों को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर सौंपी।**

इन शिविरों के माध्यम से सरकार स्वयं ही पात्र लाभान्वितों तक पहुंच रही है और संबंधित कार्यों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लेने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को रामगढ़ के ग्राम बहाला में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अलवर शहर के लिए 152 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बुनियादी ढ ांचे और नागरिक सुविधाओं से जुड़े लोकार्पण और शिलान्यास कार्य शामिल हैं। उन्होंने रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह की मांग पर रामगढ में मिनी सचिवालय बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक 1800 से ज्यादा ग्राम उत्थान शिविर लगाकर ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने पशुपालकों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना प्रारंभ की है। महिलाओं को संबल प्रदान करने के दृष्टिगत दूध पर 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को 9 हजार रुपये की राशि दे रही है।

केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से डेयरी, फार्म पौण्ड, सौर ऊर्जा आदि के कार्य सुगमता से हो रहे हैं। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विगत दो वर्षों में अलवर को विशेष तरजीह देते हुए विकास की अनेक सौगातें दी गई है।

मुख्यमंत्री शर्मा एवं अतिथियों ने ग्राम उत्थान शिविर में 12 विभागों की स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र तथा 4 विशेष योग्यजनों को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर सौंपी। उन्होंने कृषि, उद्यान, सहकारिता, कृषि विपणन, पशुपालन, मत्स्य, पंचायती राज, जयपुर विद्युत वितरण निगम लि., उद्योग, सरस डेयरी एवं जल संसाधन विभाग द्वारा लगाई गई विभागीय योजनाओं की स्टॉल्स का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अलवर में रामगढ़ के ग्राम बहाला में आयोजित ग्राम उत्थान शिविर को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।*

## अजित पवार की अस्थियां संगम में प्रवाहित

प्रयागराज, 08 फरवरी। महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में प्रवाहित की गईं। उनके पुत्र जय पवार ने विधि-विधान से अस्थि विसर्जन किया। इस दौरान परिवार के सदस्य और पार्टी कार्यकर्ता माजूद थे।

प्रयागराज में जय पवार अपने पिता की अस्थियों का कलश लेकर नंगे पैर एयरपोर्ट से बाहर आए। एयरपोर्ट से संगम तक लंबा काफिला घाट पहुंचा, जहां भाजपा और राकांपा के कई नेता भी मौजूद थे। राकांपा की युवा इकाई, राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'अस्थि कलश यात्रा' निकाली गई थी। 12 राज्यों से गुजरने के बाद यात्रा का समापन संगम में परिवार की उपस्थिति में हुआ।

गौरतलब है कि 28 जनवरी को बारामती एयरपोर्ट पर एक चार्टर्ड विमान दुर्घटना में अजित पवार का निधन हो गया था। हादसे में दो पायलट, एक महिला क्रू मेंबर और एक सुरक्षाकर्मी समेत कुल पांच लोगों की मौत हुई थी। विमान लैंडिंग से पहले रनवे पर गिरकर आग की चपेट में आ गया था।

# कोटा हादसा: रेस्टोरेंट संचालक व बिल्डिंग मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

## हादसे में दो की मृत्यु हो चुकी है व कुछ घायलों की स्थिति गंभीर है

कोटा, (निसं)। कोटा में शनिवार देर रात एक रेस्टोरेंट की बिल्डिंग अचानक भरभराकर गिर गई थी। इस दर्दनाक हादसे में एक कोचिंग छात्र एवं एक बालक की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में से कुछ जनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

हादसे को लेकर पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा ने बताया कि रेस्टोरेंट कर्मचारी की शिकायत पर हादसे वाली बिल्डिंग के पास वाले मुरादाबादी रेस्टोरेंट संचालक और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

- **हादसे में मरने वालों में पश्चिम बंगाल निवासी कोचिंग छात्र अनारन्या कर्माकर तथा एक नाबालिग बालक है।**

जानकारी के अनुसार हादसे में कोचिंग छात्र, पश्चिम बंगाल निवासी अनारन्या कर्माकर सहित एक नाबालिग बालक की मौत हो गई है। मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आशुतोष शर्मा ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है। डॉ. शर्मा ने बताया कि अस्पताल में कुल 11 लोगों को लाया गया था जिनमें से एक छात्र को मृत घोषित कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि शुरुआती जानकारी में कई लोग घायल बताए जा रहे थे, लेकिन मलबे से निकाले जाने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई। देर रात एक और की मौत की खबर ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी। रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। घायलों में से कुछ की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। वही घटना को लेकर जिला प्रशासन सर्तक हो गया है, संभागीय आयुक्त ने रविवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये हैं। संभागीय आयुक्त ने बैठक में कहा कि इलाके में सर्वे कराया जाये और अगर कोई अपने मकान को तोड़ता है तो उसके पहले निगम से स्वीकृति प्राप्त करे। वहीं नगर निगम प्रशासन ने भी अवैध भवन निर्माण को लेकर कार्रवाइयां शुरू कर दी है।

# ट्रेड डील में भारत की संप्रभुता से कोई समझौता नहीं- पीयूष गोयल

## उन्होंने दावा किया कि कृषि में किसानों व उत्पादकों के हितों का सौ प्रतिशत ध्यान रखा गया है

नई दिल्ली, 08 फरवरी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चर्चाएं तेज हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इस डील को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब दिया। गोयल ने उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि भारत ने इस समझौते में अपनी संप्रभुता से समझौता किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें करने वाले लोग अज्ञानी हैं। यह ट्रेड डील एक लेबर ऑफ लव है।

- **वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कच्चा तेल व एलएनजी के बारे में कहा कि कौन कहां से क्या खरीदेगा यह फैसला कंपनियां करती हैं। व्यापार समझौते का काम व्यापार के रास्ते को आसान बनाना है।**

पीयूष गोयल ने कहा कि कृषि के मामले में भारत के किसानों और उत्पादकों के हितों का 100 प्रतिशत ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि भारत ने मांस, पोल्ट्री, जीएम फूड्स या उनके उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी है। इसके अलावा सोया मील, मक्का, चावल, गेहूं जैसे अनाज और ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों पर भी कोई छूट नहीं दी गई है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में पैदा होने वाले फल जैसे केला, स्ट्रॉबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग जैसी दालें, तिलहन, मूंगफली और शहद जैसे उत्पादों पर भी कोई समझौता नहीं किया गया है। ये सभी उत्पाद भारत के लिए संवेदनशील हैं और इनके मामले में कोई नरमी नहीं बरती गई है।

अमेरिका से कच्चा तेल या एलएनजी खरीदने के सवाल पर गोयल ने कहा कि यह भारत के अपने रणनीतिक हितों में है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कौन कहां से क्या खरीदेगा, यह फैसला कंपनियां खुद लेती हैं। व्यापार समझौते का काम व्यापार के रास्ते को आसान बनाना है।

पीयूष गोयल ने बताया कि किसी भी देश के साथ व्यापार समझौते की बातचीत बहुत गहन और विस्तृत होती है। इसमें हर एक चीज पर बारीकी से बात की जाती है और भविष्य को ध्यान में रखकर फैसले लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत धैर्य का काम है और इसे कभी भी जल्दबाजी में नहीं करना चाहिए। इसीलिए मैं हमेशा कहता हूं कि हमें गति रखनी चाहिए, जल्दबाजी नहीं।

## 'हमारी पार्टी के दबाव में भाजपा ने मराठी मेयर चुना'

मुंबई, 08 फरवरी। शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि बीएमसी चुनाव में उनकी पार्टी और मनसे को मराठी लोगों की ओर से मिले भारी समर्थन के कारण ही भाजपा को मुंबई के लिए एक मराठी मेयर चुनना पड़ा। शनिवार को संघ के शताब्दी समारोह में फिल्म अभिनेता सलमान खान को मोहन भागवत से बातचीत करते देखा गया। रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने इसे लेकर संघ पर निशाना साधा।

राज्यसभा सदस्य राउत ने पूछा, क्या यह बॉलीवुड स्टार सलमान खान का स्वागत था या संघ और उसकी शाखाओं में मुसलमानों का भी स्वागत है? उन्होंने आरोप लगाया कि जिस तरह से हिंदू-मुस्लिम नफरत और बदले की भावना वाला प्रोपेगेंडा फैलाया जा रहा है। संघ भी इसका हिस्सा है, ऐसे में भागवत को इस बारे में साफ करना चाहिए था।

भाजपा द्वारा मुंबई मेयर पद के लिए रितु तावड़े (53) को नामांकित करने पर संजय राउत ने कहा कि वह मूल रूप से कांग्रेस की हैं।

# केन्द्र सरकार के वकीलों की फीस 11 साल बाद बढ़ी

## आखिरी बार केन्द्र सरकार के वकीलों की फीस में बढ़ोतरी अक्टूबर 2015 में हुई थी

नई दिल्ली, 08 फरवरी। केंद्र सरकार का अदालतों में पक्ष रखने वाले वकीलों के लिए अच्छी खबर है। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने देशभर की अदालतों में सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों की फीस बढ़ ा दी है। यह बढ़ ोतरी करीब 11 साल के लंबे इंतजार के बाद की गई है। इस फैसले से उन हजारों वकीलों को फायदा होगा जो केंद्र सरकार के लिए काम करते हैं। कानून मंत्रालय के कानूनी मामलों के विभाग ने 5 फरवरी को एक अधिसूचना जारी की। इसमें वकीलों की बढ़ ी हुई फीस की जानकारी दी गई है। यह फैसला लंबे समय से लंबित था और वकील इसकी मांग कर रहे थे।

- **कानून मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार अब ग्रुप ए के वकीलों को 21,600 रुपए प्रति केस, ग्रुप बी तथा ग्रुप सी के वकीलों को 14,400 रुपए प्रति केस भुगतान किया जायेगा।**

नई अधिसूचना के अनुसार, ग्रुप ए के वकील, जो नियमित अपील और अंतिम सुनवाई वाले मामलों में पेश होंगे, उन्हें अब प्रति केस प्रति दिन 21,600 रुपये मिलेंगे। वहीं, ग्रुप बी और सी के वकीलों को 14,400 रुपये का भुगतान किया जाएगा। इससे पहले ग्रुप ए के वकीलों को 13,500 रुपये और ग्रुप बी और सी के वकीलों को 9,000 रुपये मिलते थे। सरकारी वकीलों की फीस में आखिरी बार अक्टूबर 2015 में बदलाव किया गया था। इसके अलावा, अन्य श्रेणियों के मामलों और मंत्रालयों के साथ बैठक करने की फीस भी बढ़ ाई गई है।

लॉ कमीशन ऑफ इंडिया की सदस्य सचिव अंजू राठी राणा ने एक्स पर लिखा, केंद्र सरकार के वकीलों के लिए फीस में संशोधन की अधिसूचना अब लागू हो गई है। सभी वकीलों को बधाई। यह एक दशक से भी ज्यादा समय से लंबित था। उन्होंने कहा कि अदालतों में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रतिभाशाली वकीलों को बनाए रखने के लिए यह बढ़ ोतरी बहुत जरूरी थी। बता दें कि अटार्नी जनरल और सालिसिटर जनरल जैसे विधि अधिकारियों के अलावा केंद्र सरकार कानूनी सलाहकारों के रूप में भी वकीलों को नियुक्त करती है।

## बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नवंबर 2006 के मध्य तक होना था।

इस अराजकता के चलते एक सैन्य समर्थित 'कार्यवाहक' सरकार सत्ता में आई, जिस पर आरोप लगे कि सरकार मूलभूत स्वतन्त्रताओं में कटौती कर रही है, तथा ज़िया और हसीना को अलग रखते हुये, किसी अन्य राजनैतिक विकल्प की तलाश में है। अंततः 2008 में चुनाव हुए, जिनमें अवामी लीग विजयी रही।

तारिक़ रहमान को मई 2007 में केयरटेकर सरकार ने गिरफ़्तार किया था। उन्हें विभिन्न आरोपों में 17 महीने तक हिरासत में रखा गया। मनी लॉन्ड्रिंग सहित कई मामलों में, और शेख़ हसीना की हत्या की कथित साज़िश से जुडे एक मामले में, उन्हें उनकी अनुपस्थिति में दोषी ठहराया गया था। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के ज़रिये हसीना सरकार के हटने के बाद, ये फ़ैसले पलट दिए गए।

हिरासत में कथित यातना के बाद, वे इलाज के लिए लंदन चले गए थे।

उनकी वापसी ऐसे समय में हुई है, जब देश चौराहे पर खड़ा है। उन्होंने स्वयं को और बीएनपी को "लोकतंत्र का पक्षधर" बताया है।

उन्होंने कहा, "सिर्फ़ लोकतंत्र ही हमें बचा सकता है... और आप लोग, यानी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का हर एक सदस्य उस लोकतंत्र की नींव को मज़बूत कर सकता है।"

## दलाई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फाइल्स को लेकर सोशल मीडिया पर कई नामों को बिना पुख्ता सबूत के जोड़ा जा रहा है, जिससे भ्रम और अफवाहें फैल रही हैं। दलाई लामा कार्यालय का यह स्पष्टीकरण ऐसे ही सभी दावों पर स्पष्ट और अंतिम जवाब माना जा रहा है।

## नोएडा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बांसवाड़ा, राजस्थान, वर्तमान पता सी-28, सिग्मा-2,तथा चंद किरण पुत्र गजे सिंह प्रजापति, निवासी ऐच्छर, के रूप में हुई है।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि धर्म परिवर्तन से जुड़े किसी भी अवैध कृत्य पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और मामले की गहन जांच जारी है।

# जापान की सत्तारुढ़ पार्टी को संसदीय चुनाव में भारी बहुमत की आशा

टोक्यो, 08 फरवरी। जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) रविवार के संसदीय चुनाव में बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। एनएचके प्रोजेक्शन्स के एग्जिट पोल में यह दावा किया गया है।

- **एग्ज़िट पोल ने प्रधानमंत्री ताकाइची की पार्टी को 274 से 328 सीटें दी हैं, जबकि वर्तमान के उसके पास 198 सीटें ही हैं।**

सार्वजनिक प्रसारक एनएचके के अनुमान के अनुसार, एलडीपी को 274 से 328 सीटें मिलने की संभावना है, जिससे पार्टी अपनी मौजूदा 198 सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी।

यदि एलडीपी 310 या उससे अधिक सीटें हासिल करती है, तो वह अकेले ही निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर सकती है। इससे एलडीपी के नेतृत्व वाला गठबंधन ऊपरी सदन में बहुमत न होने की स्थिति में भी प्रमुख विधेयकों और बजट से जुड़े फैसलों को निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत के आधार पर पारित कराने में सक्षम होगा। इस गठबंधन में जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी) भी शामिल है। एनएचके के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन को कुल मिलाकर 302 से 366 सीटें मिलने का अनुमान है, जो 261 सीटों की उस सीमा से काफी अधिक है, जिसे सुपर बहुमत माना जाता है। इस स्थिति में गठबंधन को निचले सदन की सभी 17 स्थायी समितियों की अध्यक्षता का अधिकार भी मिलेगा।

वहीं, कंस्टीट्यूशनल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ जापान (सीडीपी) और कोमीतो के विलय से बने विपक्षी सेंट्रल रिफॉर्म गठबंधन (सीआरए) को भारी नुकसान होता दिख रहा है। गठबंधन की सीटें घटकर 37 से 91 के बीच सिमट सकती हैं। इस पराजय के बाद सीआरए के सह-नेता योशिहिको नोदा के इस्तीफे की अटकलें भी तेज हो गई हैं, जिन्होंने नई पार्टी के लिए अपना राजनीतिक भविष्य दांव पर लगाया था।

## नक्सलवाद उन्मूलन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

31 मार्च से पहले रणनीतिक दृष्टि से आखिरी बड़ी बैठक हो सकती है।

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा, सभी नक्सल प्रभावित राज्यों के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) सहित केंद्र और राज्य स्तर के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि नक्सलवाद के खात्मे की यह डेडलाइन स्वयं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा घोषित की गई थी।

इसके बाद से छत्तीसगढ़ सहित अन्य नक्सल प्रभावित राज्यों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

बैठक के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा, जो छत्तीसगढ़ कभी नक्सली हिंसा का गढ़ था, भाजपा की डबल इंजन सरकार में विकास का पर्याय बन चुका है।

यहां के युवा स्पोर्ट्स, फॉरेंसिक व टेक्निकल एजुकेशन को गति देते हुए अपनी संस्कृति व परंपराओं को भी सहेज रहे हैं। आज रायपुर में छत्तीसगढ़ में विभिन्न विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक की।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी बैठक को नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कदम बताते हुए कहा, माननीय केंद्रीय गृह मंत्री जी, आपकी अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में आयोजित एलडब्ल्यूई सुरक्षा समीक्षा बैठक नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक प्रगति का सशक्त संकेत है।

# रुस के बड़े नेताओं से मिलने की लगातार कोशिश कर रहा था एपस्टीन

वॉशिंगटन, 08 फरवरी। यह जून 2018 की बात है। तब रूस के संयुक्त राष्ट्र में राजदूत विटाली चुर्किन की अचानक मौत हो गई थी। यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन पहले न्यूयॉर्क में उनसे अक्सर मिलता था और उसने चुर्किन के बेटे मैक्सिम को न्यूयॉर्क में एक कंपनी में नौकरी दिलाने में मदद करने की पेशकश की थी।

- **अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी दस्तावेजों के अनुसार, 2018 में एपस्टीन ने पुतिन व विदेश मंत्री लावरोव से मिलने का बहुत प्रयास किया।**

अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जारी नए दस्तावेजों में यह दावा करते हुए कहा गया है कि एपस्टीन रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से बात करना चाहता था। 24 जून 2018 को एपस्टीन ने नॉर्वे के नेता थोरब्योर्न जगलैंड को ईमेल किया और लिखा कि आप पुतिन से कह सकते हैं कि लावरोव मुझसे बात कर सकते हैं, क्योंकि पहले यह काम विटाली चुर्किन किया करते थे, लेकिन अब वह मर गए हैं।जगलैंड ने जवाब दिया कि वह अगले सोमवार लावरोव के सहायक से मिलेंगे और यह सुझाव देंगे।

एपस्टीन ने जवाब दिया, चुर्किन बहुत अच्छे थे। हमारी बातचीत के बाद उन्होंने ट्रंप को समझ लिया था। इसमें कोई जटिलता नहीं है। उन्हें दिखना चाहिए कि उन्होंने कुछ हासिल किया, बस इतनी सी बात है।

पहले पता चला था कि एपस्टीन रूस और पूर्वी यूरोप के अन्य हिस्सों से मॉडल खोजने में रुचि रखते थे। वहीं अब हाल ही में जारी हुए दस्तावेज बताते हैं कि उन्होंने रूस के उच्च अधिकारियों से कई बार मिलने या बात करने की कोशिश की, जिनमें पुतिन भी शामिल हैं। हाल ही में जारी हुए नए दस्तावेजों ने उनके इरादों पर नई अटकलें पैदा कर दी हैं। इन नए दस्तावेजों में एपस्टीन की अंतरराष्ट्रीय नेताओं और रूस के अधिकारियों से बातचीत दिखाई गई है।

# फाजिल्का का अमृतपाल 8 माह बाद पाकिस्तान जेल से घर लौटेगा

## सरहदी गांव का यह किसान 21 जून 2025 को अनजाने में सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गया था

नई दिल्ली, 08 फ़रवरी। फाजिल्का सेक्टर के किसान अमृतपाल की जल्द रिहाई की खबर सामने आ रही है। सरहदी गांव खैरेके उताड़ का किसान अमृतपाल 21 जून, 2025 को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पाकिस्तान पहुंच गया था।

- **अमृतपाल के पिता के अनुसार, अमृतपाल खेत में चूहों को बेहोश करने वाली दवा का छिड़काव कर रहा था। दवा के कारण उसे चक्कर आ गया और वह बेहोशी की हालत में गलती से पाक सीमा के पार चला गया।**
- **उसकी सजा पूरी हो चुकी है तथा कागजी कार्रवाही पूरी होने के बाद किसी भी समय उसे बीएसएफ के हवाले किया जा सकता है।**

किसान के पिता जगराज सिंह के अनुसार, अमृतपाल खेत में चूहों को बेहोश करने वाली दवा का छिड़काव कर रहा था। दवा के असर और उसके बाद चाय पीने की वजह से उसे चक्कर आने लगे और बेहोशी की हालत में वह गलती से पाक सीमा में दाखिल हो गया। वहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में लेकर कंगनपुर के अस्पताल में दाखिल कराया था। बीते दिन पाकिस्तान की जेल में बंद पंजाब के 7 लोगों की सजा पूरी होने के बाद रिहाई की गई है। जगराज सिंह के अनुसार किसी भी समय अमृतपाल की रिहाई हो सकती है। पाकिस्तानी पुलिस ने बॉर्डर क्रॉसिंग का केस दर्ज कर अमृतपाल को अदालत में पेश किया था। पाक की अदालत ने अमृतपाल को एक महीने के कारावास और 50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी, जो अब पूरी हो चुकी है। पाकिस्तानी वकील सुहैल अंसारी अमृतपाल का केस निःशुल्क लड़ रहे हैं। उन्होंने हाल ही में किसान से जेल में मुलाकात कर उनका एक 15 सेकेंड का वीडियो परिवार को भेजा था, जिसमें अमृतपाल ने खुद के बिल्कुल ठीक होने की बात कही थी। ताजा घटनाक्रम के अनुसार, कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद किसी भी समय उसे बीएसएफ के हवाले किया जा सकता है, जिससे उसके परिवार का लंबा इंतजार खत्म होगा।

## दिल्ली के फ्लाई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की आशंका है। कार में संदिग्ध हालत में एक महिला और दो पुरुषों के शव मिले हैं। जिन लोगों के शव मिले, उनकी पहचान रणधीर सिंह (60 वर्ष), लक्ष्मी सिंह (40 वर्ष) और शिव नारायण (46 वर्ष) के रूप में हुई है।

डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया, "मृतकों की पहचान कर ली गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं।"

# कर्नाटक : निजी जेट विमान की खेत में आपात लैंडिंग

विजयपुर (कर्नाटक), 08 फ़रवरी। कर्नाटक के विजयपुर जिले के बबलश्वर तालुका अंतर्गत मंगलूरु गांव में रविवार को एक निजी जेट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हादसा उस समय हुआ, जब विमान आपात स्थिति में खेत में उतरने का प्रयास कर रहा था। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा सेसना 172 टैंगो चार्ली मॉडल का 'रेड बर्ड' निजी विमान उड़ान के दौरान ईंधन समाप्त हो जाने के कारण संतुलन खो बैठा। पायलट ने स्थिति को संभालने के लिए खेत में आपात लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन विमान अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है, हालांकि विमान में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है और चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही बबलश्वर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित कर जांच शुरू की। विमान दुर्घटना के कारणों, ईंधन आपूर्ति और तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जांच की जा रही है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908